# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 11 मार्च 2026






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH:** RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.


एआई फोटो


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## ईरान को बायपास कर यूएई-ओमान बना सकते हैं नया होर्मुज स्ट्रेट

# तो... 'तेल का खेल' ही पलट जाएगा

**यह कैसे होगा?**

काटने पड़ेंगे 60 मील लंबी चट्टानों वाले पर्वत, इस पर खर्च होंगे करीब 200 अरब डॉलर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**अलग खबर**

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एशिया के कई देशों के लिए रणनीतिक और सामरिक रूप से सबसे अहम जलमार्ग है। दुनिया का लगभग पांचवें हिस्से का कच्चा तेल इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है और अलग-अलग देशों तक पहुंचता है। फिर इस तेल की रिफाइनिंग होती है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का असलियत में 11 किलोमीटर चौड़ा जलमार्ग ही कई देशों के लिए ईंधन ▸▸ शेष पेज 4 पर

### चट्टानें लगभग 9 से 10 करोड़ साल पुरानी

यूएई और ओमान के बीच जो जमीन है, वहां ऊंची और कठोर चट्टानों वाली हजर पर्वत श्रृंखला फैली हुई है। इस इलाके में समुद्र से समुद्र तक नहर बनाने का मतलब होगा सैकड़ों किलोमीटर लंबी खुदाई और पहाड़ों को काटना। यह इंजीनियरिंग की दृष्टि से बेहद कठिन और खर्चीला प्रोजेक्ट होगा। अगर यहां नहर बनानी हो तो सिर्फ जमीन काटनी ही नहीं पड़ेगी, बल्कि कई जगह ऊंचे पहाड़ों को भी काटना होगा, जिसकी ऊंचाई कई सौ मीटर तक है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार इस इलाके की चट्टानें लगभग 9 से 10 करोड़ साल पुरानी मानी जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसमें नहर बनाने के लिए ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

### कुल उपयोग का रास्ता लगभग 11 किमी

गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जहां सबसे संकरा है वहां उसकी चौड़ाई लगभग मात्र 39 किलोमीटर रह जाती है। यह ईरान और ओमान के बीच का सबसे तंग हिस्सा है। जहाजों के चलने वाले असली रास्ते के लिए यहां ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम लागू है। इसके तहत आने वाले जहाजों को 2 मील चौड़ा रास्ता चाहिए, जबकि जाने वाले जहाजों को भी 2 मील चौड़ा रास्ता चाहिए और इन दोनों जहाजों के बीच 2 मील का गैप होता है। यानी, कुल उपयोगी रास्ता सिर्फ 6 मील (लगभग 11 किलोमीटर) का है। बाकी चौड़ाई में बड़े टैंकर ▸▸ शेष पेज 4 पर

**एक और विकल्प है?**

### अबु धाबी से सोहार तक नहर बना दी जाए

एक और विकल्प है। क्यों न यूएई की ओर से अबु धाबी और ओमान की ओर से सोहार तक नहर बनाया जाए और दो सागरों को जोड़ दिया जाए। इससे जहाज सीधे फारस की खाड़ी से निकलकर अरब सागर में पहुंच सकते हैं और स्ट्रेट ऑफ होरमजु को बायपास किया जा सकता है। अबु धाबी और सोहार के बीच सीधी दूरी लगभग 300–350 किमी के आसपास पड़ती है। अगर जहाजों के लिए नहर बनानी हो तो उसे चौड़ा, गहरा और सुरक्षित बनाना पड़ेगा। इतनी ▸▸ शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**

### मैहर के शारदा मेले में वीआईपी दर्शन पर रोक



**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध शारदा मेले को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मां शारदा देवी मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में इस बार सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त फैसले लिए गए हैं। तय किया गया कि मेले के दौरान वीआईपी दर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। ताकि आम श्रद्धालुओं को बिना भेदभाव के सुगमता से दर्शन मिल सके।

### नहर में डूबे नाबालिग का 45 घंटे बाद शव मिला



**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरमारी गांव से निकली बाणसागर परियोजना की पुरवा नहर में डूबे दो नाबालिग बच्चों में से एक का शव लगभग 45 घंटे बाद मंगलवार सुबह बरामद कर लिया गया। दूसरे बच्चे की तलाश जारी है। बच्चे रविवार को पुरवा नहर में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान वे तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया।

### एयरलाइंस ने फ्लाइट्स का किराया 15% बढ़ाया



**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब सीधे आम आदमी की जेब पर भी पड़ते दिखाई दे रहा है। भारतीय एयरलांइस ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15% की बढ़ोतरी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती जंग और होर्मुज रूट प्रभावित होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों और जेट फ्यूल के दाम में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

## कैबिनेट बैठक : मोहन सरकार का युवाओं के लिए बड़ा फैसला

# इंटर्नशिप में 'हर महीने' मिलेंगे 10 हजार, हर ब्लॉक से 15 युवा जोड़ेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

*इस योजना को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान के माध्यम से संचालित किया जाएगा*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में युवाओं के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया। बैठक में नई योजना यंग इंटर्नस फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम को मंजूरी दी गई। इसके तहत युवाओं को इंटर्नशिप के लिए प्रति माह 10 हजार रुपए दिए जाएंगे।

योजना को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसमें युवाओं को ब्लॉक स्तर पर सरकार की योजनाओं का जमीन स्तर पर इम्पैक्ट और क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी को एकत्रित करना होगा। इसमें 4,865 युवा इंटर्न के रुप में काम करेंगे। प्रारंभ में हर ब्लॉक से 15 युवाओं को योजना से जोड़ा जाएगा। सरकार द्वारा जनता के लिए कई तरह की स्कीम और सरकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को इन योजनाओं की जमीनी हकीकत पता करनी होगी। ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक में निर्देशित करते हुए

**कैबिनेट ने दी मुख्यमंत्री यंग इंटर्नस फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम को मंजूरी**

» *4865 इंटर्न के रूप में करेंगे काम*

» *एक साल के लिए होगा एग्रीमेंट 3 साल तक की रहेगी निरंतरता*

### डिजिटलाइजेशन के माध्यम से एकत्र होंगे आंकड़े

इस योजना में एक साल तक के लिए युवाओं को इंटर्नशिप के लिए रखा जाएगा। इसकी निरंतरता 3 साल तक की रहेगी। युवा डिजिटलाइजेशन के माध्यम से सारे आंकड़े एकत्रित करेंगे। जिन युवाओं को सिलेक्ट किया जाएगा, वे स्थानीय होंगे। इससे युवाओं में नई तकनीक के बारे में जानकारी विकसित होगी।

**मुख्यमंत्री, विभागों तक सीधे पहुंचेगी जानकारी**

इंटर्नशिप कर रहे युवाओं द्वारा सरकारी योजनाओं के जो आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे, उनका एक डैशबोर्ड और पोर्टल बनेगा। यह रिपोर्ट सीधे सुशासन स्कूल के माध्यम से मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों तक पहुंचेगी। इस योजना का उद्देश्य है कि इसके माध्यम से युवा गुड गवर्नेस का हिस्सा बनें और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### क्रियान्वयन के लिए 190 करोड़ की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा 'मुख्यमंत्री यंग इंटर्नस फॉर गुड-गवर्नेस प्रोग्राम' को 3 वर्ष के लिए क्रियान्वयन के लिए लगभग 190 करोड़ रूप, की स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग को अग्रिम कार्यवाही तथा प्रक्रिया निर्धारण कर नियमों एवं निर्देशों को जारी कर क्रियान्वयन के लिए अधिकृत किया गया है।

## लोकसभा में सरकार ने बताया

# केंद्र की नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण तय

**आरक्षण नीति को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लागू करता है**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि केंद्र सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि आरक्षण नीति को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लागू करता है। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर 1993 के कार्यालय ज्ञापन तथा समय-समय पर



फाइल फोटो

जारी निर्देशों के अनुसार केंद्र सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती के 27 प्रतिशत पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। मंत्री ने कहा कि मंत्रालय पीएम यशस्वी योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। इस योजना में माध्यमिक स्तर से पहले छात्रवृत्ति, माध्यमिक स्तर ▸▸ शेष पेज 4 पर

## जहरीले कफ सिरप कांड पर सरकार का जवाब

# देश भर में 1100 सिरप फैक्ट्रियों में जांच, मप्र में 139 केस में सजा

**राज्यसभा सांसद विवेक के. तन्खा ने उठाया मामला**


विवेक के. तन्खा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप के सेवन से 35 से ज्यादा मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत का मामला फिर राज्यसभा में उठा।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक के. तन्खा ने संसद में केंद्र सरकार को घेरा। तन्खा के सवालों के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कफ सिरप विवाद और देश भर में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। तन्खा ने पूछा था कि क्या हालिया कफ सिरप विवाद गंभीर नियामक खामियों को उजागर करता है और सरकार मिलावट रोकने के लिए क्या कदम उठा ▸▸ शेष पेज 4 पर

## मार्केट से पूरी पुस्तकें वापस मंगाई

# एनसीईआरटी ने सार्वजनिक रूप से कोर्ट से मांग ली माफी



**'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े अध्याय का मामला**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े विवादित अध्याय को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इसके साथ ही परिषद ने बताया कि बाजार से पूरी किताबें वापस मंगा ली गई हैं। अब इस पुस्तक में वह अध्याय शामिल नहीं किया गया है। इसकी जानकारी एनसीईआरटी ने सोशल मीडिया के ▸▸ शेष पेज 4 पर

## दहेज प्रताड़ना बनी वजह

# मां ने 3 बेटियों संग की खुदकुशी उसके सीने से बंधी थी एक बेटी




**ससुराल पक्ष के सात लोगों पर एफआरआर**

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

फिरोजपुर झिरका के खंड फिरोजपुर झिरका के गांव बदोपुर में रविवार देर शाम एक महिला अपनी तीन मासूम बेटियों के साथ खेत में बने कुए में कूद गई। सोमवार सुबह कुए से चारों के शव बरामद हुए। महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक महिला की पहचान रामगढ़ तहसील के गांव कोटा निवासी साहिला (28 वर्ष) के रूप ▸▸ शेष पेज 4 पर

## इंडिगो संकट के 2.5 महीने बाद बदलाव

# सीईओ पीटर एल्बर्स का इस्तीफा अब राहुल भाटिया संभालेंगे कमान


राहुल भाटिया

**उन्हें 10 मार्च को जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर यानी सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। कुछ महीने पहले ही इंडिगो संकट के बाद उन्होंने यह कदम उठया है। उनको तत्काल प्रभाव से 10 मार्च 2026 को जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। एल्बर्स ने बोर्ड को लिखे एक लेटर में कहा कि हमारी बातचीत के मुताबिक, पर्सनल कारणों से मैं आज से इंडिगो के सीईओ के पद से अपना इस्तीफा ▸▸ शेष पेज 4 पर

## फाइनल मैच में डेरिल मिचेल को मारी थी गेंद

# गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर मैच फीस का '15 फीसदी' जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टी-20 विश्वकप के फाइनल में न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल पर गेंद से निशाना साधना भारी पड़ा है। सिंह पर आईसीसी कोड के लेवल-1 तोड़ने का आरोप लगा है उनपर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में सिंह ने मिचेल को गेंद फेंकी था। मिचेल ने उनकी गेंद को ▸▸ शेष पेज 4 पर

**आईसीसी कोड के लेवल-1 तोड़ने का आरोप**


अर्शदीप सिंह

## प्रश्न पत्र की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई सेंध नहीं

# सीबीएसईः 12वीं के गणित का पेपर असली और सुरक्षित

**कुछ प्रश्नपत्रों के क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब वीडियो खुल रहा था**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सीबीएसई के कक्षा 12 के गणित प्रश्नपत्र को लेकर सोशल मीडिया पर कई शंकाएं साझा की जा रही हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने मंगलवार को इन शंकाओं पर स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र पूरी तरह असली और सुरक्षित हैं।

बोर्ड के मुताबिक प्रश्न पत्र की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कमी या सेंध नहीं लगी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब प्रश्नपत्र पर दिए गए




एक क्यूआर कोड को स्कैन करने पर वह यूट्यूब वीडियो से जुड़ने लगा। इसके कारण प्रश्नपत्र की प्रामाणिकता पर सवाल उठने लगे। सीबीएसई ने मंगलवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड द्वारा कई सुरक्षा व्यवस्था की जाती हैं। इन सुरक्षा उपायों में क्यूआर कोड भी शामिल हैं। क्यूआर कोड का उपयोग किसी संभावित सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में प्रश्नपत्र की सत्यता की पुष्टि करने के लिए किया जाता है। गौरतलब है कि 9 मार्च को कक्षा 12 के छात्रों की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। बोर्ड ने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लिया गया है और सीबीएसई ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति ▸▸ शेष पेज 4 पर

## लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

**आज संभवतः वोटिंग, भाजपा ने व्हिप जारी किया**

# चर्चा के लिए 10 घंटे, 7 घंटे चर्चा हुई बिरला पर 'पक्षपात' करने का आरोप

**बिरला पर गोगोई बोले**

**राहुल को 20 बार टोका गया रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय हुआ।

मंगलवार को करीब 7 घंटे चर्चा हुई। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने ▸▸ शेष पेज 4 पर


किरेन रिजिजू


गौरव गोगोई

### किस आधार पर महिला सांसदों पर आरोप लगाएः गोगोई

बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार-बार रूलिंग बुक दिखाई गई। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सेशन के दौरान राहुल विदेश चले जाते हैंः रिजिजू

*संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहतें हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था) प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो कुछ अच्छा होता।* ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

भोपाल
बुधवार, 11 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 338
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 इंडियन वेल्स में लगातार ...

विचार पेज
06 खाड़ी देशों में पानी पर हमले ...













## अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध से दुनिया भर में तेल व गैस संकट गहराया, भारत में भी असर

पीएम मोदी ने की आपात बैठक

# देश में 10 फीसदी एलपीजी उत्पादन बढ़ाया, औद्योगिक आपूर्ति में कटौती

*भारत में हर साल करीब 31.3 मिलियन टन एलपीजी की खपत होती है। घरेलू क्षेत्र यानी घरों में इस्तेमाल होनी वाली गैस कुल खपत का 87 फीसदी है। वहीं, होटल, रेस्तरां और उद्योग जैसे व्यावसायिक क्षेत्र 13 फीसदी गैस का इस्तेमाल करते हैं*


पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते एलएनजी आपूर्ति में आई बाधा के बीच केंद्र सरकार ने एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश की तेल रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यह मार्ग भारत की उर्जा सुरक्षा के लिए बहुत अहम है, क्योंकि देश अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 62 फीसदी आयात करता है। घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस (एलपीजी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश की तेल रिफाइनरियों ने एलपीजी का उत्पादन करीब 10 प्रतिशत बढ़ा दिया है। सभी रिफाइनरियां 100 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही हैं। एलपीजी की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रसोई गैस की संभावित कमी से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की एलपीजी ▶▶ शेष पेज 4 पर

सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी रोकने और घरेलू गैस संकट को टालने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लागू किया


देश में ऐसी तस्वीरें

### केंद्र ने कहा- घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

### भारत कई देशों के संपर्क में

स्थिति की निगरानी और एलपीजी के सही वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू नहीं किया गया है। ऊर्जा उपलब्धता के मामले में भारत की स्थिति कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। सरकार देश की ऊर्जा जरूरतों को बिना किसी व्यवधान के पूरा करने के लिए कई देशों के साथ लगातार संपर्क में पहले कुछ चिंताएं जरूर थीं, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है और आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से काम कर रही है। सरकार ने लोगों से सोशल मीडिया पर एलपीजी की कमी को लेकर फैल रही अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करने की अपील भी की है। ▶▶ पढ़ें पेज 14 भी

### भारत में कैसा असर?

1 दिल्ली, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद और मुंबई में 20 फीसदी होटल बंद

2 कुछ होटलों में मैन्यू छोटा किया, वर्कर्स के काम के घंटे भी कम किए

### सरकार ने क्या कदम उठाए?

1 गैस सिलेंडर की बुकिंग के बीच प्रतीक्षा अवधि भी 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन की

2 उद्योगों में 50 फीसदी व उर्वरक और दूध प्रसंस्करण के लिए गैस आपूर्ति में करीब 40 फीसदी की कटौती

3 स्थिति को संभालने के लिए तेल बाजार की कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई


बेंगलुरु का एक रेस्टोरेंट

### अस्पताल, स्कूल, सरकारी संस्थानों को गैस की सप्लाई लगातार

*आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ईसीए) लागू होने के बाद प्राथमिक सेक्टर्स को एलपीजी और अन्य ईंधन की सप्लाई में विशेष प्रायोरिटी दी जाएगी। इसका मतलब है कि अस्पताल, स्कूल, सरकारी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों को गैस की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।*

### गैस वितरण तय करेगी समिति

*घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा, आयातित एलपीजी को अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों जैसे गैर-घरेलू क्षेत्रों की जरूरतों के लिए भी भेजा जा रहा है। इस स्थिति को संभालने के लिए तेल बाजार की कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई गई है। यह समिति होटल, रेस्तरां और अन्य उद्योगों की मांगों की समीक्षा करेगी और जरूरत, प्राथमिकता* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### होटल, रेस्तरां और उद्योगों पर असर

*सरकार ने आम लोगों और घरों को ध्यान में रखे हुए घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। इसकी वजह बाजार कीमत पर मिलने वाले वाणिज्यिक सिलेंडर पर निर्भर होटल, रेस्तरां और उद्योगों को भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस कमी का असर मुंबई और बंगलुरू जैसे बड़े शहरों में भी दिखने लगा है। इस पर इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने भी चिंता जताई है।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा बैठक में किया ऐलान*

## आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी तीन मंत्रियों की समिति

*कहा, खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए पैनिक होने की जरूरत नहीं*

*सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध, कोई समस्या नहीं*


डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध हैं। किसी को भी खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए परेशान या पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश में बेहतर से बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। मंत्री प्रभार वाले जिलों की सतत समीक्षा करें। डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी परिस्थितियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की स्थिति पर नजर रखने और केंद्र सरकार व आयल कंपनियों से समन्वय के लिए तीन मंत्रियों की समिति बनाई गई है। समिति में उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप को रखा गया है। समिति प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी और आपूर्ति बहाल रखने के लिए सभी कदम उठाएगी।

### इन 3 मंत्रियों की समिति

- उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा
- खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप

### नागरिकों की वापसी के लिए प्रयास तेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे या वर्क वीजा पर गए या पर्यटन के लिए गए भारतीय नागरिकों विशेषकर मध्यप्रदेश के निवासियों की स्वदेश वापसी के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के सम्पर्क में है। राज्य सरकार से हेल्पलाइन के जरिए अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है, जिनकी सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की उपलब्धता में निरंतरता बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### कुलदीप यादव की मसूरी में वंशिका संग शादी


**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने प्रशंसकों को एक और खुशखबरी दे दी।



टीम इंडिया के गेंदबाज अब जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। कुलदीप जल्द ही बचपन की दोस्त वंशिका के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। 13 मार्च को हल्दी और मेहंदी की रस्मों के बाद 14 मार्च को उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में दोनों सात फेरे लेंगे।

### आईटी नियम-2023 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को आईटी नियम-2023 के रूल-3 को रद्द करने के बॉम्बे



हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार की चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आईटी नियम 2023 के रूल 3 के याचिका दाखिल हुई थी।

### पारिवारिक कलह पर उठाया आत्मघाती कदम

## परिवार ने खाने में जहर मिलाकर खाया, मासूम की मौत, 3 गंभीर

*माता-पिता और दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना


अस्पताल का दृश्य

रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को पारिवारिक विवाद के चलते एक ही परिवार के चार लोगों ने जहरीला भोजन खा लिया। इस दर्दनाक घटना में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि माता-पिता और दूसरा बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा निवासी कुंदन शर्मा अपनी पत्नी ज्योति शर्मा और दो बेटों के साथ रहता था। मंगलवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद पत्नी ने घर में खाना बनाया और उसमें कुछ मिला दिया। परिवार के चारों सदस्यों ने उसे खा लिया। कुछ देर बाद परिवार के सदस्य अचेत होने लगे। इस दौरान सबसे छोटे बच्चे अभिषेक ने किसी तरह पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो घर के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गुना में ट्रक ने मारी एलपीजी टैंकर को टक्कर


## टैंकर का वॉल्व टूटा, 20 टन गैस रिसाव से मचा हड़कंप

*गैल की रेस्क्यू टीम ने रिसाव को रोका, टला बड़ा हादसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना


रेस्क्यू में जुटी टीम

जिले की गादेर घाटी में मंगलवार को एक भीषण दुर्घटना टल गई, जो किसी बड़े जानलेवा हादसे में बदल सकती थी। एलपीजी गैस से भरे एक टैंकर को पीछे से अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैंकर का मुख्य वॉल्व टूट गया और करीब 20 टन ज्वलनशील गैस का तेजी से रिसाव शुरू हो गया। हालांकि, ड्राइवर की तत्परता और रेस्क्यू टीम की त्वरित कार्रवाई ने समय रहते खतरे को टाल दिया। जानकारी के अनुसार टैंकर गैल विजयपुर बॉटलिंग प्लांट से एलपीजी भरकर बनारस की ओर जा रहा था। गादेर घाटी क्षेत्र में पहुंचने पर पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी। जिससे वॉल्व टूट गया और गैस तेजी से लीक होने लगी। स्थिति गंभीर होती देख चालक शैलेंद्र सिंह ने तुरंत गैल प्लांट को सूचना दी। सूचना मिलते ही गैल ▶▶ शेष पेज 4 पर




*सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कहा- पहले भी कई बार न्यायालय संसद से इस पर विचार करने की सिफारिश कर चुका*

# समान नागरिक संहिता लागू करने का सही समय

*▶▶ कोर्ट- शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने के मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र*

*▶▶ प्रशांत भूषण- यदि शरीयत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय ▶▶ शेष पेज 4 पर


सुप्रीम कोर्ट

*कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर 'सुप्रीम' निर्देश*

### केंद्र सरकार मुआवजा नीति बनाए

कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे, जिसके तहत कोविड वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान होता है तो उसे नो-फॉल्ट मुआवजा दिया जा सके। यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल टीकाकरण के बाद होने वाले ▶▶ शेष पेज 4 पर




# प्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में बजेगा दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम्, आदेश जारी

## रंगरूटों में संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों के विकास के उद्देश्य से पहल



### पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश, शारीरिक और तकनीकी दक्षता होगी विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में अब हर सुबह प्रशिक्षण शुरू होने से पहले दक्षिणामूर्ति स्तोत्र का प्रसारण किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से प्रशिक्षण ले रहे रंगरूटों में संवेदनशीलता, करुणा और सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्यों का विकास होगा और वे समाज के प्रति अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील पुलिसकर्मी बन सकेंगे। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राज्य के सभी कॉन्स्टेबल प्रशिक्षण केंद्रों में सार्वजनिक प्रसारण प्रणाली के माध्यम से सुबह के समय दक्षिणामूर्ति स्तोत्र बजाया जाएगा। इसके साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में रंगरूटों को इसके महत्व और अर्थ के बारे में भी बताया जाएगा, ताकि वे केवल इसे सुनें ही नहीं बल्कि इसके संदेश को समझकर अपने व्यवहार और कार्यशैली में भी अपनाएं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुलिस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक और तकनीकी दक्षता विकसित करना ही नहीं है, बल्कि ऐसे पुलिसकर्मी तैयार करना भी है जो समाज के प्रति संवेदनशील, अनुशासित और जिम्मेदार हों। इसी सोच के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय-समय पर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को भी शामिल किया जाता रहा है। अधिकारियों का मानना है कि दक्षिणामूर्ति स्तोत्र जैसे आध्यात्मिक पाठ से रंगरूटों में मानसिक एकाग्रता, धैर्य और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण केंद्रों में पहले से ही योग, ध्यान और नैतिक शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। अब दक्षिणामूर्ति स्तोत्र के प्रसारण को भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय का कहना है कि इससे प्रशिक्षण ले रहे जवानों के व्यक्तित्व के समग्र विकास में मदद मिलेगी और वे अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकेंगे।

### क्या है दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम

*दक्षिणामूर्ति स्तोत्र भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का एक प्रसिद्ध स्तोत्र है, जिसकी रचना आदि शंकराचार्य द्वारा की गई मानी जाती है। इसमें भगवान शिव के दक्षिणामूर्ति रूप की स्तुति की गई है, जिन्हें ज्ञान और गुरु का प्रतीक माना जाता है। इस स्तोत्र में आत्मज्ञान, ध्यान और आध्यात्मिक बोध का वर्णन किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से प्रशिक्षण ले रहे रंगरूटों में अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा, जिससे वे कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार भी कर सकेंगे।*

## खबर संक्षेप

### तीन पुलिस अधिकारियों के तबादले, देवास से पीएचक्यू पहुंचीं सृष्टि

**भोपाल।** गृह विभाग ने प्रदेश में तीन पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न जिलों और इकाइयों में पदस्थ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आदेश के मुताबिक देवास में पदस्थ एसडीओपी सृष्टि भार्गव को स्थानांतरित कर पुलिस मुख्यालय भोपाल में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं देवास में उनकी जगह नई जिम्मेदारी तय की गई है। इसी तरह कीर्ति बघेल, जो वर्तमान में मंदसौर में एसडीओपी के पद पर पदस्थ थीं, उन्हें स्थानांतरित कर शाजापुर के एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा संजय सिंह जो कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में इंदौर पुलिस मुख्यालय में पदस्थ थे, उन्हें कार्यवाहक एसडीओपी देवास की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में पुलिस मुख्यालय और अन्य जिलों में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से इन अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है।

### अब रिटायरमेंट के बाद भी होगी सरकारी कर्मचारियों से वसूली

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब शासकीय सेवकों को वेतन निर्धारण में विसंगति के कारण हुए अधिक भुगतान की वसूली सेवानिवृत्ति के बाद भी की जा सकेगी। राज्य सरकार ने यह कदम सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर उठाया है। वित्त विभाग ने संचालक पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा मध्यप्रदेश और संभागीय व जिला पेंशन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वेतन निर्धारण में त्रुटि के कारण हुए अधिक भुगतान की वसूली के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए। निर्देश में कहा गया है कि हरियाणा चौकीदार प्रकरण सहित सर्वोच्च न्यायालय और अन्य न्यायालयों के फैसलों के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों से भी अधिक भुगतान की राशि वसूल की जा सकती है। इसके लिए सभी जिला पेंशन अधिकारियों को संबंधित मामलों में न्यायालय के निर्णयों की जानकारी दी जाएगी। वित्त विभाग ने यह भी कहा है कि कई संभागीय और जिला पेंशन अधिकारियों द्वारा अब तक ऐसे मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का पालन नहीं किया जा रहा था।

### गुड गवर्नेंस इंटर्नशिप प्रोग्राम से युवाओं को मिलेगा अनुभवः डॉ. खरे

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि सात विभागों की विभिन्न योजनाओं की निरंतरता के लिए 33,240 करोड़ रुपये की मंजूरी से किसानों, युवाओं और विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी। गेहूं उपार्जन के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर मध्यप्रदेश सरकार ने पहली बार 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस जोड़ने का निर्णय लिया जो स्वागत योग्य है। खरे ने कहा कि पचमढ़ी को जर्मनी द्वारा "ग्रीन डेस्टिनेशन" के रूप में प्रमाणित किया गया है, जो मप्र के पर्यटन विकास के लिए गौरव की बात है।

नि:शक्तजन को वृत्तिकर से छूट के लिए 31 मार्च 2030 तक निरंतर किए जाने की मंजूरी

# कल्याणकारी योजनाओं के लिए 33 हजार 240 करोड़ रुपए की स्वीकृति

*7 जिलों के लिए 'एक जिला-एक उत्पाद' परियोजना का किया अनुमोदन- सिंगरौली में कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश सहित 7 पदों की स्वीकृति, मैहर, निमरानी में 3 नए औषधालयों को मंजूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद ने कल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न 7 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए लगभग 33 हजार 240 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री यंग इंटनर्स फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोगाम को भी मंजूरी दी है। सिंगरौली के चितरंगी में कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश सहित कुल 7 नवीन पदों के सृजन की भी मंत्रि-परिषद द्वारा स्वीकृति दी है। मंत्रि-परिषद ने मैहर, कैमोर जिला कटनी और निमरानी जिला खरगोन में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 3 औषधालय खोलने सहित चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ के 51 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गयी है। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम, 1995 के अंतर्गत निःशक्त जन को वृत्तिकर से छूट को 31 मार्च, 2030 तक निरंतर किये जाने की स्वीकृति दी गयी गई है।

### 7 जिलों के लिए "एक जिला-एक उत्पाद" परियोजना

मंत्रि-परिषद द्वारा "एक जिला-एक उत्पाद" परियोजना अंतर्गत चयनित 07 जिलों में पारंपरिक व विशिष्ट उत्पाद के सरंक्षण, विकास और विपणन हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आगामी 5 वर्षों में 37.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मंत्रि-परिषद ने चितरंगी जिला सिंगरौली में व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड का एक नवीन पद और उनके कार्यालयीन अमले के लिए तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 6 नवीन पद सहित कुल 7 नवीन पदों का सृजन किये जाने की स्वीकृत प्रदान की है।

### मैहर, कैमोर और निमरानी में 3 नए औषधालयों को मंजूरी

मंत्रि-परिषद ने भारत सरकार के कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआईसी) द्वारा मैहर (जिला-मैहर), कैमोर (जिला कटनी), तथा निमरानी (जिला खरगौन) में 3 नये औषधालयों को खोलने एवं चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ के 51 पदों का सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मैहर, कैमोर तथा निमरानी में नये कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय खोलने एवं नये पद सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे रजिस्टर्ड 15,686 श्रमिकों एवं उन पर आश्रित लगभग 62,744 परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। लोक वित्त पोषित कार्यक्रमों और योजनाओं की निरंतरता के लिए 63 करोड़ 76 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### पेयजल आपूर्ति के लिए 6090 करोड़ रुपए की स्वीकृति

*मंत्रि-परिषद द्वारा खनिज साधन विभाग के अंतर्गत "खनिज अधिभार का रक्षित निधि में अतंरण" योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतर रखे जाने के लिए 6090 करोड़ 12 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह योजना खनिज साधन विभाग के अंतर्गत पूर्व से संचालित योजना पूर्णतः राज्य वित्त पोषित एवं भारित व्यय से संबंधित योजना है। इस राशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े क्षेत्रों में ग्रामीण अवसंरचना, पेयजल आपूर्ति योजना तथा सड़क विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये किया जायेगा।*

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं की स्वीकृति

*पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की 31 मार्च 2031 तक निरंतरता एवं सुचारू संचालन के लिये 7,127 करोड़ 38 लाख रुपए की स्वीकृति दी गयी है। स्वीकृति अनुसार विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण के लिए 16 करोड़ 78 लाख रुपए, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज संस्थान मप्र जबलपुर में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिये 12 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं एवं बाल वाटिका तथा अनुदान प्राप्त शालाओं के कक्षा 01 से 08 तक दर्ज एवं उपस्थित बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए 7098 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।*

मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले सीएम ने मंत्रियों को किया संबोधित

# रानी दुर्गावती अभयारण्य बनेगा चीतों का तीसरा घरः डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनने जा रहा है। जल्द ही वहां भी चीते छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार और पूरी मंत्रि-परिषद् की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संघ लोक सेवा आयोग-2026 के हालिया घोषित रिजल्ट में मध्यप्रदेश के 2 होनहार अभ्यर्थियों द्वारा टॉप टेन अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर दोनों ही अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के कई विद्यार्थियों का यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस इत्यादि कई पदों पर चयन हुआ है। हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में चयनित होकर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में चीते तेजी से फल-फूल रहे हैं। हाल ही में 5 नये शावकों की आमद से चीतों का परिवार और भी समृद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार करीब 2 महीने बाद रानी दुर्गावती अभयारण्य (नौरादेही) में भी चीते छोड़ने जा रही है। इससे मध्यप्रदेश में चीतों के 3 घर तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मगर/घड़ियाल और कछुए भी विभिन्न जल क्षेत्रों में मुक्त करेंगे, ताकि हमारी जैव सम्पदा और भी समृद्ध हो सके।

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को भायी की जल संचय पहल

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संचयन के लिए चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा सराहना की गई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने 5 मार्च को हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा था कि मध्यप्रदेश सामुदायिक सहभागिता से जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन देश के सामने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मध्यप्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं। मध्यप्रदेश बांधों की संख्या के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है।*

*उन्होंने कहा था कि जल संचयन के प्रोत्साहन के लिए भारत सरकार भी जल इस दिशा में जनभागीदारी से ऐसा ही कदम बढ़ाने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को बताया कि केंद्र से मिली सराहना हमारी जल संचय नीति की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के प्रथम चरण में 2.79 लाख से अधिक जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। दूसरे चरण में भी मध्यप्रदेश में 72 हजार 647 जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं और 64 हजार 395 जल संरचना निर्माण कार्य फिलहाल प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में इस साल 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण से कहा कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के काम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दस्तावेजों के डिजिटल पंजीयन का काम शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश में प्रति वर्ष करीब 16 लाख से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है। यह एक बड़ा काम है पर हम इसे समय-सीमा में ही पूरा करेंगे।*

इंदौर में आयोजित हुई पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत वक्ता कार्यशाला

# सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव के समान होता हैः शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव के समान होता है। इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से देशभर में लगभग 80 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो पार्टी की ताकत को और मजबूत करेंगे। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। इंदौर के गुजराती इनोवेटिव कालेज में मंगलवार को पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने संबोधित किया। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्र शिवप्रकाश ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग की सफलता दो महत्वपूर्ण बातों पर निर्भर करती है, पहली, प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर पूरी सावधानी और गंभीरता होना चाहिए। दूसरी, वक्ताओं का चिंतन और दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए कि वे अपनी बात और पार्टी के विचारों को प्रभावी ढंग से मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं तक पहुंचा सकें।



### कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से संगठन को भी शक्ति और दिशा मिलती है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रशिक्षण से न केवल कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व उभरता है, बल्कि संगठन को भी शक्ति और दिशा मिलती है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। भाजपा का कार्यकर्ता न केवल प्रशिक्षित होता है, बल्कि वह राष्ट्रवाद की प्रगति और महत्ता को समझता है। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुंचे, ताकि समाज के हर वर्ग को सही दिशा और सहायता मिल सके।*

# दबाव बनाकर कराया विजयपुर का फैसला हिम्मत है तो सप्रे का निर्णय कराए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। पटवारी ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा का निर्वाचन शून्य घोषित होने के मामले में कहा कि कांग्रेस इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का सम्मान है, लेकिन पार्टी को भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलेगा। पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसे यह स्वीकार नहीं हो रहा कि एक आदिवासी नेता चुनाव जीतकर विस पहुंच गया। उन्होंने विधायक निर्मला सप्रे के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा में हिम्मत है तो उस मामले में भी निर्णय कराकर दिखाए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य सूचना आयोग में खाली पदों को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति लंबे समय से लंबित है और सरकार इस मामले में बेहद धीमी गति से काम कर रही है। सिंघार ने कहा कि सरकार सांप की तरह धीरे-धीरे रेंगती है, जबकि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी मुख्यमंत्री से बातचीत हुई है और दो सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की जानी है।

सिंघार ने कहा कि पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा से जुड़े एक मामले की सुनवाई अभी लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दबाव बनाकर फैसले करवाने की कोशिश करती है और यह भी आशंका जताई कि कांग्रेस की राज्यसभा सीट प्रभावित करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। गैस सिलेंडर की कमी और महंगाई को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधा।

16 को मोर्चा पीएम को देगा मांग-पत्र

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगा संघर्ष मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र कर्मियों को एनपीएस के स्थान पर ओपीएस पुरानी पेंशन देने, एनआरएस के सदस्यों को मानदेय के साथ वर्दी सुविधा उपलब्ध करवाने, लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने समेत अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कर्मचारी दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे, महासचिव श्याम सुंदर शर्मा, संरक्षक विजय सिंह ने बताया कि 15 को संघर्ष मोर्चा के सचिव मनोज दुबे, आरके गुर्जर, ध्रुव सिंह सिकरवार, धर्मेश जोशी और अशोक श्रीवास्तव प्रदेश के कर्मचारियों के साथ दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 16 को कर्मचारियों के साथ अपनी मांगों को लेकर पीएम और राष्ट्रपति को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। पांडे ने बताया कि मांग पत्र में कर्मचारियों की प्रमुख मांग दैनिक वेतन भोगी की सेवा को पेंशन प्रकरण में जोड़कर पेंशन का निर्धारण किया जाए।

एफिडेविट को गलत बताने पर हंगामा, एसआईआर पर विवाद

# एक ही पते पर मिले दर्जनों नाम मतदाता सूची सर्वे करने पहुंची टीम

*दिग्विजय सिंह ने निर्वाचन कार्यालय जाकर सौंपे थे सबूत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नरेला विस क्षेत्र के अलग-अलग वार्ड में एक ही पते पर दर्जनों मतदाताओं के नाम मिलने का मामला निर्वाचन आयोग तक पहुंच गया है। दिग्विजय सिंह ने इस संदर्भ में ज्ञापन के साथ सबूत दिए थे। तथ्यों की जांच के लिए मंगलवार को नरेला क्षेत्र में मतदाता सूची की जांच करने के लिए निर्वाचन आयोग का दल पहुंचा। शपथ पत्र देकर मतदाता सूची पर सवाल खड़े करने वाले वोटर पोखन लाल साहू से सवाल जवाब के दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने शपथ पत्र पर ही प्रश्न लगाया। मामले की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे एवं निर्वाचन दल द्वारा की जा रही आपत्ति का कारण पूछा। सवाल जवाब के दौरान यह बात साबित की गई थी कि एक ही एड्रेस पर अनेक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं।


## सामान्य प्रशासन विभाग को मुख्य सचिव के लौटने का इंतजार

भोपाल में महिला आईएएस को मौका देने पर भी विचार

# होली-रंगपंचमी बीती, अब बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारियां तेज, एक दर्जन कलेक्टरों के तबादले संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली और रंगपंचमी के त्यौहार अब बीत चुके हैं। इसके बाद मध्यप्रदेश में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी शुरू हो गई है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह कलेक्टरों की तबादला सूची जारी हो सकती है, जिसमें करीब एक दर्जन जिलों के कलेक्टर प्रभावित होंगे। इस संभावित फेरबदल में सबसे ज्यादा नजरें भोपाल कलेक्टर और भोपाल संभाग आयुक्त के पद पर टिकी हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार भोपाल जैसे बड़े जिले में महिला आईएएस को मौका देने पर भी विचार कर रही है। धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को जिले में तीन साल से ज्यादा समय हो चुका है। बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर, संभाग आयुक्त, निगम-मंडलों और प्राधिकरणों के एमडी-सीईओ के साथ मंत्रालय स्तर पर प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव के प्रभारों में भी बदलाव किया जाना है। विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद सूची आने की चर्चा थी, लेकिन मुख्य सचिव अनुराग जैन के पांच दिन के अवकाश पर चले जाने से फैसला टल गया। अब उनके लौटते ही नामों पर अंतिम समीक्षा कर सूची जारी की जा सकती है।



### भोपाल कलेक्टर बदलना तय

*भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह का सचिव स्तर पर प्रमोशन हो चुका है, इसलिए उनका तबादला लगभग तय माना जा रहा है। वर्ष 2010 बैच के इस अधिकारी को किसी संभाग का आयुक्त बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है। वहीं भोपाल संभाग के आयुक्त संजीव सिंह को भी दो साल पूरे होने के कारण नई जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा है।*

### भोपाल कलेक्टर के लिए तीन नाम चर्चा में

*भोपाल कलेक्टर के लिए सरकार के भीतर तीन नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं, इनमें ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान महिला आईएएस को मौका देने की चर्चा है। वहीं धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, मप्र ग्रामीण सड़क विकास निगम के सीईओ दीपक आर्य की भी चर्चा है।*

### इन जिलों के कलेक्टर भी हो सकते हैं प्रभावित

*संभावित फेरबदल में जिन जिलों के कलेक्टरों के नाम चर्चा में हैं, उनमें केदार सिंह (शहडोल), प्रतिभा पाल (रीवा), स्वरोचिश सोमवंशी (सीधी), नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी (बैतूल), नेहा मीना (झाबुआ), सोनिया मीना (नर्मदापुरम), सुधीर कोचर (दमोह), ऋजु बाफना (शाजापुर), रानी बाटड (मैहर), अदिति गर्ग (मंदसौर) शामिल हैं।*






**ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत के चलते बदला ट्रैफिक**

## बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर सड़क बंद, वाहन चालकों को लगाना पड़ रहा है दो किमी का लंबा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था अस्थाई रूप से यातायात पुलिस की ओर से बंद कर दिया गया है। दरअसल, ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कार्य शुरू किया जा रहा है।

इसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले चार पहिया, भारी और सवारी वाहनों के लिए डायवर्जन लागू किया गया है। इसके चलते वाहन चालकों को अब करीब डेढ़ से दो किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

*लोक निर्माण विभाग शुरू करेगा सुधार कार्य*

*यातायात परिवर्तन व्यवस्था मरम्मत कार्य पूरा होने तक लागू रहेगी*


बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर सड़क बंद कर दी गई है।

**वाहन चालकों के लिए यह वैकल्पिक रास्ता**

डायवर्जन के तहत बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले चार पहिया और भारी वाहन डीबी मॉल के सामने से दाहिने मुड़ेंगे। इसके बाद ये वाहन ठड्डाराम कॉम्पलेक्स मार्ग से होकर ज्योति टॉकीज की ओर जा सकेंगे। यह व्यवस्था मरम्मत कार्य पूरा होने तक लागू रहेगी।

**सीएमएचओ डॉ. शर्मा खुद पहुंचे कोर्ट**

## पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने वाले तीन डॉक्टरों एवं सेंटर संचालक पर केस दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के उल्लंघन पर सीएमएचओ भोपाल एवं समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एक्ट द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में मंगलवार को परिवाद दायर किया गया। जिसमें तीन चिकित्सकों सहित डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 की धाराओं में आरोपी बनाया गया है। समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एक्ट द्वारा दायर परिवाद में एयरपोर्ट रोड गांधीनगर स्थित न्यू लाइफ डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक मोहम्मद दानिश अली और रेडियोलाजिस्ट डॉ. ईशांत जाटव एवं एक अन्य प्रकरण में मार्वल अस्पताल के संचालक डॉ. विशाल श्रीवास्तव उनकी पत्नी डॉ. कृति श्रीवास्तव को धारा 223 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 की धारा 28 अपराध धारा 23, पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 एवं नियम 1996 के नियम क्रमशः 9 (1,4) एवं 9 (1,4,8) में मामला दर्ज करवाया गया है।

पूर्व में इन चिकित्सकों की गतिविधियों को पीसीपीएनडीटी एक्ट के विपरीत एवं संदिग्ध मानते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय द्वारा संस्थाओं की मान्यता निरस्त की गई थी। अब यह कार्रवाई की गई है।

**यह था मामला**

बता दें कि इस साल 22 जनवरी को सीएमएचओ कार्यालय की निरीक्षण टीम को मार्वल हास्पिटल में संचालित सोनोग्राफी सेंटर में अनियमितताएं मिली थी। यहां पर फार्म एफ का विधिवत संधारण नहीं किया जा रहा था। साथ ही एएनसी रजिस्टर भी में भी प्रविष्ठियां ठीक ढंग से नहीं की गई थी। इन अनियमितताओं को देखते हुए दस्तावेज जप्त कर मशीन सील की गई थी। न्यू लाइफ डायग्नोस्टिक सेंटर में रिक्त एफ फार्म में डॉ ईशांत जाटव के सील साइन मिले थे। साथ ही एएन सी फार्म और एफ फार्म भी अधूरे भरे मिले थे। एक्ट के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर सीएमएचओ द्वारा डा ईशांत जाटव को नोटिस जारी कर आगामी आदेश तक उनके द्वारा सोनोग्राफी करना प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही केंद्र की पीसीपीएनडीटी मान्यता भी निरस्त की गई थी।

**चलेगा प्रकरण**

न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर इन चिकित्सकों एवं डायग्नोस्टिक केंद्र संचालक के खिलाफ परिवाद पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर इन सभी के खिलाफ वैधानिक धाराओं के तहत केस चलेगा।

**डॉ. मनीष शर्मा**
**सीएमएचओ**

**खबर संक्षेप**

### अड़ीबाजी और मारपीट के दोषी को 3 वर्ष के कारावास की सुनाई सजा

**भोपाल।** अड़ीबाजी कर धारदार छुरी से फरियादी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले अभियुक्त मो. नदीम उर्फ बच्चा पुत्र मो. इरफान उर्फ तोतला आयु 22 वर्ष निवासी म.नं.-37 बाफना कॉलोनी काजी कैंप भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार शाही ने भादंसं की धारा -327 एवं आयुध अधिनियम की धारा-25 (ख) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3500 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार गांधी नगर थाना अंतर्गत 12.10.2023 को दोपहर 2 बजे गोण्डीपुरा बस स्टॉप के पास फरियादी मोहम्मद अल्फेज से शराब पीने के लिए 5000 रुपए मांगे थे। इंकार किए जाने पर अभियुक्त मो. नदीम उर्फ बच्चा ने धारदार छुरी से हमला कर घायल कर दिया था। फरियादी ने थाने में केस दर्ज कराया था।

### धोखाधड़ी कर प्लॉट बेचने के दोषियों को 5 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** धोखाधड़ी कर फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल में दूसरे व्यक्ति का प्लाट बेच कर फरियादी शबनम जहां से 43,00,00 रुपए की ठगी करने वाले आरोपी साद इफतेखार उर्फ गोल्डी, उसकी पत्नी फरनाज साद एवं आगा मोहम्मद खान को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने भादंसं की धारा-120 बी, 420,467, 468 एवं 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अनिल शुक्ला द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार फरियादिया शबनम की शिकायत पर पुलिस थाना कोहेफिजा ने आरोपी के विरुद्ध 18 सितंबर 2019 को भादंसं की धारा-120 बी,420,467, 468 एवं 471 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**रंगपंचमी की रात चाकू की नोंक पर व्यापारी को बनाया निशाना**

## राजधानी के सबसे पॉश इलाके श्यामला हिल्स में प्रॉपर्टी कारोबारी से 55 लाख रुपए की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक बार फिर बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। शहर के पॉश इलाके श्यामला हिल्स में रंगपंचमी की रात बदमाशों ने चाकू की नोक पर व्यापारियों से करीब 55 लाख रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने व्यापारियों को रोककर उन्हें धमकाया और चाकू अड़ा कर नकदी से भरा बैग लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मामले की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। श्यामला हिल्स पुलिस थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जानकारी में यह भी संभावना जताई जा रही है कि लूटी गई रकम हवाला कारोबार से जुड़ी हो सकती है। घटना के बाद पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी ने बताया कि फरियादी दिव्यांग बारोट उम्र 25 साल देवासी कोलार प्रॉपर्टी का काम करता है। घटना के दिन फरियादी के साथ एक और आदमी था। घटना 7 मार्च को रात 9:30 बजे हुई है। दो स्कूटी से बदमाश आए गाड़ी के आगे गाड़ी लगाकर रोकी एवं चाकू उड़कर पैसे लूट कर फरार हो गए।

**तीन थानों के 26 सीसीटीवी कैमरे पुलिस फुटेज खंगालने में जुटी**

**दो वाहनों से आए बदमाशों ने गाड़ी के लगाई अपनी गाड़ी, पैसे लूटकर फरार**




**क्षेत्र के अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद मिले**

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाल रही है। तीन थाना क्षेत्र में 26 सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। खास बात है कि अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। पुलिस का कहना है कि अरेरा हिल्स से लेकर कमला नगर और शामला हिल्स थाने के आसपास का एरिया का खंगाला गया है। हाई प्रोफाइल एरिया में सीसीटीवी कैमरे बंद होने पर भी सवाल खड़े हो गए हैं तो यह अधिकांश एरिया पुलिस की निगरानी में है। पुलिस का कहना है कि कुछ सीसीटीवी कैमरे में स्कूटी सवार बदमाशों की शिनाख्त हुई है। पुलिस का कहना है कि कुछ संदिग्धों से पूछताछ हुई। एरिया में गश्ती बढ़ाई गई है।

*पुलिस की निगरानी पर सवाल, बदमाशों के टारगेट पर चार इमली के बाद श्यामला हिल्स*

पिछले कुछ महीनों के भीतर पुलिस की निगरानी पर कई बार सवाल उठे हैं। बदमाशों की हौसले इस कदर बुलंद है कि वीआईपी एरिया को टारगेट बना रहे हैं। कुछ पहले चार इमली और 74 बंगले में वारदात को अंजाम दिया। फिर इसके बाद अब श्यामला हिल्स है। इस पर बदमाशों की नजर है। यह घटना पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठा रही हैं। खास तौर पर रात के समय गश्त और डायल 112 की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ समय पहले आईजी इंटेलीजेंस और एक महिला आईएएस अधिकारी के घर में लूट की वारदात हुई थी। हालांकि आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया था लेकिन व्यवस्था फिर सवालों घेरे में आ गई है।

**जल्द ही होगी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी...**

इलाके में पुलिस से जांच कर रही है। जैसे यह घटना सामने आई, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है और आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी हो जाएगी। पुलिस ने इस घटना को लेकर कुछ लोगों से पूछताछ की है।

**शालिनी दीक्षित**, एडिशनल डीसीपी

## जारोलिया के आदेश में बदलाव, त्रिवेदी को एसबीएम शाखा से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में सोमवार को हुई प्रशासनिक सर्जरी के एक दिन बाद मंगलवार को प्रभारी अधीक्षण यंत्री आरआर जारोलिया के कामों में बदलाव किया गया। वे प्रभारी अधीक्षण यंत्री यांत्रिक योजना प्रकोष्ठ और विदूयुत शाखा के अलावा सिविल का काम भी देखेंगे। साथ ही स्लॉटर हाउस में मिले गोमांस मामले में लापरवाह माने गए एसबीएम शाखा के प्रभारी कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी को स्वच्छ भारत मिशन से हटा दिया गया है। सिविल शाखा के प्रभारी अधीक्षण यंत्री बनाए गए जारोलिया डिप्लोमा इंजीनियर हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृत कार्मिक संरचना में डिप्लोमा इंजीनियर को अधीक्षण यंत्री बनाये जाने का नियम नहीं है। इसको लेकर शासन स्तर से भी जारोलिया को कार्यपालन यंत्री ही बनाकर निगम में भेजा गया है।

## देर रात मैदा मिल क्षेत्र में टपरे, झाड़ियों और खंभे में अचानक लगी आग

**आसमान में आग की लपटें व धुआं उठने से लोगों में मचा हड़कंप, बस्ती में फैली दहशत**

**मौके पर पहुंची एक दमकल ने आग पर पाया काबू, आगजनी से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, आग की चपेट में आने से टपरे में रखा सामान जलकर खाक, शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के मैदामिल क्षेत्र में मंगलवार की देर रात स्टेट बैंक के पास बने टपरे, झाड़ियों और बिजली के खंभे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आसमान में आग की लपटें और धुआं उठने से लोग एकत्र हो गए और हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इससे समीप स्थित बस्ती के लोग में दहशत फैल गई। इसकी सूचना नगर निगम को दी गई।

मौके पर पहुंची एक दमकल ने आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग की चपेट में आने से टपरे में रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। आग शार्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है। रात करीब 11 बजे आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने की जानकारी मिलने पर बिजली कंपनी का अमला भी मौके पर पहुंच गया था।


टपरी में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी।



**परिषद की बैठक में एक साल पहले उठा था मामला**

## सर्वे हुआ, भूमि की नपती भी, रसूखदारों के कब्जों पर कब चलेगा बुलडोजर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*पार्षद का तर्क- सर्वे हुआ था, नपती भी, प्रकरण राजस्व को भेजा, उसके बाद पेंडिंग*

*निगम का तर्क- एक साल में तीन बार जिला प्रशासन के सहयोग से हुई है कार्रवाई*

*आरोपः हाईटेंशन लाइन के नीचे आवासी निर्माण की अनुमति कैसे दी गई*

शहर में लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है, लेकिन करीब एक साल पहले एक पार्षद द्वारा निगम परिषद की बैठक में मामला उठाने के बाद भी कब्जे नहीं हटाए जा रहे। पार्षद ने प्रधान मंडपम से लेकर कटारा बायपास रोड तक भू-माफिया के कब्जे को लेकर पूछा था कि उन्हें क्यों नहीं हटाया जा रहा।

इस मामले पर क्षेत्र में सर्वे करवाया गया, लेकिन रसूखदारों के कब्जे नहीं हटे। जबकि निगम प्रशासन का तर्क है कि उक्त जगह पर एक साल में तीन बार कब्जे हटाने की कार्रवाई हो चुकी है। वार्ड-53 के पार्षद प्रताप वारे ने अप्रैल-25 में निगम परिषद की बैठक में यह सवाल पूछा था कि प्रधान मंडपम से लेकर कटारा बायपास रोड तक भू-माफिया के कब्जे क्यों नहीं हटाए जा रहे हैं। उक्त पार्षद का कहना है कि इस मामले पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि क्षेत्र में रसूखदारों के कब्जे हैं। इस क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन के नीचे आवासी निर्माण की अनुमति कैसे दी गई, इस पर उन्होंने सवाल पूछा था, लेकिन जवाब एक के भी नहीं मिले। बीते डेढ माह से नगर निगम का अतिक्रमण अमला शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से अतिक्रमण सख्ती से हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया का कहना है कि प्रधान मंडपम से लेकर कटारा बायपास रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक साल में तीन बार हुई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाए गए थे। यह कार्रवाई लगातार चल रही है।

**एसडीएम की टीम ने लगाए लाल निशान, दूसरे दिन मशीन से कराई नपती**

## बड़े तालाब के 50 मीटर में बनाई आलीशान कोठी, स्वीमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेवल से पचास मीटर दायरे में नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम जारी है। जिसके तहत तालाब के किनारों पर एफटीएल से पचास मीटर दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित किया जा रहा है।

बैरागढ़ क्षेत्र में आधा काम हो गया है, लेकिन टीटी नगर सर्कल में देरी से काम शुरू होने की वजह से दूसरे दिन टीटी नगर की टीम ने सेवनियां गौंड में सीमांकन किया। टीम को दूसरे दिन आलीशान कोठी, स्वीमिंग पूल सहित चार पक्के मकान मिले, जो पचास मीटर के दायरे में आए हैं। इन मकानों पर लाल निशान लगाकर मकान मालिकों से दस्तावेज पेश करने की बात कही गई है। टीम बुधवार को आगे का सीमांकन करेगी। पहले दिन के सीमांकन में दस अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जबकि दूसरे दिन 11 अतिक्रमण मिले हैं। जिसमें अमृता त्रिपाठी पत्नी रोहित त्रिपाठी का आलीशान मकान और निशान लगाकर दस्तावेज मांगे हैं। इसी तरह जया ननवानी पत्नी दीपक ननवानी का पक्का मकान और बाउंड्री, मुकेश चौधरी का पक्का मकान और बाउंड्री, अजीत गोयल पुत्र अशोक गोयल का स्वीमिंग पूल और बाउंड्रीवॉल, अमृता त्रिपाठी पत्नी रोहित त्रिपाठी का पक्का मकान और बाउंड्रीवॉल और मनीष जैन का पक्का दो मंजिला मकान अतिक्रमण में चिन्हित किया गया है।


सर्वे करती शासकीय टीम।

**जद में आई वीवीआईपी सेंट्रल पार्क कॉलोनी**

टीम ने जब दूसरे दिन सीमांकन शुरू किया तो आईएएस और आईपीएस के प्लॉट वाली वीवीआईपी कॉलोनी सेंट्रल पार्क कॉलोनी से नपती शुरु की, जिसमें कॉलोनी का ओपन हिस्सा पचास मीटर की जद में आया है। जिसको लेकर टीम ने इसे अतिक्रमण में दर्ज नहीं किया है।

**यह भी मिले अतिक्रमण**

सेवनिया गौंड में मीरा पटेल पत्नी हरीश पटेल की पक्की फेंसिंग, गुड्डी बाई पत्नी भारत सिंह टीन शेड और बाउंड्री, राविन्स ठाकुर की बाउंड्रीवॉल, योगेंद्र सैनी पिता राम नारायण बाउंड्री, राजेंद्र जुनेजा पिता जगत सिंह बाउंड्रीवॉल और ननि की बाउंड्री का अतिक्रमण चिन्हित किया गया है।

**इंची टेप छोड़कर मशीन लेकर पहुंचे तहसीलदार**

सोमवार को सीमांकन के पहले दिन टीटी नगर तहसीलदार कुणाल राउत इंची टेप और जरीब लेकर पहुंचे थे। जबकि एसडीएम अर्चना शर्मा को मशीन से सीमांकन नहीं कराने की जानकारी ही नहीं थी। जिसके बाद मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की फटकार के बाद तहसीलदार ईटीएस मशीनों से लैस होकर पहुंचे और सीमांकन का काम शुरू कराया।

## जैकेट का शेष...

### तो... 'तेल का ...

सप्लाई का सबसे अहम मार्ग है। भू-राजनीतिक तनाव की वजह से जब जब ईरान नाराज होता है ये रास्ता बंद हो जाता है। इस रास्ते के एक और यूएई है तो दूसरी ओर ओमान और नुकीले छोर पर है ईरान।

### चट्टानें लगभग 9...

60 मील तक चट्टानों वाले पर्वतों को काटना पड़ेगा। इंजीनियरों ने इस संभावना पर विचार भी किया। इसकी 200 अरब डॉलर तक आएगी।

### कुल उपयोग का....

नहीं चलते क्योंकि यहां गहराई कम है। इसलिए बड़े जहाजों के भूतल से टकराने का खतरा ज्यादा है।

### अबु धाबी से ...

लंबी समुद्री नहर बनाना दुनिया की किसी भी मौजूदा नहर से बड़ा प्रोजेक्ट होगा। तुलना के लिए बता दें कि स्वेज नहर की लंबाई 193 किमी लंबी है और पनामा नहर की लंबाई 82 किमी लंबी है।

### केंद्र की नौकरियों ....

के बाद छात्रवृत्ति, विद्यालय और महाविद्यालय में उच्च श्रेणी की पढ़ाई के लिए सहायता तथा ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा श्रेयसओबीसी योजना भी चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत ओबीसी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शोधवृत्ति तथा ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई के लिए लिए गए शिक्षा ऋण पर ब्याज में सहायता दी जाती है।

### देश भर में ....

रही है । जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि छिंदवाड़ा जैसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए देश भर में 1100 से अधिक कफ सिरप निर्माताओं की गहन जांच की गई है । मध्य प्रदेश में भी मिलावटखोरों के विरुद्ध अभियान तेज रहा है। पिछले तीन साल में मप्र में 40 हजार से ज्यादा फूड आयटम्स की जांच की गई। वर्ष 2022 से 2025 के बीच मध्य प्रदेश में कुल 40,425 खाद्य नमूनों की जांच की गई । इन तीन वर्षों में कुल 6,443 सिविल मामलों में जुर्माना लगाया गया और 139 आपराधिक मामलों में सजा सुनाई गई। मानकों का पालन न करने वाले खाद्य व्यवसाय संचालकों पर कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश में पिछले तीन सालों में कुल 35 लाइसेंस रद्द किए गए हैं। दिसंबर 2022 से 960 से अधिक परिसरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 860 से अधिक कार्रवाई (कारण बताओ नोटिस, उत्पादन रोकना, लाइसेंस रद्द करना आदि) की गई हैं । राज्य अधिकारियों के साथ मिलकर 1100 से अधिक कफ सिरप निर्माताओं की बारीकी से जांच की गई है।

### एनसीईआरटी ने ...

माध्यम से दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में एनसीईआरटी ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने हाल ही में कक्षा 8 (भाग–2) के लिए सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक ' एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियोंड' प्रकाशित की थी, जिसमें 'द रोल ऑफ ज्यूडिशियरी इन अवर सोसाइटी' शीर्षक से अध्याय चार शामिल था। एनसीईआरटी के निदेशक और परिषद के सदस्य इस अध्याय चार के लिए बिना शर्त और पूर्ण रूप से क्षमा प्रार्थी हैं। पूरी पुस्तक को वापस ले लिया गया है और अब यह उपलब्ध नहीं है।

### मां ने 3 बेटियों ...

ममें हुई है। बदोपुर गांव में ससुराल थी। बताया जा रहा है कि एक बच्ची को उसने अपने सीने से बांध रखा था। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे परिवार का ही एक युवक गेहूं के खेत में पानी देने के लिए पहुंचा। जब वह खेत में बने कुए के पास गया तो वहां एक बच्ची की चप्पल पड़ी हुई दिखाई दी। शक होने पर उसने कुए में झांककर देखा तो अंदर बच्चों के शव तैरते नजर आए। मां और एक अन्य बच्ची की तलाश के लिए ग्रामीणों को कुए में उतारा गया। कांटेदार बिलाव की मदद से उन्हें खोजा गया और बाद में चारपाई के सहारे दोनों को भी बाहर निकाला तो उस समय सबकी आंखें खुली की खुली रह गई जब सबसे छोटी बच्ची को महिला ने सीने से बांधा हुआ था। मायका पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि साहिला की हत्या कर उसकी तीनों मासूम बेटियों समेत शवों को कुए में डाल दिया गया। फिरोजपुर झिरका डीएसपी अजायब सिंह के अनुसार, पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले में ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर टीमें गठित की गई हैं और सीआईए स्टाफ को भी जांच में लगाया गया है। हर पहलू से जांच की जा रही है।

### सीईओ पीटर एल्बर्स ...

दे रहा हूं। मेरी रिक्वेस्ट है कि नोटिस पीरियड माफ कर दिया जाए। इंडिगो के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया तब तक मैनेजमेंट का काम संभालेंगे जब तक कंपनी नए लीडर के आने की घोषणा नहीं कर देती, जिसके जल्द ही आने की उम्मीद है। बोर्ड के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल कंपनी के कल्चर, ऑपरेशनल एक्सीलेंस को मजबूत करने और अपने कस्टमर्स की देखभाल के लिए एयरलाइन के मामलों का मैनेजमेंट संभालने के लिए वापस आ रहे हैं। बता दें कि दिसंबर 2025 में इंडिगो को अपने इतिहास के सबसे बड़े ऑपरेशनल संकट का सामना करना पड़ा था। ड्यूटी समय के नए नियमों को लागू करने में कोताही, खराब रोस्टर प्लानिंग और पायलटों की कमी की वजह से यह संकट और भी गहरा हो गया। इसके बाद कंपनी को सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था और इंडिगो के ऑपरेशंस में 10 प्रतिशत की कटौती की गई थी। साथ ही यात्रियों को 10000 रुपए का वाउचर बतौर मुआवजा दिया गया था।

**लगा था 22 करोड़ का जुर्माना:** पीटर एल्बर्स के जाने के पीछे इसी को एक बड़ी वजह माना जा रहा है। सरकार ने कंपनी को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का रिफंड प्रोसेस करने का आदेश दिया था और उस पर 22 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

### गेंदबाज अर्शदीप सिंह ...

डिफेंड किया। गेंद अर्शदीप सिंह की तरफ गई थी और उन्होंने सीधे मिचेल तरफ थ्रो कर दिया। गेंद मिचेल के पैड पर लगा था। इससे मिचेल काफी नाराज हो गए थे और अर्शदीप पर चिल्लाने लगे थे।

### सीबीएससीः 12वीं के...

दोबारा न बने, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की जा रही है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने कहा कि छात्रों और अभिभावकों को किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास नहीं करना चाहिए, क्योंकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित है। कुछ प्रश्नपत्रों के क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब वीडियो खुलने की बात सामने आई थी। भविष्य में ऐसी समस्या न हो, इसके लिए बोर्ड कदम उठा रहा है। हालांकि सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि प्रश्नपत्र असली हैं और सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगी।

### चर्चा के लिए ...

ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पार्टी के सभी लोकसभा सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। व्हिप में सांसदों को बुधवार को पूरे दिन सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और सरकार के पक्ष का समर्थन करने का निर्देश दिया गया है।

### किस आधार पर ...

उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाईं। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।
9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। ओम बिरला ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए।

## पेज एक का शेष...

### देश में 10 ...

खपत 3.13 करोड़ टन रही, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था और शेष की मात्रा आयात पर निर्भर थी। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का 85-90 प्रतिशत एलपीजी आयात सऊदी अरब और अन्य देशों से करता है, जो अपने मार्ग के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं।

### गैस वितरण ...

और उपलब्धता के आधार पर गैस का वितरण तय करेगी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने एक बयान में कहा कि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है। लेकिन उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस अवधि में गैर-जरूरी वाणिज्यिक आपूर्ति के बारे में अंतिम फैसला यही समिति लेगी।

### परिवार ने खाने ...

अंदर कुंदन शर्मा, उसकी पत्नी ज्योति शर्मा, बड़ा बेटा आकाश शर्मा और छोटा बेटा अभिषेक अचेत हालत में पड़े मिले। इलाज के दौरान बड़े बेटे आकाश शर्मा की मौत हो गई, जबकि कुंदन शर्मा, ज्योति शर्मा और छोटा बेटा अभिषेक अभी भी गंभीर हालत में भर्ती हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### टैंकर का वॉल्व ...

की रेस्क्यू टीम और स्थानीय फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। टीम ने आवश्यक सुरक्षा उपाय करते हुए रिसाव को नियंत्रित किया और टैंकर को सुरक्षित वापस प्लांट भेज दिया। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में लोगों को सतर्क भी किया गया। एएसआई ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और टक्कर मारने वाले अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

### समान नागरिक ...

शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं। उन्होंने पूछा कि यदि 1937 का शरियत कानून समाप्त हो जाता है तो उसके स्थान पर क्या व्यवस्था लागू होगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेना संसद के लिए अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों में समान नागरिक संहिता लागू करने का दायित्व विधायिका को दिया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि पहले भी कई बार न्यायालय संसद से समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने की सिफारिश कर चुका है। पीठ के अनुसार सामाजिक और व्यक्तिगत कानूनों में व्यापक सुधार के लिए विधायी प्रक्रिया ही सबसे उपयुक्त रास्ता है। इस दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि अदालत यह घोषणा कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के बराबर उत्तराधिकार अधिकार मिलना चाहिए।
उनका तर्क था कि यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है।

### केंद्र सरकार मुआवजा ...

दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए जो मौजूदा व्यवस्था है, वही जारी रहेगी।
इसके लिए किसी नए अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ पैनल की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति को वैक्सीन के कारण नुकसान हुआ है तो वह कानून के तहत उपलब्ध अन्य कानूनी रास्तों का भी इस्तेमाल कर सकता है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि नो-फॉल्ट मुआवजा की नीति बनाना सरकार की गलती या जिम्मेदारी मानने के बराबर नहीं होगा।

MIN/1/0171/2026-0/0Mining-BPL-COLL 1/855302/2026

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/ /खनिज / 2026 भोपाल, दिनांक / /2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमति मुरुकान दांगी पत्नी श्री शैलेन्द्र दागी निवासी ग्राम भैसीदा तहसील बैरसिया जिला भोपाल द्वारा उत्खनिपटुपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 07.02.2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त क्षेत्र पर प्रकाशन दिनाक से 30 दिवस तक की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

// आवेदन का संक्षिप्त विवरण //

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | बैरसिया | टांडा | 128/1 | भाग रकबा 2.600 हे. | शासकीय | मुरूम | भाग रकबा 2.600 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज) जिला भोपाल

G-27065/25

सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं.- 06/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/ सीई (बी)/... जबलपुर दिनांक 02.03.2026

| क्रं | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWPIU_486853_1 | शासकीय उच्चतर माध्यामिक विधालय कन्या नरसिंहपुर में 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य । | नरसिंहपुर | 639.58 | 639580 | 20000 | 12 (बारह माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2026_PWPIU_486837_1 | शासकीय महाविधालय गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में 09 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | नरसिंहपुर | 551.94 | 551940 | 20000 | 12 (बारह माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |
| 3 | 2026_PWPIU_486824_1 | शासकीय महाविधालय तेन्दुखेड़ा जिला नरसिंहपुर में बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | नरसिंहपुर | 100.58 | 100580 | 12500 | 06 (छैः माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |

1- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
2- निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 06.03.2028 समय 9.00 से दिनांक 20.03.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
3- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग,
नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-27047/25

" स्वच्छता ही सेवा "

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
आफिसः आदित्य कन्स्ट्रक्शन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6161



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6160 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6171

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## इंदौर में कल से होगा सनातन प्रीमियर लीग

# युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, संस्कार और सनातन मूल्यों से जोड़ना है: कथावाचक देवकीनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सनातन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सनातन प्रीमियर लीग को लेकर मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

इस अवसर पर कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने सनातन प्रीमियर लीग का उद्देश्य सनातन धर्म से लोगों को जोड़ने का है। उन्होंने कहा युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन और सनातन मूल्यों से जोड़ने के संकल्प के बारे में विस्तार से बताया। महाराज ने बताया कि वे उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने जाएंगे, जहां वे सनातन प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले सभी सनातनी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और लीग की सफलता के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना करेंगे। देवकीनंदन ने कहा कि युवाओं और बच्चों तक सनातन के संस्कार उसी भाषा और माध्यम से पहुंचाने होंगे, जिसे वे आसानी से समझ सकें। उन्होंने बच्चों को खेलकूद के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़ना आवश्यक बताया। लीग का आयोजन 12 से 15 मार्च तक इंदौर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा।




## जे एन भाया टी -20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शुरू हुए रोमांचक मुकाबले

# भोपाल, इंदौर, शहडोल, रीवा और ग्वालियर डिविजन ने जीते मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित जे एन भाया क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को पहला मुकाबला ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भोपाल संभाग बनाम सागर संभाग खेला गया। भोपाल ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 227 रन बनाए। जवाबी पारी में सागर संभाग की टीम 9 विकेट पर 177 रन ही बना पाई। इस प्रकार भोपाल ने मुकाबला 50 रनों से अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच कनिष्क दुबे चुने गए।

दूसरा मैच इंदौर डिवीजनऔर चंबल डिवीज़न के बीच खेला गया जिसमें इंदौर ने चंबल डिवीजन को 64 रन से हराया। इंदौर डिवीजन ने 4 विकेट के नुकसान पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंबल डिवीजन की टीम 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी। शानदार प्रदर्शन के लिए ऋषभ चौहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरा मैच शहडोल डिवीज़न और जबलपुर डिवीज़न के बीच खेला गया, जिसमें शहडोल डिवीज़न ने 1 विकेट से जीत दर्ज की। जबलपुर की टीम 19.3 ओवर में 173 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए शहडोल ने 19.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 174 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच मैं शानदार प्रदर्शन के लिए रोशन केवट को मेन ऑफ द मैच चुना गया। चौथा मैच रीवा डिवीज़न विरुद्ध उज्जैन डिवीज़न खेला गया, जिसमें रीवा ने उज्जैन को 4 विकेट से हराया। उज्जैन की टीम 19.3 ओवर में 129 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रीवा की टीम ने 17.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच मैं शानदार




प्रदर्शन के लिए ओंकारनाथ सिंह को चुना गया। आज का पांचवा और आख़िरी मुकाबला ग्वालियर डिवीज़न विरुद्ध नर्मदा पुरम डिवीज़न खेला गया। नर्मदा पुरम ने 5 विकेट पर 250 रन बनाए। ग्वालियर की टीम ने यह लक्ष्य 19.4 ओवर में चार विकेट पर ही हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ़ द मैच दो खिलाड़ियों को दिया गया विक्रांत भदौरिया और पार्थ गोस्वामी को संयुक्त दिया गया। आज मैन ऑफ़ द मैच खिलाड़ियों को बीडीसीए के उपाध्यक्ष डॉ सुशील सिंह ठाकुर ,भोपाल लेपर्ड फ्रेंचाईजी प्रमुख के अभिषेक मोहन गुप्ता और एमपीसीए ऑब्जर्वर श्रीमान दिनेश कुमार शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया

## एनडी मीडिया की ओर से कटारिया, गंगवार और शर्मा ने 1-1 विकेट लिया

### ओल्ड कैंपियन मैदान पर नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) के 6वें मीडिया खेल कार्निवाल का आगाज

# अश्विन की नाबाद 69 रन की पारी, गेंदबाजी में चमके श्रीकांत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड चैंपियन ग्राउंड पर आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) के 6वें मीडिया खेल कार्निवाल के उद्घाटन मुकाबले में दैनिक भास्कर ने एनडी मीडिया को 6 विकेट से हरा दिया।

अन्य मुकाबले में डिजियाना-11 ने पत्रिका को रोमांचक मुकाबले में 6 रन से पराजित कर दिया। एनडी मीडिया ने निर्धारित 18 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में दैनिक भास्कर ने 15.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 138 रन बनाकर मैच जीत लिया। अश्विन ने नाबाद 69 रन, प्रभात शुक्ला ने 26 रन, आर.के. यदुवंशी और निखिल शुक्ला ने 11-11 रन बनाए। एनडी मीडिया की ओर से ललित कटारिया, केके गंगवार और संजय शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। अश्विन मैन आफ द मैच बने। दूसरे मैच में डिजियाना-11 ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रिका की टीम 16 ओवर में 6 विकेट पर 138 रन ही बना सकी। श्रीकांत उपासे मैन आफ द मैच बने। इससे पहले खेल कार्निवल का शुभारंभ सुदर्शन अनसोलिया डिप्टी डायरेक्टर जनरल दूरदर्शन ने किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी कमला रावत, मृगेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार, एएस सिंह देव संरक्षक स्पोर्ट्स प्रमोटर ग्रुप, अक्षय शर्मा संपादक स्वदेश ज्योति एवं खेल पत्रकार आर यदुवंशी एवं आयोजन सचिव इंद्रजीत मौर्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर प्रशांत सिंह सेंगर ने किया।

# उच्च शिक्षा मंत्री परमार से भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी रजत पाटीदार ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार से, भोपाल स्थित निवास पर मंगलवार को भारतीय क्रिकेट के खिलाड़ी एवं इंडियन प्रीमियर लीग की रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने सौजन्य भेंट की। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के प्रतिभाशाली खिलाड़ी रजत पाटीदार, प्रदेश और मालवा की पावन धरती के गौरव हैं।

## सीनियर बॉयज बीडीसीए क्रिकेट टीम घोषित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली जेएन भाया (टी-20 मैच ) के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने पहले मैच के लिए सीनियर बॉयज टीम की घोषणा की गई है। टीम का कप्तान पृथ्वीराज सिंह तोमर को बनाया गया है। टीम के कोच अनुपम गुप्ता और सहायक कोच प्रत्यूष चटर्जी और राहुल राजपूत को ट्रेनर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीडीसीए सीनियर बॉयज क्रिकेट टीम में विकास शर्मा , गौरांग जाधवानी (विकेट कीपर), कनिष्क दुबे, राहुल बाथम, तनिष्क यादव, पवन निर्वानी, ऋतिक टाडा, ओजस्व यादव, प्रारब्ध मिश्रा, शिवांश चतुर्वेदी, प्रियांशु प्राण, आकाश सिंह अंकुश सिंह, अश्विन दास, सार्थक सोनी, अनिमेष सिंह, नवीन सिंह, सचिन राव, प्रखर शर्मा,अरबाजुद्दीन अंकित दांगी को भी शामिल किया गया है।

## इंदौर आरटीओ प्रदीप शर्मा ने माउंट अकोंकागुआ पर रचा इतिहास: मीटर ऊंचे शिखर पर फहराया

**भोपाल।** इंदौर आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा ने एशिया के बाहर की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ (6,962 मीटर) पर भारतीय तिरंगा फहराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे देश के पहले आरटीओ अधिकारी बने हैं, जिन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय शिखर पर सफलतापूर्वक आरोहण किया। इस उपलब्धि को इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात की। इस पर मंत्री ने उन्होंने बधाई दी।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल.- 97 मण्डल द्वारा श्री सैय्यद खालिद अली आत्मज श्री सैय्यद अयूब अली के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 06/02/2019 को पंजीकृत है। श्री सैय्यद खालिद अली आत्मज श्री सैय्यद अयूब अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती बीबी आईशा खातून पत्नी श्री मोहम्मद फजलुर रहमान खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21/08/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती बीबी आईशा खातून पत्नी श्री मोहम्मद फजलुर रहमान खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल. - 96 मण्डल द्वारा श्री सैय्यद खालिद अली आत्मज श्री सैय्यद अयूब अली के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 06/02/2019 को पंजीकृत है। श्री सैय्यद खालिद अली आत्मज श्री सैय्यद अयूब अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती बीबी आईशा खातून पत्नी श्री मोहम्मद फजलुर रहमान खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21/08/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती बीबी आईशा खातून पत्नी श्री मोहम्मद फजलुर रहमान खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस / 1111 मण्डल द्वारा श्री राम मूर्ति मिश्रा आत्मज स्व. श्री शिवपाल मिश्रा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 10/01/1992 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 25/03/2018 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज अवधि दिनांक 31/05/2043 तक वैध है। श्री राम मूर्ति मिश्रा आत्मज स्व. श्री शिवपाल मिश्रा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा लता श्रीवास्तव पत्नी श्री अभय शंकर श्रीवास्तव को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा लता श्रीवास्तव पत्नी श्री अभय शंकर श्रीवास्तव के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 158/बी मण्डल द्वारा श्री रामचरण बमनेले आत्मज श्री आलमचंद बमनेले के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 15/07/1997 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 05/04/2019 को पंजीकृत है। श्री रामचरण बमनेले आत्मज श्री आलमचंद बमनेले द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद शाहिद आत्मज श्री मोहम्मद युसूफ को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/06/2019 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद शाहिद आत्मज श्री मोहम्मद युसूफ के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक हमीदिया चिकित्सालय, भोपाल**

क्रमांक /3376-77/ ऑक्सीजन / ह.चि. / 2025-26 भोपाल, दिनांक 6/3/2026

// निविदा आमंत्रण//

गांधी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध हमीदिया चिकित्सालय एवं क्षय चिकित्सालय हेतु मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन की ई-निविदा भोपाल शहर स्थित पंजीकृत विक्रेताओं से दिनांक 31 मार्च 2026 दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्तानुसार निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी ई-पोर्टल www.mptenders.gov.in पर दिनांक 06.03.2026 से उपलब्ध है। निविदा में परिवर्तन संबंधी जानकारी भी पोर्टल पर देखी जा सकती है, जिसका पृथक से प्रकाशन नही किया जावेगा।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
हमीदिया चिकित्सालय, भोपाल

जी - 27081/25 स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय अनुमंडल दंडाधिकारी, सुपौल**
बिहार सरकार
सुपौल—852131
(विधि शाखा)
Email id:sdosupaul@gmail.com Mob.No. 9473191347

अल्पकालीन सूचना

बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के अन्तर्गत अवैद्य शराब के परिवहन में विभिन्न कांडों में जब्त वाहन से गिरफ्तार अभियुक्त/जिला परिवहन पदाधिकारी, सुपौल से वाहन स्वामी के संबंध में प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर वाहन स्वामी को निबंधित डाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत किया गया है। फलतः संबंधित वाहन स्वामी को सामाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जा रहा है सुनवाई की निर्धारित तिथि 18.03.2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | अनुमंडल वाहन/गृह अधिहरण वाद संख्या/वर्ष | थाना कांड संख्या | जब्त वाहन संख्या/ईंजन संख्या/चेचिस संख्या/गृह/मकान | वाहन मालिक/संबंधित वाहन के साथ पकड़े गये व्यक्ति का नाम | सुनवाई की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | 33/25 | लौकहा 22/24 | बाजाज प्लेटिना मोटरसाईकिल रजि0 नं0 MP30NC-2612 इंजन नं0– DUNBRF08179, चेचिस नं0– MD2DDDZZZRWF69352 | दिलीप सिंह पे0 भगवान दास, सा0 ना मालूम | 18.03.2026 |

उपर्युक्त सारणी के कॉलम–05 में नामित वाहन मालिक एवं वाहन के साथ पकड़े गये व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रहे कॉलम–02 में वर्णित अधिहरण वाद में नोटिस निर्गत किये जाने के बावजूद आपके द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखा गया है। जिसके कारण वाद की अग्रेतर कार्रवाई एवं निष्पादन में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

अतः उपर्युक्त सारणी के कॉलम–05 में नामित व्यक्तियों को अंतिम रुप से सूचित किया जाता है कि उनके नाम के सामने कॉलम–06 में अंकित सुनवाई की निर्धारित तिथि को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रखें। उक्त निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने के स्थिति में यह समझा जायेगा कि संबंधित अधिहरण वाद में आपको कुछ नहीं कहना है एवं बाध्य होकर अभिलेख में उपलब्ध तथ्य, साक्ष्य एवं कागजात के आधार पर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए जब्त वाहन को नियमानुसार अधिहरण/राजसात (ब्वदपिबंजपवद) हेतु आदेश पारित कर दिया जायेगा।

उपरोक्त सूची में उल्लेखित वाहनों पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा बनता हो तो वैसे व्यक्ति भी निर्धारित तिथि को ससमय अनुमंडल न्यायालय (विधि शाखा) में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रखें।

इसे अत्यावश्यक समझें।

अनुमंडल दण्डाधिकारी,
सुपौल

PR. No. 025685 (Excise) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।



भारतीय विमानपत तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण
**Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)**
भारत सरकार/Government of India
3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi-110003
Ph.: 011-24695044

**PUBLIC NOTICE**

**STAKEHOLDERS' CONSULTATION MEETING ON DETERMINATION OF TARIFF FOR THE AERONAUTICAL SERVICES FOR NOIDA INTERNATIONAL AIRPORT, JEWAR FOR THE FIRST CONTROL PERIOD (01.04.2026 to 31.03.2031)**

Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA) has issued Consultation Paper No. 07/2025-26 on 06.03.2026 (which is available on AERA website at URL www.aera.gov.in) w.r.t the Tariff Determination for Aeronautical Services for Noida International Airport, Jewar for the 1" Control period Tariff Cycle of five years (01.04.2026 to 31.03.2031).

In accordance with the provision of Section 13(4) of the AERA Act, 2008, the various tariff proposals of the Authority contained in the Consultation Paper, are put forth for Stakeholders' Consultation. A Stakeholders Consultation Meeting in hybrid mode (Physical/Online) in this regard is scheduled on 23rd March, 2026 (Monday) at 3:00 PM at:

Stakeholders Room, 3rd Floor, Udaan Bhawan,
Safdarjung Airport, New Delhi-110003

All stakeholders like Passengers/Passengers' Associations, General Public, Airport Operators, Airlines, Industry Associations / Bodies, Independent Service providers for Cargo, Ground Handing Fuel Farm etc., are requested to join the said meeting and give their valuable suggestions / comments / views on the aforesaid Consultation Paper on tariff proposal of Noida International Airport, Jewar.

Participants joining in person may send their confirmation to AERA by 20 March, 2026 with Name, email address, mobile number, vehicle number by email (to director-ps@aera.gov.in and rajan.guptal@aera.gov.in). Online link will be shared on AERA website (https://aera.gov.in) before the Stakeholders meeting under Tab "News and Announcements".

Sd/-
Secretary, AERA

cbc 03112/12/0014/2526



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा म.प्र.**

website: www.mp.gov.in/pwdmp email :- eepwdbrirewa@mp.nic.in
Phone - 07662-256720

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 07/का.यं./ सेतु संभाग रीवा/2025-26 रीवा दिनांक 06.01.2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | 1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. ईएमडी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज जमा करने हेतु। 2. कार्यावधि (वर्षाकाल रहित अथवा सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_ PWDRB_ 486101_1 | रीवा जिले के अंसरा से कोटवा मार्ग में अंसरा नाले पर पुल एवं पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य | द्वितीय | 1. 25610000.00 2. 256100.00 3. 15000.00 | 1. केवल ऑनलाईन 2. 10 माह वर्षाकाल सहित |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 23.03.2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग रीवा (म.प्र.)
दूरभाष 07662-256720

G-27072/25 " स्वच्छता ही सेवा "



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**

Phone no 0755-2761257 Email : eenvda23@gmail.com
पत्र क्रमांक 668/व.ले.लि.-23/2025-26 भोपाल, दिनांक 09.10.2024

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
(द्वितीय आमंत्रण)

ई-टेण्डरिग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :

| स. क्र. | नि. आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 13 (IInd) Call | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन 59, अरेरा हिल्स, भोपाल में स्थापित फायर फाईटिंग, फायर अलार्म सिस्टम, फायर एक्सटिंगुसर्स एवं वाटर सप्लाय पम्प आदि कार्यो का वार्षिक रख-रखाव एवं संचालन का कार्य वर्ष 2025-26. | Rs. 30.77 लाख (रू. तीस लाख सतत्तर हजार मात्र) | Rs. 50,000.00 (रू. पचास हजार मात्र) | Rs.5,000.00 (रू. पाँच हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |
| 2 | 14 (IInd) Call | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण नर्मदा भवन के कूलरों की सर्विसिंग एवं हॉट वेदर अरेन्जमेन्ट का कार्य वर्ष 2026 के लिए। | Rs. 06.03 लाख (रू. छः लाख तीन हजार मात्र) | Rs. 12,060.00 (रू. बारह हजार साठ मात्र) | Rs.2,000.00 (रू. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र | दिनांक 1.4.2026 से 15.6.2026 |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 18.03.2026, 17.30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेबसाईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 23.03.2026, 10.30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है।
निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23
59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

G-27087/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "



**M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No. : 2001/GM/MPBDC/CW/26/NIT-78 Bhopal, Dated : 10.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites Online Tenders for the following works :-

1. New Furniture for MPBDC office at Second Floor and Third Floor of CEDMAP Building Arera Hills, Bhopal **PAC :- Rs. 57.99 Lakhs**
2. Construction of Integrated aquapark and Research center at Bhadbhada Fisheries Area, Bhopal M.P. (3rd Call) **PAC :- Rs. 3,165.38 Lakhs**
3. Construction of new Building in Govt. College at Hanumana, Dist. Mauganj (M.P.) **PAC :- Rs. 1,348.85 Lakhs**
4. Construction of Government Law College Dist. Agar Malwa M.P. **PAC :- Rs. 1,555.24 Lakhs**
5. Construction of 50 bedded Boys and 50 Girls bedded Hostel at Sandeepani School Anjaniyan, Dist. Mandla M.P. **PAC :- Rs. 367.76 Lakhs**
6. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Pansemal, District Badwani M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
7. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Dhulkot, Dist. Khargone M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
8. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Pandhana, District Khandwa M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
9. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Punasa, District Khandwa M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
10. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Sardarpur, Dist. Dhar M.P. **PAC :- Rs. 2,974.09 Lakhs**
11. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Katni M.P.(2nd Call) **PAC :- Rs. 439.34 Lakhs**
12. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Mandsaur M.P. (2nd Call) **PAC :- Rs. 449.16 Lakhs**
13. Construction of Indoor Hall and Boundary Wall at Dist. Narmadapuram M.P. **PAC :- Rs. 384.51 Lakhs**
14. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. ABV Arts and Commerce College, Dist. Indore M.P. **PAC :- Rs. 204.77 Lakhs**
15. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Sehore M.P. **PAC :- Rs. 621.34 Lakhs**
16. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Raisen M.P. **PAC :- Rs. 494.82 Lakhs**
17. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Rajgarh M.P. **PAC :- Rs. 299.28 Lakhs**
18. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Vidisha M.P. **PAC :- Rs. 458.2 Lakhs**
19. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Datia M.P. **PAC :- Rs. 571.19 Lakhs**
20. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Seoni M.P. **PAC :- Rs. 850.74 Lakhs**
21. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Hamidia College, Dist. Bhopal. **PAC :- Rs. 537.55 Lakhs**
22. Construction of Outdoor stadium at Bareli Dist. Raisen M.P. **(2nd Call) PAC :- Rs. 237.83 Lakhs**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from **16.03.2026 at 18:00 hrs. to 07.04.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 01 to 02), 13.03.2026 at 18:00 hrs. to 06.04.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 03 to 22) from website www.mptenders.gov.in The bidders have to submit the Bids online only** from Website **www.mptenders.gov.in**. PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/124855/2026 **MANAGING DIRECTOR**

## चिंतन

# जमाखोरी पर कड़ी नजर से ही जरूरतमंद को मिलेगी गैस

देश में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। कई राज्यों में सप्लाई पर रोक लगाने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट्स और हॉस्टलों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हालात में सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी न बढ़ जाए। अगर समय रहते सरकार ने इस पर सख्त निगरानी नहीं रखी तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गैस वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके। गैस की किल्लत का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव माना जा रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़े टकराव के कारण हॉर्मुज जलमार्ग से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण रास्ता है और इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसी वजह से देश में एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई और गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। रसोई गैस (एलपीजी) और पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) को 100 प्रतिशत उपलब्धता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और उर्वरक संयंत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि इनका संबंध सीधे आम लोगों की जरूरतों और कृषि उत्पादन से है। गैस वितरण और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। इसका असर कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे उद्योग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए। दरअसल, होटल और ढाबे सिर्फ व्यापार नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए हैं। इनसे जुड़े रसोइयों, वेटरों, डिलीवरी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर करती है। यदि गैस की कमी के कारण यह कारोबार ठप पड़ता है तो इसका असर सीधे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे संकट के समय में सबसे बड़ा खतरा जमाखोरी और कालाबाजारी का होता है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी जरूरी वस्तु की कमी होती है तो कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन गैस की किल्लत के समय भी यही हुआ था। कई जगहों पर जमाखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडरों को छिपाकर रखा और जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूले। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू किया है। इस कानून के तहत सरकार किसी भी जरूरी वस्तु की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित कर सकती है तथा जमाखोरी पर रोक लगा सकती है। गैस की मौजूदा स्थिति में यह कदम बेहद जरूरी है, लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को चाहिए कि गैस एजेंसियों, गोदामों और वितरण केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए। यदि सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त नजर रखे, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और सभी क्षेत्रों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे, तो इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। तभी यह सुनिश्चित होगा कि गैस वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।



जल संयंत्र
प्रमोद भार्गव

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों में बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि खाड़ी देशों की बड़ी आबादी शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है।

# खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा।

अब पूरे मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। अमेरिका और इजराइल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेहरान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुएं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम हैं। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखे के चलते तेहरान के तालाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजराइल में तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खड़ी किए जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एर्नाकूलम, कोझीकोड़, रत्नागिरी और विजयनगर जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है। मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। यहां वर्षा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निश्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है। इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है। ये सभी नगर समुद्र किनारे बसे हैं, लेकिन खाड़ी देशों की तरह खारे पानी को मीठा बनाने के संयंत्र स्थापित करने में कोई नगर आगे नहीं आया है। जमीन की भीतरी बनावट ऐसी होती है कि बारिश का पानी एक निर्धारित सीमा तक ही जमीन में तैरता रहता है, जो कि प्रसंस्कृत होकर नीचे पीने के योग्य अपने आप बनता रहता है। ज्यादा खुदाई के बाद समुद्र किनारे बसे ज्यादातर महानगरों में खारा पानी आ जाता है, क्योंकि वह समुद्री जल स्तर से प्रभावित होने लगता है। यह खतरा भूमण्डल का तापमान लगातार बढ़ते जाने से और बढ़ गया है। नए अध्ययनों से पता चलता है कि पश्चिमी अंटार्कटिक में बिछी बर्फ की पट्टी बहुत तेजी से पिघल रही है। यह पानी समुद्री जल को बढ़ा रहा है। इस कारण एक ओर तो बांग्लादेश और मार्शल द्वीपों पर डूब जाने का आसन्न खतरा मंडरा रहा है, वहीं समुद्री रिहाइशी इलाकों का पीने योग्य पानी खारे पानी में विलय हो जाने का खतरा है। ऐसे में ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध ने समुद्र तटीय खाड़ी देशों में पेयजल संकट को गहरा दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## पड़ोस
अखिलेश आर्येन्दु



# नया बदलाव नेपाल-भारत रिश्तों के लिए अहम

कुछ ही दिनों में नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा। संभावना है कि बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल में नई युवा संसद वाला मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण करेगा। नेपाल के इतिहास में पहली बार 99 प्रतिशत सांसद युवा होंगे, जिनमें बालेन शाह की उम्र 35 वर्ष हैं। कहा जा रहा है कि नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से इस बार की संसद को युवा बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड को छोड़कर इस बार कोई भी उम्रदराज नेता नेपाल की संसद में नहीं होगा। इतिहास किस तरह बदलता है और उस देश के लिए किस तरह की तस्वीर पेश कर रहा है, नेपाली संसदीय चुनाव के बाद उभरी तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। नेपाल में इस बार संसदीय इतिहास ही नहीं बदला है बल्कि राजनीति और नेपाल के राजनीतिज्ञों के चेहरे भी बदल गए हैं। यानी नए नेपाल की नई तस्वीर।

नेपाल के लोकतंत्रीय राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई एक दल अपने बूते पर सरकार बना रहा है। गौरतलब है कि 2008 में नेपाल में 239 साल पुरानी नेपाल की राजशाही व्यवस्था के स्थान पर लोकतंत्र कायम हुआ था और देश में नया संविधान 2015 में लागू हुआ। जिन वजहों से राजशाही व्यवस्था को खत्म किया गया था और जिन उद्देश्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नया संविधान लागू किया गया था, इसमें किसी भी उद्देश्य को पिछली सरकारें हासिल करने में विफल रहीं थीं। शायद इसी विफलता का परिणाम था नेपाल में सत्ता के प्रति खुला विद्रोह यानी जेन जी आंदोलन। राजशाही खत्म होने के बाद केंद्र में जिन दलों के गठजोड़ से सरकारों का गठन हुआ, उनके कार्यों के प्रति जनता में संतोष और इत्मीनान देखने को नहीं मिला। यानी पिछली सरकारों के प्रति नेपाली जनता के अनुभव कभी अच्छे नहीं रहे। जेन जी आंदोलन के बाद हुए इस पहले चुनाव में पिछली चुनावी तस्वीर को एकदम बदल कर रख दिया है। अब यह तय माना जा रहा है कि स्वतंत्र पार्टी जो पूर्ण बहुमत (138 सीटें पूर्ण बहुमत के लिए चाहिए) से भी अधिक सीटें जीत कर पहली बार अकेले दम पर सरकार का गठन करने जा रही है। अब आरएसपी को जब नेपाली सांसद में पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, नेपाली जनता की उम्मीदों पर ही खरा नहीं उतरना है, बल्कि भारत सहित पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाते हुए बेहतर रिश्ते कायम रखना होगा। खासकर भारत के साथ बेहतर पारंपरिक रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के वक्त जो बहुत अच्छे नहीं थे, उसे भी बेहतर करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ एक संतुलित और पारंपरिक रिश्ते को कायम रखने के लिए भारत सरकार से किस तरह की नीति अपनाई जाए, इस नई सरकार को बेहद संजीदा ढंग से समझना होगा। दरअसल, चीन की लगातार कोशिश रहती है कि वह नेपाल की राजनीति में हर स्तर पर दखल ही न दे, बल्कि अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भारत के साथ बने पारंपरिक रिश्ते में दरार पैदा कर, अपना उल्लू सीधा करे। चीन में बनी तमाम वस्तुएं नेपाली बाजारों में बेधड़क बिकती हैं। भारत की भी कोशिश रही है कि नेपाल के बाजारों में भारत में बनी ज्यादातर चीजों की खपत हो। ऐसे में नई सरकार को बेहतर संतुलन बनाकर चलना होगा जिससे उसके पड़ोसियों से रिश्ते भी खराब न हों। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसपी के दोनों बड़े नेताओं रबि लामिछाने और बालेन शाह को बधाई ही नहीं दी बल्कि नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वक्त में दोनों देशों की साझी कोशिशों से भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। बालेन शाह यदि भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी। आरएसपी के घोषणापत्र में नेपाल-चीन इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना को हटा दिया गया था। इसका मतलब नेपाल चीन की हर शर्त या योजना पर आंख मूंद कर मोहर लगाने वाला नहीं होगा। यदि वे भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# अध्यात्मवाद में समस्त समस्याओं का निदान



संकलित
दर्शन

वर्तमान की समस्त समस्याओं का एक सहज सरल निदान है, अध्यात्मवाद। यदि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्मवाद का समावेश कर लिया जाए, तो समस्त समस्याओं का समाधान साथ-साथ होता चले और आत्मिक प्रगति के लिए अवसर एवं अवकाश भी मिलता रहे। विषयों में सर्वथा भौतिक दृष्टिकोण रखने से ही सारी समस्याओं का सूत्रपात होता है। दृष्टिकोण में वांछित परिवर्तन लाते ही सब काम बनने लगेंगे। आत्म-परिष्कार से संसार परिष्कृत होता चला जाता है। अपने को सुधारने से सारी समस्याओं का समाधान होता चला जाता है। अपने को ठीक कर लेने से आसपास के वातावरण के ठीक बनने में देर नहीं लगती। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि जो अपना सुधार नहीं कर सका, अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित नहीं कर सका, उसका भविष्य अंधकार मय ही बना रहेगा। इसीलिए मनीषियों ने मनुष्य की सबसे बड़ी बुद्धिमता उसकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति को ही माना है। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक स्वरूप है, संतुलन, व्यवस्था एवं औचित्य। शारीरिक समस्या तब पैदा होती है, जब शरीर को भोग साधन समझ कर बरता जाता है। आहार-विहार और रहन-सहन को विचार परक बना लिया जाता है। इसी अनौचित्य एवं अनियमितता से रोग उत्पन्न होने लगते हैं और स्वास्थ्य समाप्त हो जाता है। विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आसानी से हल निकल सकता है, यदि इस संदर्भ में दृष्टिकोण को आध्यात्मिक बना लिया जाए।

# हर परेशानी का समाधान समय के साथ



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था। एक दिन निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ। शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई। गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं मगर समय के साथ उनका समाधान भी हो जाता है। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया, उसने देखा कि कुछ ही दिनों में उसके जीवन में शांति आ गई।

## सटाका




## आज की पाती

### निवेशकों को नुकसान

मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति बनी हुई है, उसके चलते शेयर बाजार में भारी गिरावट आ चुकी है। इसके चलते अनेक लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में इस गिरावट से उन लोगों की उम्मीदें टूटी हैं जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शयह बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है। कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चल पाता है। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए हमारे यहां शेयर मार्केट में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*- मनस्वी कौशिक, हिसार*

## ट्रेंड

### जल जीवन मिशन



केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8.69 लाख करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी जनकल्याण के प्रति सरकार के कमिटमेंट का प्रतिबिंब है। इससे 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचेगा और जल सेवाओं का ऑपरेशन व मेंटेनेंस और अधिक प्रभावी होगी।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### शी बॉक्स पोर्टल



कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायतें सहज, सुरक्षित और गोपनीय तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### अर्थव्यवस्था को नुकसान



पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाज़ार गिर रहा है, गैस की कीमतें बढ़ रही हैं, इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### गैस-तेल की किल्लत



शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर, बाक़ी सभी कमर्शियल संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# सैन्य अभ्यास से चुनौती दी तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ेंगे

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने ईरान में जारी जंग के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया 'वारियर शील्ड' नाम का फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के इस खतरनाक समय में यह अभ्यास क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को जारी किए गए बयान में किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई भी चुनौती देने पर 'भयानक परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि सोमवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना 11 दिन का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया था जिसमें हजारों सैनिक शामिल हैं। किम यो जोंग ने ईरान के युद्ध का नाम लिए बिना कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के ये अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तेजी से ढह रही है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध छिड़ रहे हैं, तब इन लापरवाह और बदमाश अंतरराष्ट्रीय गुंडों के कृत्यों के कारण यह सब हो रहा है।' 'फ्रीडम शील्ड' अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं द्वारा हर साल किए जाने वाले 2 कमांड-पोस्ट अभ्यासों में से एक है।



## ऑफ बीट

# महर्षि दुर्वासा की तपोभूमि है श्री दुर्वेश्वर महादेव

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर नड्डी के समीप डल क्षेत्र में स्थित श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर ऐसा ही एक पावन तीर्थ है, जहां श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य एकाकार हो उठते हैं। मंदिर के ठीक सम्मुख स्थित शांत जलराशि से युक्त डल झील इस स्थल की आध्यात्मिक आभा को और भी गहन बना देती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में महर्षि दुर्वासा ने इसी तपोभूमि पर कठोर साधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। महर्षि ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि जनकल्याण की भावना से तपस्थली के समीप जल की व्यवस्था का वर चाहा। शिव ने उनकी कामना स्वीकार की और सप्तऋषियों के प्रतीक रूप में सात जलधाराएं फूट पड़ीं। वही जलधाराएं आगे चलकर एकत्रित हुईं और डल झील के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। कालांतर में यहां महादेव की स्थापना हुई और यह स्थल (छोटा मणिमहेश) के रूप में विख्यात हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां स्नान एवं परिक्रमा से वही पुण्यफल प्राप्त होता है, जो भरमौर स्थित पवित्र मणिमहेश यात्रा से मिलता है। इतिहास के अनुसार इस मंदिर का निर्माण लगभग दो शताब्दी पूर्व घरोह निवासी कलेशर सिंह राणा ने करवाया था।



## खबर संक्षेप

### एआईजी में जिरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म लांच

**हैदराबाद।** एआईजी हॉस्पिटल्स ने जिरोस्कोपिक न्यूरो-रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म के शुभारंभ की घोषणा की। यह दक्षिण भारत में अपनी तरह की पहली और पूरे देश में दूसरी स्थापना है। इस उन्नत तकनीक के आने से ब्रेन ट्यूमर और जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के उपचार में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मस्तिष्क के भीतर होने वाली बीमारियों के उपचार के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह सिस्टम डॉक्टरों को अत्यंत सटीकता के साथ ट्यूमर और अन्य असामान्य ऊतकों का इलाज करने में सक्षम बनाता है। सबसे खास बात यह है कि इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की ओपन सर्जरी, चीरा या टांकों की आवश्यकता नहीं होती और मरीज का उपचार डे-केयर प्रक्रिया के रूप में किया जा सकता है।

### डाबर का नया अभियान वाटिका आई एम मोर

**नई दिल्ली।** डाबर वाटिका ने 'वाटिका आई एम मोर' नाम से एक नई और प्रभावशाली मुहिम शुरू की है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को कम आंकने वाली भाषा को चुनौती देना है। 'वाटिका आई एम मोर' इन शब्दों को हटाकर एक ऐसी नई सोच बनाना चाहता है, जहां महिलाओं के साहस और उनकी बहुमुखी पहचान का सम्मान हो। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड , अंकुर कुमार ने कहाकि वाटिका में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि एक महिला की पहचान बहुत गहरी और बहुआयामी होती है। यह अभियान उन बंदिशों के खिलाफ खड़ा होने का हमारा तरीका है।

## शहर में रोजाना 10 हजार कमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल

# रसोई गैस की कीमत बढ़ने के साथ कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से इंडक्शन कुकर की मांग दो गुना बढ़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य पूर्व में चल रहे ईरान-इजराइल संघर्ष का असर अब गैस सप्लाई व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। ऑयल कंपनियों ने एहतियातन कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी फिलहाल रोक दी है।

इस फैसले से भोपाल के होटल, रेस्त्रां, मैरिज गार्डन और छोटे-बड़े उद्योगों की चिंता बढ़ गई है, खासतौर पर ऐसे समय में जब शहर में शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। राजधानी भोपाल में करीब दो हजार से ज्यादा छोटे-बड़े होटल और रेस्त्रां हैं, जहां रोजाना 10 हजार से अधिक कमर्शियल गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाता है। अतः भोपाल में इस 10 हजार कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति कंपनियों द्वारा बाधित किए जाने से इंडक्शन कुकर की मांग दोगुना बढ़ गई है।

गर्ग ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम गर्ग ने कहाकि रसोई गैस की कीमत बढ़ने और भविष्य में सप्लाई को लेकर बनी अनिश्चितता का असर बाजार में दिखाई देने लगा है। शहर के



फाइल फोटो

रिटेल बाजारों में इलेक्ट्रिक किचन उपकरण जैसे- इंडक्शन कुकर की बिक्री दो गुना तक बढ़ गई है। दुकानदारों के मुताबिक रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति में अनिश्चितता के चलते भारत में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में भारी उछाल आया है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ऊर्जा लागत बढ़ने के कारण, लोग अब एलपीजी के भरोसेमंद और किफायती विकल्प के रूप में बिजली से चलने वाले उपकरणों को अपना रहे हैं।

### आगे सिलेंडर की कमी का डर

बताया जा रहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई चैन प्रभावित होने के साथ कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को आगे सिलेंडर की कमी का डर है, जिससे वे पैनिक बाइंग (घबराहट में खरीदारी) कर रहे हैं। लोग गैस पर निर्भरता कम करने के लिए इंडक्शन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक राइस कुकर, केतली और माइक्रोवेव ओवन की भी खरीदी कर रहे हैं। अगर एलपीजी की आपूर्ति में सुधार नहीं होता है, तो मांग और बढ़ सकती है। बाजार जानकारों के अनुसार राजधानी भोपाल जैसे शहरों में इंडक्शन कुकर की बिक्री में 40 फीसदी तक का उछाल देखने को मिल रहा है। भारत का इंडक्शन कुकटॉप बाजार 2025-2033 के दौरान 8.33 फीसदी से अधिक की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।

### होटल कारोबारियों ने उठाए सवाल

कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई रुकने से होटल और रेस्त्रां संचालकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1773 रुपए से बढ़ाकर 1888 रुपए कर दी गई है और वे बढ़ी हुई कीमत चुकाने के लिए भी तैयार हैं। इसके बावजूद अचानक सप्लाई रोकना समझ से परे है, खासकर तब जब शहर में शादियों का सीजन चल रहा है। मार्च के बाकी दिनों में भोपाल और आसपास के इलाकों में करीब एक हजार से ज्यादा शादियां होने वाली हैं। ऐसे में मैरिज गार्डन और कैटरिंग कारोबार पर इसका असर पड़ सकता है।

### रोजाना 10 हजार सिलेंडर की खपत

एलपीजी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गुप्ता ने बताया कि राजधानी भोपाल में संचालित गैस एजेंसियों में अगले आदेश तक कमर्शियल सिलेंडरों की डिलीवरी रोक दी गई है। सामान्य दिनों में भोपाल में रोजाना करीब 10 हजार कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई होती थी।

## जेईई एवं नीट की कोचिंग में 100 प्रतिशत तक मिलेगी छात्रवृत्ति

# रेजोनेंस और नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन के बीच शैक्षणिक समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रेजोनेंस, कोटा और भारतीय नौसेना की नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन के बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सहयोग समझौता संपन्न हुआ है। इस समझौते के अंतर्गत रेजोनेंस द्वारा भारतीय नौसेना के कर्मचारियों के बच्चों को जेईई एवं नीट की कोचिंग में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी ने समझौते पर हस्ताक्षर कर इस पहल को



औपचारिक रूप दिया। कार्यक्रम में कमोडोर एसएम उरूज अथर (नेवल एजुकेशन) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। रेज़ोनेंस के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट एवं केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी ने बताया कि देश की सुरक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक वर्गों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर सकें। रेजोनेंस द्वारा समाजहित में कई विशेष छात्रवृत्ति कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसके अंतर्गत पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री बलों, सीआरपीएफ तथा भारतीय रेल सेवा के कर्मचारियों के बच्चों को भी विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## टाटा कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष सुब्रमणियन ने कहा

# भारत है एक स्थिर और भरोसेमंद एआई भागीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तंजावुर

टाटा कम्युनिकेशंस और टाटा एलेक्सी के चेयरमैन एन.जी. सुब्रमणियन (एनजीएस) ने कहा कि भारत वैश्विक एआई इकोसिस्टम में भू-राजनीतिक रूप से स्थिर और भरोसेमंद भागीदार है और एआई से जुड़े सही डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने की इसकी क्षमता निर्णायक साबित होगी।

तंजावुर स्थित सस्त्रा विश्वविद्यालय में आयोजित सस्त्रा पैक्ट फॉर इम्पैक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने एआई के बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने और स्वदेशी रूप से क्षमता और लचीलापन विकसित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए सस्त्रा की सराहना की। एनजीएस ने एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के बजाय उन्हें सिखाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और धार्मिक एआई की आवश्यकता पर जोर दिया।



समझौता ज्ञापन के दौरान

### समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

*सस्त्रा ने जोहो कॉर्पोरेशन, सिटी यूनियन बैंक और सेंटिफिक इंक. के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। आईआईटी रोपड़, ग्रीव्स कॉटन, प्रोडेप्ट और एनस्टोर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), भौतिक एआई, कृषि स्थिरता, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, उन्नत विनिर्माण और गणितीय मॉडलिंग के क्षेत्र में सहयोगात्मक कार्य के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जोहो के सीईओ शैलेश कुमार डेवी, सिटी यूनियन बैंक के सीईओ और एमडी डॉ. एन. कामाकोडी, आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा, सेंटिफिक इंडिया के प्रमुख आर.एल. नरसिम्हन और प्रोडेप्ट की सीडीओ धनशरी भट उपस्थित थे। शास्त्र के कुलपति डॉ. एस. वैद्यसुब्रमण्यम ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया।*

## बीपीसीएल बीना रिफाइनरी की स्माइल ट्रेन इंडिया से साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) बीना रिफाइनरी ने स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से मध्य प्रदेश के सागर और भोपाल संभाग के बच्चों को जीवन बदलने वाली कटे होंठ और तालू कि उपचार सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।



इस पहल की नींव इस विश्वास पर आधारित है कि हर बच्चे को स्वस्थ जीवन की शुरुआत और आगे बढने का समान अवसर मिलना चाहिए। यह कार्यक्रम कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाओं और जमीनी स्तर पर जागरूकता प्रयासों को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि संसाधनों की कमी या सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण कोई भी कटे होंठ और तालू से प्रभावित बच्चा उपचार से वंचित न रहे। हर कटे होंठ और तालू कि सर्जरी किसी बच्चे के लिए जीवन का दूसरा अवसर और एक परिवार के लिए उम्मीद की नई किरण होती है।

### होंडा मानेसर हाफ मैराथन 2026-रन फॉर रोड सेफ्टी के चौथे संस्करण का समापन

गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने होंडा मानेसर हाफ मैराथन 2026-रन फॉर रोड सेफ्टी के चौथे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। आईएमटी मानेसर स्थित एचएमएसआई के ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री से इस आयोजन को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। इस वर्ष का आयोजन खास रहा क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ आयोजित हुआ, जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण की भावना का भी उत्सव मनाया गया। चौथे संस्करण को शानदार प्रतिक्रिया मिली।

## ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा

# युद्ध तनाव से भारत की अर्थव्यवस्था एवं ट्रांसपोर्ट उद्योग पर प्रभाव संभावित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत सहित संपूर्ण विश्व इस समय मध्य-पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालात को गहरी चिंता के साथ देख रहा है। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है, उसके लिए ऐसी परिस्थितियां गंभीर आर्थिक चुनौती पैदा कर सकती हैं। यह बात ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कही।

कपूर के अनुसार यदि यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है या युद्ध का दायरा बढ़ता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि की संभावना है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें वैश्विक बाजार से प्रभावित होती हैं, इसलिए डीज़ल, पेट्रोल और अन्य ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर देश की परिवहन व्यवस्था और आम उपभोक्ता पर पड़ सकता है। उन्होंने कहाकि भारत का सड़क परिवहन क्षेत्र देश की आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ माना जाता है और देश में लगभग 85 प्रतिशत माल परिवहन ट्रकों के माध्यम से होता है। ट्रांसपोर्ट परिचालन में लगभग 55 प्रतिशत लागत केवल ईंधन पर निर्भर करती है। ऐसे में यदि डीज़ल की कीमतों में वृद्धि होती है तो ट्रक संचालन की लागत में भारी बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है।

### सरकार से मांग, परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उठाए यह कदम

उन्होंने कहाकि ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि सरकार और नीति-निर्माता समय रहते आवश्यक कदम उठाएं ताकि ट्रांसपोर्ट उद्योग पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े और देश की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित न हो। उन्होंने संगठन की ओर से भारत सरकार से मांग की, कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए डीजल पर करों की समीक्षा कर ट्रांसपोर्ट सेक्टर को राहत प्रदान की जाए। माल परिवहन क्षेत्र को आर्थिक स्थिरता देने के लिए आवश्यक नीतिगत सहायता प्रदान की जाए। टोल टैक्स और अन्य परिचालन लागतों में यथासंभव राहत पर विचार किया जाए। छोटे और मध्यम ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों को वित्तीय सहायता और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। देश की आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रांसपोर्ट उद्योग को रणनीतिक महत्व के क्षेत्र के रूप में देखा जाए।

### परिवहन महंगा हुआ तो आम उपभोक्ता आएगा महंगाई की चपेट में

कपूर ने कहाकि ईंधन महंगा हुआ तो माल भाड़े में वृद्धि होगी, लॉजिस्टिक्स लागत में बढ़ोतरी निश्चित है। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। व्यापार और उद्योग की लागत में वृद्धि होगी और छोटे ट्रांसपोर्टरों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर दबाव बनेगा। यह प्रभाव अंततः आम उपभोक्ता तक पहुंचता है क्योंकि हर वस्तु की कीमत में परिवहन लागत शामिल होती है। इसलिए यदि ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि होती है तो इसका प्रभाव खाद्य पदार्थों, निर्माण सामग्री, कृषि उत्पादों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है।

## भोपाल चेंबर का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर मिला कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति बहाल करने पत्र



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल की अध्यक्षता में संस्था का प्रतिनिधिमंडल भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मिला और कमर्शियल गैस सिलेंडर आपूर्ति को बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि तेल-गैस कंपनियों द्वारा भोपाल सहित समूचे प्रदेश और देश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद कर दी है। कंपनियों द्वारा उठाए गए इस कदम राजधानी के होटल, रेस्टोरेंट, खाद्य, मिष्ठान, टेंट-केटर्स सहित मैरिज गार्डन पर दुष्प्रभाव पड़ा है। भोपाल जिले में लगभग 2000 होटल एंड रेस्टोरेंट बिना कमर्शियल गैस के अपना भोजन एवं नास्ता आदि कैसे तैयार कर पाएंगे। भोपाल जिले में शादी, ब्याह, होली मिलन समारोह एवं अन्य प्रसांगिक कार्यक्रम भी चल रहे हैं। अतः बिना कमर्शियल गैस सिलेंडर के ये सब कार्य संपन्न नहीं होंगे। इसलिए कमर्शियल गैस के सिलेंडर की सप्लाई जारी रखी जाए। चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिन्होंने महीनों से शादी - ब्याह आदि के निमंत्रण बांटे है वो कैसे होंगी एवं होटलों द्वारा भोजन की व्यवस्था कैसे होगी। अतः अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थितियों के निवारण के लिए कोई ठोस निर्णय लिया जाए ।

## बिजनेस न्यूज

### सेंट्रल बैंक ने महिलाओं की उपलब्धियों को किया सम्मानित



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा समाज में समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ में उपमहाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। बैंकिंग क्षेत्र में भी महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो अपनी लगन, परिश्रम और जिम्मेदारी के साथ संस्था की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उप अंचल प्रमुख डीके पाण्डेय ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को सराहा तथा महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और वित्तीय सशक्तिकरण पर अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बैंक की महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। महिला स्टाफ सदस्यों के लिए मेमौरी प्रतियोगिता में मोनिका, कीर्ति शर्मा, प्रियंका सिसौदिया, पूजा श्रीवास्तव एवं अल्फावेट प्रतियोगिता में अर्शी जैन, सुश्री गरिमा रांय को पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक, उप अंचल प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक संजय मल्लिक, एवं सीबीओटीसी भोपाल के प्राचार्य राजेश गेरा एवं महिला स्टाफ सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आईईएस यूनिवर्सिटी में सम्मान समारोह का आयोजन

**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी द्वारा अंतरष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शशक्तीकरण पर सेमिनार का आयोजन किया गया साथ ही शहर की प्रख्यात महिलाओ जो उनके क्षेत्र में उत्क्रष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने जीवन और करियर को सोसाइटी एवं महिलाओं के भविष्य को गौरवान्वित करने के



लिए समर्पित किया । आईईएस यूनिवरसिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह, प्रो चान्सेलर, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा दीप प्रजवाल्न कर किया गया। तदुपरान्त आईईएस यूनिवरसिटी एवं आईईएस पब्लिक स्कूल के फीमले स्टाफ मेम्बर द्वारा मनमोहक डांस के प्रस्तुति दी साथ ही नारी शशक्तीकरण पर लघुनाटिका का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में डॉ सुनीता सिंह, ने स्वागत भाषण दिये साथ ही बताया के आज देश विदेश में नारी हर जगह बढ़चढ़ कर कार्य कर रही है एवं देश एवं दुनिया मे हर जगह परचम फैला रही है। कार्यक्रम में डॉ. प्रिया भावे चित्तावर, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट और गायनेकोलॉजिकल एंडोस्कोपिक सर्जन, सुश्री शिल्पी दिवाकर, लोकभवन कंट्रोलर डॉ. प्रिया सिपाहा, प्रोफेसर, नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी भोपाल, सुश्री गौरांशी शर्मा, पैरालंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन प्लेयर डॉ. आभा ऋषि एग्जीक्यूटिव हेड एमपी स्टारअप मिशन, डॉ. साधना तिवारी, चीफ साइंटिफिक ऑफिसर एवं प्रिंसिपल, ईआईईएस , ईपीसीओ , सुश्री ज्योति रात्रे, माउंटेनियर और माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला और आभा शर्मा, सोशल डेवलपमेंट प्रोफेशनल को सम्मानित किया गया।

### मिलेनियम कॉलेज ने एमपीसीएसटी के सहयोग से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**भोपाल।** मिलेनियम कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड साइंस भोपाल में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) भोपाल के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की प्रेरक शक्ति' रही। कार्यक्रम के प्रथम दिन, विद्यार्थियों के लिए पोस्टर एंड मॉडल प्रदर्शन, रंगोली एंड क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्सव के द्वितीय दिवस पर विषय विशेषज्ञयों के व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार गर्ग, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बायोसाइंस विभाग, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की वैज्ञानिक सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सरकार द्वारा विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे वक्ता डॉ. दीपक कुमार, सहायक अध्यापक, मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान भोपाल ने अपने व्याख्यान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बढ़ते उपयोग तथा इसके भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद इस अवसर पर सर डॉ सीवी रमन पर आधारित विशेष डॉक्युमेंट्री फिल्म ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में सभी विभागो के प्रचार्यगण, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संयोजक प्रचार्य डॉ. नितेंद्र साहू एवं सहसंयोजक राहुल मालवीय ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में 'नारी शक्ति' का शंखनाद

**भोपाल।** 'सा विद्या या विमुक्तये' के ध्येय वाक्य के साथ, मानसरोवर कैंपस स्थित श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नारी शक्ति - सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण' रहा, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से नरी शक्ति के कई स्वरूप प्रस्तुत किए। वहीं वाद-विवाद और वैचारिक मंथन में कुल 10 चयनित टीमों ने पक्ष और विपक्ष में अपने प्रभावशाली तर्क रखे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अश्विनी ठाकुर, डॉ. सारी रामचंद्रन और डॉ. संतोष विश्नोई के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'कैरेक्टर रोल प्ले' प्रतियोगिता रही। डॉ. अरुंथिया मित्रा, डॉ. मोहिनी गुप्ता और डॉ. सुनीता पटेल ने इस सत्र का कुशल प्रबंधन किया। संस्थान के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुर्वेद संचालक डॉ. बाबुल ताम्रकार, डॉ. एन. के. प्रसाद, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन की प्राचार्य डॉ. मनीषा राठी सहित डॉ. प्रीति तिवारी, डॉ. मीनू मिश्रा और डॉ. सौम्या पांडे सहित समस्त संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं के समन्वयक डॉ. विकास जैन रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. मदन मोहन कुशवाहा, डॉ. अमिता शर्मा और डॉ. प्रीति तिवारी शामिल रहे।



## ओरिएंटल विवि के विद्यार्थियों ने किया गोबर धन बायो-सीएनजी प्लांट का औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओरिएंटल विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत गोबर-धन बायो-सीएनजी प्लांट का औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह प्लांट इंदौर नगर निगम द्वारा संचालित 14 टन प्रतिदिन गीले अपशिष्ट प्रसंस्करण प्रणाली पर आधारित है तथा इसका संचालन नेप्रा रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है। यह संयंत्र



एमआरएफ-1, ट्रेंचिंग ग्राउंड, नेमावर रोड, देवगुराड़िया, इंदौर में स्थित है। इस कार्यक्रम का संयोजन चैताली गंगवाल, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सतत अपशिष्ट प्रबंधन एवं बायो-सीएनजी उत्पादन तकनीक की व्यावहारिक जानकारी दी।


**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

**प्रधान कार्यालय राजमहल राजगढ**

क्रमांक/विपणन /2025-26/4488 राजगढ़, दिनांक -10.03.2026

// विज्ञप्ति //

जिला उपार्जन समिति की बैठक दिनांक 06.03.2026 में लिये गये निर्णय के पालन में, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजगढ़ से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना एवं मसूर उपार्जन केन्द्रों पर लगने वाली सामग्री जैसे धागा (धागा गिट्ठे 220 ग्राम / 2000 मी), स्टेंसील (18x18 इंच), स्याही प्रति लीटर, रंग प्रति किलोग्राम, मिक्स प्लास्टिक टेग (3x4 इंच), सिलाई मशीन (डबल सिलाई एवं रीबो कम्पनी), छन्ना, डिजिटल माइश्चर मीटर, इलेक्ट्रानिक तौल कांटे (100 किलोग्राम में), इनेमल प्लेट, आदि विभिन्न सामग्रियों के क्रय (जी.एस.टी.सहित) हेतु इच्छुक व्यक्ति / फर्म / विकेताओं से सील बंद निविदाएं दिनांक 16.03.2026 दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाऐं उसी दिन उपार्जन समिति के समक्ष खोली जायेगी, इच्छुक व्यक्ति / फर्म / विक्रेता, शर्तें बैंक मुख्यालय विपणन कक्ष में देख सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# कैबिनेट ने 8.8 लाख करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी, रेल यातायात भी होगा आसान

**मंत्री वैष्णव ने बताया कि 8.8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए चीन सहित भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को आसान बना दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारत का चीन के साथ व्यापारिक घाटा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी।

## बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देंगे, एफडीआई नियमों में दी ढील

### 'प्रेस नोट 3' के प्रावधानों में ढील दी



सरकार ने 2020 में जारी 'प्रेस नोट 3' के प्रावधानों में ढील दी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए यह सख्त नियम लागू किया गया था। पुराने नियमों के अनुसार भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों- चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान से आने वाले किसी भी निवेश के लिए सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में भारी तनाव आ गया था। इसके परिणामस्वरूप, भारत सरकार ने टिकटॉक, वीचैट और यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल एप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कई क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं होंगी पूरी

देश में रणनीतिक बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देने के लिए भी केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वैष्णव ने बताया कि 'स्ट्रैटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कनेक्टिविटी इन्वेस्टमेंट एजेंडा 2024' के तहत कैबिनेट ने कुल 8.8 लाख करोड़ की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दे दी है। इन फैसलों में रेलवे, हाईवे, एविएशन और ग्रामीण जल आपूर्ति जैसे प्रमुख सेक्टर्स शामिल हैं, जो अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाया

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा बुनियादी जरूरतों और ग्रामीण विकास पर केंद्रित है। सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के विस्तार के लिए 8.7 लाख करोड़ के भारी-भरकम बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

### कनेक्टिविटी और यातायात सुविधाओं का होगा विस्तार

- **एविएशन सेक्टर:** एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित किया गया है।
- **रोड नेटवर्क:** जेवर एयरपोर्ट और फरीदाबाद सेक्शन को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 3,631 करोड़ मंजूर किए गए हैं। बदनावर-थांदला-टिमरवानी राजमार्ग को 4-लेन बनाने के लिए 3,839 करोड़ का आवंटन किया गया है।
- **रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर:** रेल यातायात की भीड़ कम करने और माल ढुलाई को तेज करने के लिए संतरागाछी-खड़गपुर के बीच चौथी लाइन बिछाने के लिए 2,905 करोड़ की मंजूरी दी गई है। इसी तरह सैंथिया-पाकुड़ के बीच चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,569 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

### व्यापार और निवेश के प्रमुख आंकड़े

- ऐतिहासिक रूप से भारत में चीनी निवेश का हिस्सा बहुत कम रहा है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2021 के बीच भारत में हुए एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी 2.45 बिलियन डॉलर रही है।
- **बढ़ता व्यापार:** न्यूनतम निवेश के बावजूद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार कई गुना बढ़ा है और बीजिंग भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
- **आयात-निर्यात:** वर्ष 2024-25 में चीन से भारत का आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि निर्यात 14.5फीसदी घटकर 14.25 बिलियन डॉलर रहा।

### अन्य अहम फैसले

कैबिनेट ने कॉरपोरेट सेक्टर को राहत देने वाले दो अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी मंजूरी दी है। दिवाला प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने के लिए 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड बिल 2025' में संशोधनों को मंजूरी दी गई है। यह बदलाव सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। कंपनियों के कामकाज को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'कॉरपोरेट कानून संशोधन विधेयक' को भी हरी झंडी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में डेंटिस्ट छात्रा ने किया सुसाइड



**मुंबई।** यहां दंत चिकित्सा की छात्रा स्तुति सोनेवाल ने कथित तौर पर अपने बॉयफ्रेंड द्वारा मानसिक उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। उसके सुसाइड नोट में बॉयफ्रेंड द्वारा बेवफाई के शक और चरित्र पर सवाल उठाने का जिक्र है। 24 वर्षीय परास्नातक छात्रा स्तुति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

### 590 करोड़ का घोटाला बैंक अधिकारी रिमांड पर



**पंचकूला।** हरियाणा के सरकारी विभागों के बैंक खातों में 590 करोड़ के घोटाले में 4 बैंक अफसरोंको कोर्ट ने 2को एक दिन के रिमांड पर और 2 को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। अनुज कौशल ने एचएसएसपीपी, हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, हरियाणा रूरल डेवलपमेंट फंड एडमिनिस्ट्रेशन में गलती की थी।

### दिल्ली में कार के अंदर मिले दो शव



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक कार में दो शव बरामद हुए हैं। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। आईएनए थाने की पुलिस को कार के अंदर दो शव पड़े होने की जानकारी मिली। सफेद रंग की औरा कार सड़क किनारे नाले के पास खड़ी मिली। गाड़ी के शीशे बंद थे और गाड़ी लॉक नहीं थी। शराब के खाली पाउच भी थे।

### जयपुर के 10 शहरों को बम से उड़ाने की धमकी



**जयपुर।** राजस्थान के 10 से अधिक जिलों में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कई सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। कहीं पासपोर्ट ऑफिस तो कहीं पोस्ट ऑफिस को भेजे गए धमकी भरे ईमेल से पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा में बोले गृहमंत्री शाह

# स्पीकर का कार्यालय और पद कभी खाली नहीं रहता, मैंने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष नहीं देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दूसरे दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिला। करीब 40 सालों में किसी स्पीकर के खिलाफ ये पहला अविश्वास प्रस्ताव है। हालांकि नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंसके पास बहुमत होने के कारण यह प्रस्ताव केवल विरोध तक ही सीमित रहा।

**शाह ने विपक्ष को दिया करारा जवाब**

कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिरला को हटाने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिरला सदन के सभी वर्गों का विश्वास जीतने के लिए जरूरी निष्पक्षता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं। शाह ने गौरव गोगोई को टोका और कहा कि सदन जब चुनाव में जाता है तब भी स्पीकर का ऑफिस चालू रहता है। यह पद खाली नहीं रहता है। गोगोई जो गलत मतलब निकाल रहे हैं मैं उसका खंडन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। शाह ने कहा कि मैं सहमत हूं कि रिजिजू ने संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर सबसे ज्यादा बाधा डाली है, लेकिन हमने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा। शाह ने विपक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सरकार का बचाव किया।

### कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिरला को हटाने का प्रस्ताव दिया



#### रिजिजू का विपक्ष पर पलटवार

### ऐसा एलओपी जो आंख मारे और गले मिले...



बहस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का 'गले मिलना' और 'आंख मारना' मुख्य मुद्दा बन गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेता के आचरण को 'गंभीर नहीं' करार देते हुए अतीत की इन घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने राहुल गांधी पर कहा कि मैंने ऐसा पहली बार देखा है। वह वहां से दौड़कर पीएम को गले लगाने आते हैं। क्या आपने ऐसा एलओपी देखा है, उन्होंने संसद को मजाक बना दिया है। उन्हें पद का ख्याल नहीं है । रिजिजू ने राहुल के पिछले बयान का हवाला देते हुए कहा कि 'अगर कोई खुद को सदन में स्पीकर से ऊपर समझता है तो उसके पास कोई इलाज नहीं है।

#### ललन की विपक्ष को फटकार

### बीमारी पकड़ में आई,हाई एंटीबॉयोटिक दिया जाएगा



स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री और जेडीयू सांसद ललन सिंह ने विपक्ष के हंगामे के बीच न केवल कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि इलाज और दवा जैसे जुमलों से विपक्षी बेंचों को सन्न कर दिया। सिंह अपने पुराने अंदाज में नजर आए। उन्होंने विपक्षी सांसदों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि बैठिए न, आपको बता देंगे! पता है न, आपका इलाज हो चुका है। डॉक्टर ने आपकी बीमारी पकड़ ली है और अब आपको दवा दी जाएगी।

#### अविश्वास प्रस्ताव पर बोले गोगोई

### व्यक्तिगत हमला नहीं, यह सदन की मर्यादा बचाने के लिए संकल्प



*कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा, ताकि संविधान और संसदीय सदन की गरिमा को सुरक्षित रखा जा सके। गोगोई ने बिरला पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में विपक्ष के नेता को अपने विचार रखने की अनुमति नहीं दी जा रही। गोगोई ने बताया कि फरवरी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के नेता को लगभग 20 बार रोका गया। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया और जब वह महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करने की कोशिश कर रहे थे, तो लगातार बाधा डाली गई। गोवोई ने उदाहरण देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवाने की अप्रकाशित किताब में उठाए गए राजनीतिक हस्तक्षेप और देश की नीति संबंधी मुद्दों पर बात करना चाहा, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।*

#### स्पीकर का व्यवहार विपक्ष के प्रति पक्षपातपूर्ण

*गोगोई ने बताया कि त्रुटिपूर्ण रूप से पक्षपातपूर्ण व्यवहार के कारण विपक्ष को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नबाम रेबिया बनाम डिप्टी स्पीकर के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि स्पीकर को हमेशा उच्च स्तर की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और अपराजेय निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए।*

#### जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा: दुबे



*भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उन्हें सदन के संचालन का पूरा अधिकार है।*

#### पाल की अध्यक्षता पर सरकार का समर्थन

*जगदंबिका पाल की अध्यक्षता को सरकार का समर्थन मिला है। रिजिजू ने कहा कि जब हटाने का प्रस्ताव पेश किया जाता है, तो पैनल का कोई सदस्य सदन की अध्यक्षता कर सकता है।*

## सोनीपत में तनु की खुशी दिखी

# राहुल ने दुल्हन के हाथ से खाया खाना व चाय की चुस्की भी ली

एजेंसी ▶▶ सोनीपत



उन्होंने जो वादा किया था और आज वो निभाया...। यह बात कहते हुए तनु की खुशी का ठिकाना नहीं था। उसके चेहरे का ब्लश और आंखों की चमक इस बात की गवाही दे रही थी कि राहुल गांधी को अपनी शादी के दिन अपने बीच में देखकर वह कितनी खुश है। तनु के पिता के बुलावे पर सोनीपत के गोहाना तनु की शादी में पहुंचे राहुल बेहद आत्मीय ढंग से परिवार से मिले। उन्हें देखकर हर कोई यही कह रहा था कि जैसे परिवार के सदस्य ही हों। खाना भी खाया और चाय पी। विधानसभा चुनाव से पहले जिस किसान के खेत में जीरी (धान) की फसल लगाई थी और उनको 10 जनपथ बुलाकर गांधी परिवार ने खाना खिलाया था, आज राहुल उसी किसान की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचे।

#### तनु के पिता के निमंत्रण पर पहुंचे थे

*सोनीपत के गोहाना की तनु की आज शादी है। तनु वही लड़की है, जिसके पिता संजय के खेतों में दो साल पहले राहुल ने अचानक पहुंचकर ट्रैक्टर चलाया था। वहां खेत की जुताई करने के साथ ही धान की बुवाई की और महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया।*

## दिल्ली की कोर्ट ने कहा

# दिल्ली मेट्रो के अंदर हस्तमैथुन, यौन उत्पीड़न करना गंभीर चिंता का विषय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो के अंदर एक पुरुष द्वारा हस्तमैथुन करना और महिला का यौन उत्पीड़न करने को अदालत ने गंभीर मामला बताया है। अदालत ने सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। दिल्ली की एक कोर्ट ने आरोपी की सजा और दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरविंदर सिंह जग्गी ने आरोपी के द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि निचली अदालत ने सबूतों का सही आकलन किया था और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और 354ए के तहत उसे दोषी ठहराया जाना सही था।

#### इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता

*अदालत ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में इस तरह की घटनाएं चिंताजनक हैं और इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। जब महिलाएं अपने हर दिन के सफर के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं।*

## बुझाने के मिशन पर जुटी आईएएफ, हेलिकॉप्टर से गिराया 66,000 लीटर पानी

**अरुणाचल के पासीघाट के जंगल में आग**

# पासीघाट के मेबो और सिगार क्षेत्रों में एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर तैनात

एजेंसी ▶▶

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने मंगलवार को पासीघाट के मेबो और सिगार क्षेत्रों में लगी भीषण जंगल की आग से निपटने के लिए एक एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर तैनात किया। इसके साथ ही आग पर काबू पाने के लिए 66,000 लीटर पानी छोड़ा। एक्स पोस्ट में भारतीय वायु सेना ने उन क्षेत्रों में फैली भीषण आग की तस्वीरें और वीडियो साझा किए। एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर की मदद से आग बुझाने के प्रयासों को भी दिखाया। पोस्ट में लिखा था,



अरुणाचल प्रदेश में तुरंत प्रतिक्रिया और सटीक परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पासीघाट के मेबो और सिगार क्षेत्रों में लगी भीषण जंगल की आग से निपटने के लिए एमआई -17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किया।

#### आईएएफ और भारतीय सेना ने संयुक्त अभ्यास किया

*18 फरवरी को आईएएफ ने पूर्वोत्तर में दो अलग-अलग मोर्चों पर भयंकर जंगल की आग से मुकाबला किया। इसमें दुर्गम इलाकों और बेहद कठिन उड़ान परिस्थितियों में भारी-भरकम हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया। अरुणाचल प्रदेश के वालॉन्ग में, सेना के हेलीकॉप्टरों ने प्रभावित क्षेत्र पर 139,800 लीटर पानी गिराने के बाद एक भीषण आग को सफलतापूर्वक बुझा दिया। आईएएफ और भारतीय सेना ने 8 मार्च को उत्तराखंड की टिहरी झील के ऊपर कॉम्बैट फ्री-फॉल और स्टैटिक लाइन पैरा-ड्रॉप के माध्यम से अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक संयुक्त अभ्यास किया।*

#### संगरूर में भीषण आग

### एलजी सर्विस सेंटर का गोदाम खाक, चपेट में आई साबुन फैक्ट्री

**संगरूर।** संगरूर के नजदीकी उपली रोड पर एलजी के सर्विस सेंटर गोदाम में मंगलवार दोपहर को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही समय में इसकी लपटें आसमान छूने लगीं और दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। प्रारंभिक जानकारी में शॉर्ट सर्किट या किसी ज्वलनशील सामग्री के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। गोदाम में एसी, कंप्रेशर व अन्य इलेक्ट्रानिक्स सामग्री राख हो गई। आग ने पास में स्थित साबुन बनाने वाली फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में ले लिया।

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष ने यह बात कही**

## 'आहार – द इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर'

# देश का खाद्य निर्यात 5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा, 7वां सबसे बड़ा निर्यातक बना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खाद्य, कृषि और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े लोगों से भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (प्रोसेस्ड फूड) का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक बनाने की दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया। भारत के बढ़ते व्यापार समझौते और भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग इस दिशा में बड़े अवसर पैदा कर रहे हैं। दिल्ली में आयोजित 'आहार-द इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर' के 40वें संस्करण के उद्घाटन के दौरान गोयल ने कहा कि भारत का खाद्य और कृषि उत्पादों का निर्यात, जिसमें कृषि उत्पाद और मत्स्य पालन शामिल हैं, अब सालाना करीब 5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। ही भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पाद निर्यातक बन गया है।

#### निर्यात में काफी तेजी देखी गई

उन्होंने बताया कि 2014 से 2025 के बीच पिछले 11 वर्षों में भारत के कृषि और खाद्य निर्यात में काफी तेजी आई है। प्रोसेस्ड फूड का निर्यात चार गुना, फल और दालों का निर्यात तीन गुना, प्रोसेस्ड सब्जियों का निर्यात चार गुना, कोको का निर्यात तीन गुना और अनाज का निर्यात दोगुना हो गया है। वहीं चावल का निर्यात भी इस अवधि में 62 प्रतिशत बढ़ा है। गोयल ने कहा कि ये उपलब्धियां भारत को कृषि और प्रोसेस्ड फूड निर्यात में दुनिया में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। यह लक्ष्य पूरी तरह हासिल किया जा सकता है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन के अनुरूप है, जिसमें भारत को 'दुनिया की फूड बास्केट'बनाने की बात कही गई है।

**पोस्ट बजट वेबिनार में चर्चा**

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा

# स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पोस्ट-बजट वेबिनार के तहत 'सबका साथ, सबका विकास-लोगों की आकांक्षाओं की पूर्तिः शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिप' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब पर एक ब्रेकआउट सत्र आयोजित किया। इस सत्र में केंद्रीय बजट में घोषित योजना के तहत देश के 15,000 माध्यमिक स्कूलों और 500 उच्च शिक्षण संस्थानों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की रूपरेखा पर चर्चा की। वेबिनार श्रृंखला का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि भारत एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था के अहम स्तंभ के रूप में आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से उद्योग के साथ सहयोग और शोध आधारित शिक्षा को मजबूत करने का आह्वान किया।

#### रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की

*वैष्णव ने कहा कि सरकार ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की है, जो आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया गया है। इस संस्थान में विश्व स्तर की आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जो रचनात्मक, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में युवाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। दूरदर्शन ने' क्रिएटर्स कॉर्नर' शुरू किया है, जिससे कंटेंट क्रिएटर्स को अपनी सामग्री प्रदर्शित करने, आय अर्जित करने और देश-विदेश के दर्शकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।*

## अफसरों ने अब तक 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की

# न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं।तीन जजों की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे, ने कहा कि एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है।

### सुप्रीम कोर्ट का ममता सरकार, ईसी को निर्देश



#### कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए

कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि एसआईआर में कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए, जब तक उसे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी न मिल जाए। आयोग के पोर्टल में आने वाली तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी समस्याएं न हों। न्यायिक अधिकारियों के लिए नए लॉग-इन आईडी जल्द बनाए जाएं। फैसलों की समीक्षा आयोग के प्रशासनिक अधिकारी न करें।

#### पिटीशनर पर भड़के सीजेआई

### मैं कोर्ट में ही इंग्लिश एग्जाम अरेंज करूंगा, 30 मार्क्स आए तो इसे देखूंगा

*एक मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत ने की। सीजेआई सूर्यकांत याचिकाकर्ता पर भड़क गए और कोर्ट में ही अंग्रेजी का एग्जाम अरेंज करने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि अगर 30 नंबर आते हैं तो इसे देखूंगा। सुनवाई के अंत में सीजेआई ने कहा कि हम ऐसी फालतू पिटीशन के लिए लगातार जांच का आदेश नहीं देते हैं, साथ ही सख्त चेतावनी देते हैं कि भविष्य में ऐसी पिटीशन फाइल न करें।*

#### सीईसी ने किया साफ

### किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटेगा, चुनाव शांतिपूर्ण होंगे



*बंगाल चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कोलकाता में 24 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान मसीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।*

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को फिर से धमकी

# तेल की आपूर्ति रुकी तो तबाही तय, 20 गुना बड़ा हमला करेंगे

# आईआरजीसी बोला- युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे, यूएस नहीं

## युद्ध को लेकर अमेरिका का प्लान 'समय से आगे' चल रहा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और इजराइल इस युद्ध में निर्णायक बढ़त बना चुके हैं और उनका सैन्य अभियान अपने लक्ष्यों के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं देगा। ट्रंप ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ बेहद शक्तिशाली सैन्य अभियान चलाया है। इस कार्रवाई से ईरान की कई सैन्य क्षमताओं को बड़ा नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान होरमुज जलडमरूमध्य में तेल की आपूर्ति रोकने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, ईरान ने अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोक दिया है। इसके चलते कच्चे तेल की सप्लाई पर असर पड़ा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ऐसा कोई कदम उठाता है जिससे होरमुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाजाही रुकती है तो अमेरिका इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा और अब तक हुए हमलों से बीस गुना बड़ा हमला ईरान पर करेगा।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ऐसा जवाब देगा कि ईरान के लिए एक देश के रूप में फिर से खड़ा होना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वहां सिर्फ मौत, आग और गुस्सा ही दिखाई देगा। ट्रंप ने कहा कि इस युद्ध को लेकर अमेरिका का प्लान 'समय से आगे' चल रहा है और ईरान की सैन्य ताकत को काफी हद तक खत्म या निष्क्रिय कर दिया गया है। उनके पास अब कोई नौसेना नहीं है, कम्युनिकेशन नहीं है, कोई एयरफोर्स नहीं है। उनकी मिसाइलें बिखरी पड़ी हैं। उनके ड्रोन हर जगह नष्ट किए जा रहे हैं, यहां तक कि उनके ड्रोन कारखाने भी। अगर आप चारों तरफ देखें, तो उनके पास कुछ भी नहीं बचा है, सैन्य दृष्टि से कुछ भी नहीं।

वहीं, ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव के अनुसार, दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत के दौरान अमेरिका और ईरान के बीच तथा रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की। उशाकोव ने कहा कि दोनों राष्ट्रपतियों के बीच संवाद व्यावहारिक और रचनात्मक था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। ट्रंप ने भी इस स्थिति पर अपनी राय व्यक्त की।


इजराइल का लेबनान के शहर दहिया पर बड़ा हमला

### आईरिस डेना पर ट्रंप का शर्मनाक बयानः युद्धपोतों को डुबोने में मजा आता है

ईरान के जहाज आईरिस डेना पर हिंद महासागर में हुए हमले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि उनके सैनिकों को ईरानी जहाजों को डुबोने में मजा आ रहा है। उन्होंने अपने अधिकारियों से हुई बातचीत का किस्सा सुनाते हुए कहा कि उन्हें 'ईरानी जहाजों को मारकर डुबोने में मजा आ रहा है।' डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना ने पिछले साढ़े तीन दिनों में ईरानी नौसेना के 46 जहाजों को डुबो दियाहै।


हिंद महासागर में हमले से पूर्व आईरिस डेना फाइल फोटो

ईरान के विदेश मंत्री की दो टूक

### अमेरिका से अब 'कूटनीति' की कोई संभावना नहीं बची

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कह कि अमेरिका के साथ पिछली बातचीत में भरोसा टूट चुका है और बार-बार हुए हमलों के कारण अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची। अराघची ने कहा कि अब अमेरिका के साथ बातचीत उनकी प्राथमिकता में नहीं है।



अराघची ने कहा कि तेल उत्पादन और परिवहन में बाधा अमेरिकी और इजराइली हमलों के कारण हुई है। इसी वजह से होर्मुज जलसंधि में जहाज सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि ईरान अपने मिसाइल हमलों को तब तक जारी रखेगा जब तक जरूरत होगी और जब तक अपने लोगों और देश की रक्षा जरूरी होगी।

### एक हजार भारतीय नागरिक कतर से सुरक्षित लौटे, आज भी आएंगे


भारतीय दूतावास ने बताया कि मंगलवार को लगभग एक हजार भारतीय यात्रियों ने कतर एयरवेज की फ्लाइट्स से नई दिल्ली, मुंबई और कोच्चि की यात्रा की। 11 मार्च को नई दिल्ली के लिए कतर एयरवेज की एक उड़ान निर्धारित की गई है। दूतावास ने बताया कि 96 घंटे की वैधता वाले अस्थाई ट्रांजिट वीजा पर भारतीय नागरिकों की सऊदी अरब के सलवा सीमा के माध्यम से यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

**भविष्य तेहरान के हाथ में : ईरान**

ईरान में युद्ध समाप्त करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर तेहरान ने जवाब देते हुए कहा है कि अमेरिकी और इजराइली ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई कब समाप्त होगी, इसका निर्णय वही करेगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र की स्थिति और भविष्य का निर्धारण अब तेहरान की सेनाओं के हाथों में है। युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे। क्षेत्र के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सशस्त्र सेनाओं के हाथों में है, अमेरिकी सेनाएं युद्ध समाप्त नहीं करेंगी। हमें मारने के चक्कर में वे खुद मर जाएंगे।

### इराक को न करें लॉन्चपैड की तरह इस्तेमालः पीएम अल-सुदानी

इराक के पीएम मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा है कि इराक को किसी भी हमले के लिए लॉन्च पैड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। सुदानी ने रुबियो को बताया कि उनका देश इलाके में दुश्मनी फैलाने का जरिया नहीं बनेगा। फोन पर हुई इस बातचीत में सुदानी ने एक बड़ी बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पक्का करना जरूरी है कि इराक की जमीन, आसमान और पानी का इस्तेमाल पड़ोसी देशों पर हमले के लिए न हो।



### अमेरिका ने होर्मुज की खाड़ी से पार कराया तेल टैंकर, गिरे 15% भाव

अमेरिका ने ईरान के नियंत्रण वाले होर्मुज की खाड़ी वाले समुद्री रास्ते से एक तेल टैंकर को सुरक्षित पार कराया है। होर्मुज की खाड़ी से टैंकर के पार होते ही तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है।




अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक बाजार तक तेल की सप्लाई जारी रखने के लिए अमेरिका ने ये काम किया है। इस खबर के आते की तेल की कीमतों में करीब 15% की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी नेवी को आदेश दिया था कि होर्मुज की खाड़ी से गुजरने वाले तेल टैंकरों को एस्कॉर्ट करें। ट्रंप के आदेश के बाद से ही यूएस नेवी ने होर्मुज की खाड़ी में अपना एस्कॉर्ट ऑपरेशन शुरू कर दिया।


लेबनान में नागरिक सीरिया में प्रवेश करने की प्रतीक्षा करते हुए

### यूनीसेफ का दावाः लेबनान में 2 लाख बच्चों समेत 7 लाख बेघर

मध्य पूर्व में भड़के युद्ध के 11वें दिन पूरे क्षेत्र में स्थिति नाजुक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, हवाई हमलों और बमबारी के बीच ईरान, इसराइल समेत खाड़ी देशों में लोग हताहत हो रहे हैं, लेबनान में विशाल स्तर पर लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं, खाद्य सामग्री व ईंधन की क़ीमतों में उछाल आया है, जिससे निर्बल समुदायों के लिए भरपेट भोजन न मिल पाने और पीड़ा गहराने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने बताया कि लेबनान में 2 लाख बच्चों समेत 7 लाख लोग बेघर होने के लिए मजबूर हुए हैं। लेबनान के लोग सीरिया में जाने को मजबूर हैं।

### आपकी सेवा में मोजतबा... इजराइल पर दागी जाने वाली मिसाइल पर सिग्नेचर



खामेनेई के बेटे मोजतबा के हस्ताक्षर

अली खामेनेई के बेटे ने मोजतबा ने ईरान के सुप्रीम लीडर का पद संभालते ही अपने तेवर दिखा दिए। सत्ता में आने के बाद पहला हमला इजराइल पर किया। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने इजराइल को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइल पर एक संदेश लिखकर उस पर अपने हस्ताक्षर किए हैं। पावर में आने के बाद अपने पहले कदमों में से एक में उसने एक मिसाइल की तस्वीर जारी की जिस पर एक संदेश लिखकर अपना सिग्नेचर किया। मिसाइल पर लिखा था - आपकी सेवा में सैय्यद मोजतबा। यह पोस्ट सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के टेलीग्राम चैनल पर किया गया था।

### कई देशों में ईंधन संकट गहरायाः घर से काम करने के आदेश, विदेश दौरे पर भी लगाई रोक


कच्चे तेल की रिफाइनरी

वैश्विक स्तर पर बढ़ती तेल कीमतों और मध्य पूर्व में जारी संकट जारी को देखते हुए कई देश ईंधन बचाने के लिए अलग-अलग प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद थाईलैंड ने भी ईंधन बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे पर भी रोक, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने का सलाह दी गई है। वियतनाम ने भी लोगों से ईंधन बचाने के लिए घर से काम करने और गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने की अपील की है। बांग्लादेश ने विश्वविद्यालयों को पहले ही बंद करने का ऐलान कर दिया था और ईद-उल-फितर की छुट्टियां आगे बढ़ा दी हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### नेपाल चुनावः आरएसपी ने 125 सीट जीतीं

**काठमांडू।** नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीत ली हैं जिससे वह बहुमत की सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। आरएसपी ने काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह को पीएम पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सरकार गठन की जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी।



### एआई कंपनी एंथ्रोपिक का पेंटागन पर मुकदमा

**वॉशिंगटन।** एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एंथ्रोपिक ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले के खिलाफ ये मुकदमा दायर किया है, जिसमें एंथ्रोपिक को 'आपूर्ति श्रृंखला जोखिम' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने अमेरिकी सरकार के फैसले पर चिंता जाहिर की है।



### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 1 आतंकी मारा

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने मंगलवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि सुरक्षा बलों ने अपराह्न लगभग तीन बजे नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा सेक्टर के झांगर इलाके में दो आतंकी गतिविधि का पता लगाया।



## एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मॉडर्न ट्रेनिंग के महत्व पर जोर

# रक्षा मंत्री ने सेना के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी किया

रक्षा बलों को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस सेना में बदला जाएगा

घरेलू रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को साउथ ब्लॉक में भारतीय सेना के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी किया। यह बड़ा ब्लूप्रिंट हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने रक्षा बलों को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस सेना में बदलने के लिए तैयार किया है, जो 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के सपने को पूरा करने में मदद कर सके। यह डॉक्यूमेंट भविष्य की युद्ध चुनौतियों के लिए ढलने वाली सेना बनाने के लिए इनोवेशन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मॉडर्न ट्रेनिंग फ्रेमवर्क के महत्व पर भी जोर देता है।

### सामरिक सुधारों, क्षमता बढ़ाने और संगठनात्मक बदलावों पर बल


'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

इस विजन डॉक्यूमेंट में सशस्त्र बलों में जरूरी सामरिक सुधारों, क्षमता बढ़ाने और संगठनात्मक बदलावों के बारे में बताया गया है, ताकि बदलते भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा माहौल से अच्छे से निपटा जा सके। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### ज्यादा तालमेल को बढ़ावा मिलेगा

इसमें सेना को एक इंटीग्रेटेड, मल्टी-डोमेन और फुर्तीली फोर्स में बदलने की सोची गई है, जो दुश्मनों को रोकने, हर तरह के झगड़े में जवाब देने और तेजी से बदलते ग्लोबल और रीजनल हालात के बीच बढ़ते स्ट्रेटेजिक हितों की रक्षा करने में काबिल हो। इस विजन का एक मुख्य हिस्सा सेनाओं के बीच तालमेल और तालमेल पर जोर देना है, जिससे प्लानिंग, ऑपरेशन और क्षमता विकास में ज़्यादा तालमेल को बढ़ावा मिलेगा।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान

इस विजन में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो देश की खास सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से स्वदेशी तकनीक और समाधान अपनाने को बढ़ावा देता है। घरेलू रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को मजबूत करने से ऑपरेशनल तैयारी बढ़ने और देश की वृद्धि में योगदान देने की उम्मीद है। यह विश्व स्तरीय सैन्य बल बनाने के लिए जरूरी सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारी के विकास में सहयोग करेगा।

### देश की सेना दुनिया में सम्मानित हो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की जटिलता को पहचानते हुए यह विजन डॉक्यूमेंट पूरे देश के नजरिए की जरूरत पर जोर देता है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य ताकत को कूटनीतिक, तकनीकी और आर्थिक ताकत के साथ जोड़ा जाएगा। लगातार सुधारों, इनोवेशन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के जरिए इसका मकसद यह पक्का करना है कि भारत की आजादी की सौवीं सालगिरह तक देश की सेना दुनिया भर में सम्मानित, टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड और लड़ाई के लिए तैयार मिलिट्री के तौर पर खड़ी हो, जो मजबूत विकसित भारत में योगदान दे।

## मोजाम्बिक को भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

# राहत सामग्री और दवाइयों की बड़ी खेप भेजी, सहायता में 500 टन चावल भी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी अफ्रीका के देश मोजाम्बिक के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में आई भीषण बाढ़ का जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है। हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, और कई इलाकों में राहत एवं पुनर्वास की तत्काल जरूरत महसूस की जा रही है। इस कठिन परिस्थिति में भारत ने मानवीय सहायता का हाथ बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर राहत सामग्री भेजी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि अपनी ह्यूमनिटेरियन असिस्टेंस और डिजास्टर रिलीफ कोशिशों के तहत, भारत ने मोजाम्बिक को सहायता सामग्री पहुंचाई है। इस सहायता में 500 मीट्रिक टन चावल, अस्थायी आश्रय के लिए टेंट, हाइजीन किट और पुनर्वास कार्यों में उपयोगी कई अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं। इसके अलावा आपदा प्रभावित लोगों की तात्कालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 10 मीट्रिक टन आवश्यक राहत सामग्री भी भेजी गई है। राहत अभियान के तहत भारतीय नौसेना के एक जहाज के माध्यम से लगभग 3 टन दवाइयां भी पहुंचाई जा रही हैं।


मोजाम्बिक को भेजी गई सामग्री

### पहले भेजी थीं 86 मीट्रिक टन दवाएं

भारत पहले ही समुद्री मार्ग के जरिए 86 मीट्रिक टन जीवन रक्षक दवाइयों की खेप मोजाम्बिक भेज चुका है। इन दवाइयों का उद्देश्य आपदा-प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और पीड़ितों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बाद खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाएं सबसे बड़ी चुनौती बन जाती हैं। ऐसे में भारत द्वारा भेजी गई खाद्य सामग्री, स्वच्छता किट और दवाइयां राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। भारत ने हमेशा प्राकृतिक आपदाओं के समय अपने मित्र देशों की सहायता की है। हिंद महासागर क्षेत्र और अफ्रीकी देशों के साथ भारत के मजबूत संबंध रहे हैं, और मानवीय सहायता इन संबंधों को और मजबूत करती है।

## दक्षिण अफ्रीका के मंत्री गोडलिम्पी का दावा

# भारत अब एक अलग और खास स्थिति में, नई अर्थव्यवस्था का 'सह निर्माता'

एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था के पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है। गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और 'सीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के दो वर्ष बाद स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था। उन्होंने कहा कि प्रमुख शक्तियों द्वारा आकार दी जा रही दुनिया में भारत उभरता हुआ लोकतंत्र है। भारत अब एक अलग और खास स्थिति में है। उन्होंने कहा कि भारत खुद को ऐसी स्थिति में पाएगा, जहां वह सिर्फ मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर चलने के बजाए एक नई वैश्विक व्यवस्था के सह-निर्माता की भूमिका निभाने का दायित्व भी संभालेगा।



## यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि ने पाक को जमकर लताड़ा

# अफगानिस्तान पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का 'स्पष्ट उल्लंघन' करार दिया और कहा है कि रमजान के दौरान नागरिकों की जान लेने वाले हमले करते समय इस्लामी एकजुटता का आह्वान करना पाखंड है। सोमवार को अफगानिस्तान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान के प्रति नई दिल्ली के समर्थन को दोहराया।



यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी फाइल फोटो

### हमलों से 1 लाख लोग विस्थापित

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार, इन हमलों में 6 मार्च तक 185 निर्दोष नागरिक मारे गए हैं जिनमें से लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं, और हमलों के कारण 100,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। पर्वतनेनी ने अफगानिस्तान जैसे भूमि से घिरे देश में व्यापार के लिए रास्ता देने से इनकार करने और पहुंच को जानबूझकर बाधित करने को पारगमन आतंकवाद का रूप करार देते हुए इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

**अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला**

पी. हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की धरती पर हुए हवाई हमलों की कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और देश की संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन हैं। एक ओर अंतरराष्ट्रीय कानून और इस्लामी एकजुटता के उच्च सिद्धांतों का समर्थन करना और दूसरी ओर रमजान के पवित्र महीने के दौरान बर्बर हवाई हमले करना पाखंड है।

### हमले की निंदा की

पी. हरीश ने कहा कि भूमि से घिरे विकासशील देशों (एलएलडीसी) की व्यापार और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हम इन कृत्यों की निंदा करते हुए, अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हैं।

# कल्याण नगर में गंदे पानी को लेकर निगम ने दी सफाई...

## पाइप लाइन से सप्लाई बंद की, टैंकरों से घर-घर दिया पानी


कल्याण नगर में पहुंचे टैंकर से पानी भरते लोग।

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यूनियन कार्बाइड के पीछे कल्याण नगर में पाइप लाइन नाली में डूबी होने व उसमें लीकेज के चलते घरों में पहुंच रहे गंदे पानी के मामले को लेकर निगम प्रशासन ने सफाई देते हुए कहा है कि जिन क्षेत्रों से गंदे पानी को लेकर शिकायतें मिल रही हैं वहां सप्लाई बंद करके टैंकरों से पानी मुहैया करवाया जा रहा है। मंगलवार को कल्याण नगर में निगम के टैंकरों से घर-घर पानी सप्लाई किया गया। निगम के अनुसार 29 पानी के नमूनों को लेकर परीक्षण किया गया और किसी भी परीक्षण में पानी अमानक स्तर का नहीं पाया गया। निगम द्वारा क्षेत्र में जिस भी गली व आवास में गंदे पानी की शिकायत मिली थी वहां तत्काल पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। वार्ड नंबर-72 स्थित कल्याण नगर में जीआई पाइप लाइन काफी पुरानी हो चुकी है, जिसके कारण अक्सर लीकेज की समस्या आती है।

पानी के सैंपल लेकर की जांच, अमानक स्तर के नहीं मिले

### निगम अमले ने पानी के 231 सैंपल लिए

निगम अमले ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जांच के लिए पानी के 231 सैंपल लिए। साथ ही 54 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे गए।

### जल सुनवाई में 3 लोग सैंपल लेकर पहुंचे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ जल अभियान के तहत मंगलवार को सभी 85 वार्डों में जल सुनवाई में तीन लोग सैंपल लेकर जांच करवाने पहुंचे। निगम अमले ने सैंपल जांच के लिए लैब भेजने की कार्रवाई की। इसके अलावा वार्ड नंबर-29 में पानी की समस्या को लेकर एक शिकायत मिली, जिस पर तत्काल कार्रवाई के लिए अमले को भेजा गया।

हिंदू नववर्ष उत्सव को लेकर विधायक शर्मा ने किया संवाद

# भोपाल का जन-मन अपने सनातनी नववर्ष को पूरे उल्लास के साथ मनाने तैयारः रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को मुखर्जी नगर कोलार क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के रहवासियों के साथ एक बैठक कर हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। रामेश्वर शर्मा ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में सहभागिता करने का आग्रह करते हुए कहा कि भोपाल का जन-मन अपने सनातनी नववर्ष को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव केवल भोपाल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यहां की



भगवामय उमंग और सांस्कृतिक चेतना का संदेश पूरे देश तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में कर्मश्री द्वारा आयोजित किए जा रहे नववर्ष उत्सव की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जनसहभागिता को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### 15 मार्च को निकलेगी विशाल भगवा यात्रा

हिंदू नववर्ष के स्वागत को लेकर 15 मार्च को अटल पथ तात्या टोपे स्टेडियम मार्ग से विशाल भगवा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी हाथों में भगवा ध्वज लेकर शामिल होंगे। यात्रा अटल पथ से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी।

हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध श्रृंगार कवि डॉ. कुमार विश्वास सहित कविता जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

## खबर संक्षेप

### लाइन अटेंडेंट नेहा ने किया नाम रोशन



**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में निर्धारित मापदंडों पर उच्च प्रदर्शन करने वाले तीन लाइनमैनों का सम्मान विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस समारोह में किया गया। सम्मानित होने वालों में भोपाल शहर में कार्यरत वरिष्ठ लाइन अटेंडेंट नेहा चौरसिया, ग्वालियर शहर वृत्त में कार्यरत देवेंद्र सिंह कुशवाह तथा जशरथ रैकवार को सम्मानित किया गया। छठवें लाइनमैन दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह 2026 में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन कार्मिकों को अवार्ड मिलने पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मप्र की तीनों वितरण कंपनियों के अध्यक्ष विशेष गढ़पाले तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बधाई दी है।

### बीयू में दो दिवसीय पुस्तक लेखन कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन विभाग द्वारा दो दिवसीय पुस्तक लेखन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। "भारतीय महिलाएं : सिद्धांत, शोध और परिप्रेक्ष्य" विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन मंगलवार को समाजशास्त्र विभाग के सेमिनार हॉल में किया गया। यह कार्यशाला पीएम-यूएसएचए योजना के सॉफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत सीईडीएमएपी, भोपाल के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उत्सव का हिस्सा है। कार्यशाला में विद्वानों और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच पर लाकर पुस्तक की विषयगत संरचना, अध्याय विभाजन तथा शोध पद्धति पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। कार्यशाला के दूसरे दिन 11 मार्च को सहभागात्मक सत्र, सहयोगात्मक लेखन अभ्यास और चर्चाएं होंगी, जिनका उद्देश्य भारतीय महिलाओं के सिद्धांत, शोध और परिप्रेक्ष्य पर विद्वत्तापूर्ण योगदान तैयार करना है।

### बीयू और जीवाजी विवि के बीच हुआ एमओयू, मिलकर करेंगे शोध

**भोपाल।** बरकउल्ला विश्वविद्यालय और जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को पीएमउषा परियोजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए की राशि मिली है। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालयों को सयुंक्त रूप से गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी हुए हैं, जिसमेंदोनों विवि सयुंक्त रूप से शोध एवं अन्य गतिविधियां आयोजित करेंगे। इस सहमति पत्र पर बीयू कुलगुरु प्रो. एस. के. जैन, तथा जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु प्रो. राज कुमार आचार्य द्वारा हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर बरकतउल्ला विवि के कुलसचिव प्रोफेसर समर बहादुर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

पूजन के बाद महिलाओं ने की सुख-समृद्धि की मंगल-कामनाएं, दोपहर तक चला सिलसिला

# शीतला सप्तमी पर माता को लगाया बासे भोजन का भोग, आज होगी अष्टमी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शीतला सप्तमी पर मंगलवार को शीतला माता की पूजा की गई। इसके चलते सुबह से ही शीतलदास की बागिया, टीलाजमालपुरा शीतला माता मंदिर सहित अन्य शीतला माता मंदिर महिलाएं पहुंची। इस दौरान विधि-विधान के साथ पूजन कर बच्चों के अच्छे स्वस्थ्य व परिवार के लिए मंगल कामनाएं कीं। सुबह से शुरू हुआ पूजन का सिलसिला दोपहर तक चला। पूजन के बाद घर में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहने की कामनाएं कर महिलाओं ने घर की दीवार पर हल्दी के छापे लगाए। कुछ महिलाएं बुधवार अष्टमी पर भी शीतला माता की पूजा करेंगी। बासी भोजन का भोग लगाएंगी। मान्यता है कि सप्तमी व अष्टमी पर शीतला माता की पूजा करने से अग्निकांड आदि घटनाएं नहीं होती।


पूजन करते श्रद्धालु।

### यह है मान्यता

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार एक बार किसी गांव में लोग शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे। तब उन्होंने गरिष्ठ और गर्म भोजन माता को प्रसाद के रूप में चढ़ा दिया। शीतलता का प्रतीक मां शीतला का मुंह इससे जल गया और वे नाराज हो गईं। उन्होंने कोप दृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। केवल एक बुढ़िया का घर सुरक्षित रहा। गांव वालों ने बुढ़िया के पास जाकर इसका कारण पूछा। तो उसने बताया कि उसने रात को ही भोजन बनाकर रख लिया था। उसने मां को भोग के रूप में उस ठंडा-बासी भोजन खिलाया। इससे मां ने प्रसन्न होकर उसके घर को जलने से बचा लिया। उसकी बात सुनकर गांव वालों ने मां से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का पूजन किया।

### ठंडे भोजन का लगाया भोग

शीतला सप्तमी पर सुबह से ही महिलाओं ने घरों पर ही माता रानी की फोटो के दर्शनकर पूजन किया तो वहीं गुफा मंदिर से कुछ मंदिरों में विधि-विधान से पूजन किया गया। सुबह ठंडे भोजन का भोग ही माताराणी को लगाया गया। दोपहर तक पूजन का सिलसिला चला।


पूजन करती श्रद्धालु।

### आज अष्टमी पर भी होगी पूजा

अष्टमी पर भी माता शीतला का पूजन व बासी भोजन का अर्पण किया जाता है। इसके चलते कुछ महिलाएं बुधवार को भी पूजा करेगी। इस मौके पर शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के तत्वधान में शीतला माता की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि सप्तमी पर सुबह से बड़ी संख्या में महिलाओं ने माता रानी की पूजा की। तो वहीं बुधवार को अष्टमी पर शाम को 151 दीप प्रज्वलित कर आरती की जाएगी। इसके बाद माताओं बहनों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

आज से गुरु-बृहस्पति होंगे मार्गी

### मेष, वृषभ और मिथुन सहित अन्य राशियों के जातकों के खुलेंगे तरक्की के नए द्वार

**भोपाल।** बुधवार को सूर्य बुध की युति से बना है, बुधादित्य योग साथ ही गुरु भी मिथुन राशि में मार्गी हो रहे हैं। जिससे गुरु के शुभ प्रभाव में भी वृद्धि होगी। इस दिन चंद्रमा का गोचर दिन भर वृश्चिक में राशि में होगा और रात्रि में चंद्रमा का संचार धुन राशि में होगा, और इस गोचर में चंद्रमा ज्येष्ठा नक्षत्र से संचार करेंगे। ऐसे में बुधवार का दिन वृषभ, मिथुन, तुला, धनु और कुंभ राशि के जातकों के लिए विशेष रूप से भाग्यशाली रहेगा।

#### 12 राशियों के साथ वैश्विक स्तर पर दिखेगा असर

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि गुरु बृहस्पति को देवताओं को गुरु माना जाता है। यह अत्यंत शुभ और कल्याणकारी ग्रह माना जाता है। ऐसे में गुरु की स्थिति में बदलाव का असर 12 राशियों के साथ-साथ वैश्विक स्तर में भी देखने को मिलेगा। इस समय गुरु मिथुन राशि में वक्री अवस्था में विराजमान है। गुरु बृहस्पति को ज्ञान, अपार धन, सुखद विवाह, योग्य संतान, उच्च शिक्षा, भाग्य, धर्म और आध्यात्म का कारक माना जाता है। 11 मार्च को गुरु बृहस्पति इस राशि में मार्गी हो जाएंगे। गुरु की सीधी चाल चलने से कई जातकों के रुके काम पूरे होने के साथ-साथ बंद किस्मत खुल जाएंगी।

**मेष राशिः** इस राशि के जातकों के लिए गुरु का मार्गी होना लाभकारी हो सकता है। इस राशि की गोचर कुंडली के तीसरे भाव में गुरु मार्गी होंगे।

**वृषभ राशिः** इस राशि के जातकों के लिए भी बृहस्पति का मार्गी काल अत्यंत लाभकारी हो सकता है। नौकरी पेशा जातकों के लिए भी यह अवधि अच्छी रहने वाली है।

**मिथुन राशिः** इस राशि में गुरु बृहस्पति लग्न भाव में सीधी चाल चलेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों को कई क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है। जिसमें मानसिक तनाव से मुक्ति मिलने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह तेज होगा।

जीएमसी में छात्रा ने किया था सुसाइड

# तनाव मुक्त रहने शुरू हुआ 'लेट्स शेयर एंड केयर सेंटर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) की एमबीबीएस की छात्रा रोशनी कलेश द्वारा पढ़ाई के तनाव के चलते 10 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी। जीएमसी में मृतिका छात्रा की शोक सभा पर डीन डॉ कविता एन सिंह ने कॉलेज परिसर में तनाव प्रबंधन के लिए 'लेट्स शेयर एंड केयर सेंटर' की शुरूआत करने की घोषणा की थी। साथ ही प्रत्येक माह की 10 तारीख को प्रत्येक विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं को पढ़ाई के तनाव से उबारने हेतु एटकॉम से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हुआ था। इसी तारतम्य में अधिष्ठाता डॉ कविता एन सिंह के मार्गदर्शन में 10 मार्च को जीएमसी के सभी विभागों द्वारा विभागीय स्तर पर शेयर एंड केयर (एटकॉम) गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाल रोग विभाग द्वारा छात्र छात्राओं हेतु



मानसिक स्वास्थ एवं कल्याण विषय पर सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि वक्ता ब्रह्माकुमारी डॉ प्रियंका थी। फोरेंसिक मेडिसिन विभाग में नए पीजी छात्रों का परिचय, सभी पीजी छात्रों की आपसी बातचीत, संकाय सदस्यों एवं पीजी छात्रों के बीच पारस्परिक मित्रवत संवाद हुआ। साथ ही टीम वर्क एवं नेतृत्व कौशल विषय पर चर्चा हुई। सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन किया गया। पैथोलॉजी विभाग द्वारा कमरे के अंदर खेले जाने वाले खेलों का आयोजन किया गया।

#### त्वचा रोग विभाग ने मनाया होली मिलन समारोह



रेडियो डायग्नोसिस विभाग में चेस्ट एक्स-रे की व्याख्या विभय पर चर्चा हुई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, फामाकोलॉजी विभाग, इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, फिजियोलॉजी विभाग, रेडिएशन ऑनकोलॉजी, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा पीजी छात्र छात्राओं हेतु भिन्न भिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

बेटियों की सुरक्षा के लिए फिल्म दिखाना जरूरी

# संगम टॉकीज में 300 से अधिक छात्राओं और महिलाओं ने देखी 'द केरला स्टोरी-2'



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के संगम टॉकीज में मंगलवार को महिला सशक्तिकरण और सामाजिक चेतना का एक बड़ा उदाहरण देखने को मिला। महिला जागौरी समिति के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष स्क्रीनिंग के दौरान शहर की 300 से अधिक स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने फिल्म 'द केरला स्टोरी 2' देखी। दोपहर के शो के दौरान सिनेमा हॉल का माहौल पूरी तरह बदला हुआ नजर आया।

### सुरक्षा ही सर्वोपरि लक्ष्यः साधना यादव

आयोजन की कमान संभाल रहीं महिला जागौरी समिति की अध्यक्ष साधना नंदू यादव न दो टूक शब्दों में कहा, इस फिल्म को दिखाने का हमारा आज के परिवेश में यह अनिवार्य है कि हमारी बेटियां हर स्थिति को समझें और खुद को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक हों।

# जयपुर मंडल में कार्य के चलते भोपाल जोधपुर एक्सप्रेस मई में 7 ट्रिप निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से व भोपाल मंडल होकर संचालित कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी।

### निरस्त की जाने वाली गाड़ियां

- गाडी सं या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 03, 04, 05, 08, 12, 13 एवं 14 मई को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी।
- गाडी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 02, 03, 04, 07, 11, 12 एवं 13 मई को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी।

### आंशिक निरस्त गाड़ियां

- गाडी संख्या 12181, जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस जो 03 मई से 05, 08, 11 से 14 मई तक (08 ट्रिप) जबलपुर से प्रस्थान करेगी वह जयपुर तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेल सेवा जयपुर-अजमेर स्टेशनों के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।
- गाडी संख्या 12182, अजमेर- जबलपुर एक्सप्रेस 04 मई से 06, 09, 12 से 15 मई तक (08 ट्रिप) अजमेर के स्थान पर जयपुर से प्रस्थान करेगी अर्थात यह रेलसेवा अजमेर-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।
- गाडी संख्या 22175, नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस जो 14 मई को (01 ट्रिप) नागपुर से प्रस्थान करेगी वह अजमेर तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा अजमेर-जयपुर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।
- गाडी संख्या 22176, जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस 15 मई को (01 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर अजमेर से संचालित होगी। अर्थात यह रेल सेवा जयपुर-अजमेर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

हाइपरथायरॉइडिज्म में नहीं खानी पड़ेगी सालों दवा

# एम्स में मिलेगा थॉयराइड कैंसर का इलाज, रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

थायराइड और इससे जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं और कई मरीजों को लंबे समय तक दवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। खासकर हाइपरथायरॉइडिज्म और थायराइड कैंसर के मामलों में मरीजों को पहले बड़े शहरों या दूसरे राज्यों के अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अब भोपाल एम्स के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट की सुविधा शुरू होने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है। इस तकनीक से हाइपरथायरॉइडिज्म के मरीजों में लंबे समय तक दवा लेने की जरूरत कम हो सकती है, वहीं डिफरेंशिएटेड थायराइड कैंसर के लगभग 90 प्रतिशत मामलों का जड़ से इलाज संभव हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर जांच और सही उपचार से थायराइड से जुड़ी इन गंभीर समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

### थॉयराइड की दो प्रमुख बीमारियों पर खास फोकस

एम्स भोपाल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में थायराइड से जुड़ी दो प्रमुख बीमारियों हाइपरथायरॉइडिज्म और डिफरेंशिएटेड थायराइड कैंसर के इलाज के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध है। इन दोनों बीमारियों में आधुनिक तकनीक और रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट की मदद से प्रभावी उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सही समय पर जांच और इलाज मिलने से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं।

परिवार को आनन-फानन में निजी अस्पताल में कराना पड़ी डिलीवरी

# इंदिरा अस्पताल में सर्जिकल सामान की कमी बताकर महिला को किया रेफर, पीड़ित ने मांगी डिलीवरी की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को देखकर एक आवेदक भावुक हो गया, उसे जब दूसरे अफसर के पास सुनवाई के लिए ले जाया जाने लगा तो उसने कहा कि मुझे कलेक्टर साहब से मिलने दो, जिसके बाद उसने बताया कि साहब पिछले दिनों में मैं पत्नी को लेबर इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य गैस राहत अस्पताल पहुंचा था, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पूजा तिवारी ने हम दोनों के साथ अभद्रता की और अस्पताल में सर्जिकल आइटम की कमी बताकर पत्नी को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद मुझे निजी अस्पताल में डिलीवरी कराना पड़ी, जिसका खर्च करीब 80 हजार रुपए आया है। मुझे उधार लेकर अस्पताल का बिल चुकाना पड़ा था। यह कहते कहते चांदबड़ अस्सी फीट रोड निवासी प्रशांत कुशवाह भावुक हो गया। कलेक्टर ने गैस राहत सीएमएचओ को मामले की जांच सौंपी है। उन्होंने बताया वे 22 फरवरी को पत्नी पूजा को डिलीवरी के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन डॉ. पूजा तिवारी ने बिना जांच जच्चा बच्चा को जान का खतरा बता दिया और हमीदिया अस्पताल भेज दिया। प्राइवेट अस्पताल में आए खर्च की राशि अब डॉक्टर से वसूलकर मुझे दी जाए, जिससे में कर्जमुक्त हो सकूं।

### कलेक्टर से लगाई मदद की गुहार, अफसरों को सौंपी जांच


जनसुनवाई करते कलेक्टर।

### वार्ड-64 के दारोगा ने हड़पी सफाईकर्मी की तनख्वाह

जहांगीराबाद निवासी अनिता गोहर ने शिकायत में बताया कि वार्ड 42 में 25 दिवसीय सफाईकर्मी के रूप में काम करती आ रही हैं। लेकिन नौकरी पर बने रहने के लिए उन्हें हर माह वेतन से 6 हजार रुपए दारोगा को देने होते थे। जबसे उन्होंने 6 हजार रुपए देना बंद किए हैं, तो दरोगा ने उनकी पगार आईडी बंद कर दी है। कलेक्टर ने अपर आयुक्त नगर निगम को जांच सौंपी है।

### पश्चिमी बायपास निर्माण पर आदिवासी परिवार की आपत्ति

भोपाल में बनाए जा रहे 4 लेन पश्चिमी भोपाल बायपास को लेकर ग्राम पंचायत भानपुर केकड़िया के एक आदिवासी परिवार ने शिकायत करते हुए बताया कि जिस जगह से होकर बायपास निकल रहा है। वहां की 0.675 हेक्टयर शासकीय भूमि पर एक आदिवासी परिवार कई दशकों से खेती करते हुए जीवन यापन करता आ रहा है। ऐसे में यदि यह जमीन बायपास निर्माण के उपयोग में आ जाती है, तो इस परिवार पर जीवन यापन का संकट खड़ा हो जाएगा। ऐसे में या तो बायपास का मार्ग बदला जाए या फिर परिवार को दूसरी जगह पर खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिला प्रतिभाओं को किया अलंकृत

## अच्छी सलाहकार, प्रशासक, गायिका होती है महिलाएं, उनके बिना हर घर सूना: वाधवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी शाहानी कन्या उमा विद्यालय, सिंधु माध्यमिक शाला, पं. दीनदयाल महाविद्यालय, किशनचंद टी शाहानी बालक विद्यालय, पं. दीनदयाल प्ले स्कूल के तत्वावधान में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मालती राय (महापौर) एवं प्रबंध समिति ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने कहा कि महिलाओं के बगैर समाज व हर एक घर अधूरा है। महिलाएं अच्छी सलाहकार, प्रशासक, गायिका होती है। हमारे देश में महिलाओं का पहले से ही सम्मानित स्थान है।

**खास बातें**

- महापौर मालती ने कहा- विश्व में महिलाएं एक दूसरे का समर्थन कर रही
- आज लोग घर की बहू-बेटी को शिक्षित कर रहे


महापौर मालती का सम्मान करते अतिथि।

### समारोह में महिलाओं को उत्कृष्ट योगदान पर किया सम्मानित

संस्था के सचिव महेश दयारामानी व महासचिव राजेश हिंगोरानी ने कहा कि आज लोग घर की बेटियों और बहुओं की शिक्षा के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्य अतिथि महापौर मालती राय ने कहा कि दुनिया भर की सभी महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन कर एक-दूसरे को प्रोत्साहित करते रहे। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया। अंत में पंडित दीनदयाल महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया बुधानी ने आभार व्यक्त किया।

## ग्लॉकोमा जांच के लिए निःशुल्क शिविर लगेगा

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा 13 मार्च को एयरपोर्ट रोड पर गांधी नगर के पास निर्मित नए भवन में निःशुल्क ग्लॉकोमा जांच और उपचार शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। ग्लॉकोमा विशेषज्ञ डॉ. समता पटेल ग्लॉकोमा रोगियों की जांच तथा इलाज करेंगी। वर्तमान में काला मोतिया दृष्टिहीनता का प्रमुख कारण बनता जा रहा है।



## अंगूर कल्प से स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए टिप्स दिए

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) में आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में अहमदाबाद से पधारी धरती बेन ठक्कर ने स्वास्थ्य रहने के लिए कई टिप्स दिए।

शिविर के प्रारंभ में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब टेवानी ने साधकों को प्राकृतिक चिकित्सा से स्वयं व परिवार को कैसे स्वस्थ कर सकते हैं, इसके बारे में बताया। शिविर में साधकों को पांच दिन जैविक अंगूर पर कल्पाहार सुश्री धरती बेन के मार्गदर्शन में कराया गया। आगामी कैम्प 13 से 22 मार्च को आयोजित किया जाएगा।



कार्यक्रम में उपस्थित सिद्ध भाऊ समेत अतिथि।

## खबर संक्षेप



### कुमडी में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज के युवाओं ने ग्राम कुमडी में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। दोपहर 2 बजे से ही युवा तैयारियों में जुट गए थे। विशेष तैयारियों की गईं। रोजा इफ्तार का समय होते ही सभी ने मिलकर रोजा खोला। इसके बाद एक साथ ही मगरिब की नमाज अदा कर देश की खुशहाली की दुआ की। इस अवसर पर काशिफ, मुसेब, सैफ, फैज, तय्यब, काशन, अमान, शाबाज आदि युवा शामिल हुए।

### विधायक पटवा ने किया सिंधिया को नमन

**औबेदुल्लागंज।** मंगलवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, राजनीति में सुचिता और आदर्शों के प्रतीक, सर्वमान्य जननेता, मध्य प्रदेश के गौरव श्रीमंत माधवराव सिंधिया की जयंती पर सादर नमन किया।



### किसी ने साधी चुप्पी तो कोई गुप्त चर्चा में व्यस्त

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के नीरज चावला, विक्रम धाड़ी ने मौन धारण किया है। इन दोनों नेताओं की निगाह व्यापार महासंघ के चुनाव पर टिकी है। वह कहते हैं, हम मौन है। हम केवल निगाहों से देख रहे हैं। इधर व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित एवं उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर और सचिव प्रदीप अरोरा के साथ गुप्त चर्चा कर रहे हैं। वहीं व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, विजय जैन, अमित राय, मनोज मेघानी, रमेश वासवानी, रवि कमल, श्याम मालवीय, गिरीश चावला आदि आपस में कानाफूसी करने लगे हैं कि व्यापार महासंघ शिथिल क्यों हो रहा है।

### कल्याण संघ महासचिव पीआर साहू का निधन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ के महासचिव पीआर साहू का नौ मार्च को एम्स चिकित्सालय, भोपाल में लंबी बीमारी के उपरांत निधन हो गया। 71 वर्षीय पीआर साहू को 1 जनवरी को एम्स में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार भदभदा शांति स्थल पर मंगलवार को किया गया। साहू अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू, पुत्री एवं जमाता तथा नाती-पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। कल्याण संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें अंतिम विदाई देते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2750 | | |
| दिन: | 129 | 21 | 100 |
| रात: | 156 | 22 | 589 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 140 | 53 | 788 |
| रात: | 699 | 41 | 335 |

## अयोध्या नगर पुलिस ने चैन लूट और चोरी समेत आठ वारदात का किया खुलासा

# फूड डिलीवरी ब्वॉय निकले शातिर लुटेरे, 17 लाख का माल बरामद

**लूट का माल खरीदने वाला दुकानदार भी बना आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की अयोध्या नगर थाना पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर करीब 17 लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपियों से हुई पूछताछ के बाद चैन लूट और चोरी की कुल आठ वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने लूट का माल खरीदने वाले दुकानदार को भी आरोपी बनाया है। दोनों बदमाश लंबे समय से भोपाल के अलग-अलग इलाकों में रहकर घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। दोनों आरोपी इंदौर के रीवा के रहने वाले हैं और भोपाल में फूड कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करते थे।

जानकारी के अनुसार मिनाल रेसीडेंसी निवासी घनश्याम दास ने पुलिस को बताया कि बीती दो मार्च को उनकी मां गोमती के गले से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सोने की चैन खींच ली है। पुलिस ने इस मामले में झपटमारी का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। बदमाशों की तलाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने भानपुर मल्टी से संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने महिला के गले से चैन लूटने की बात स्वीकार कर ली। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने मिनाल रेसीडेंसी में सोने की तीन चैन और बागसेवनिया में तीन चैन लूट और एक स्कूटर चोरी की घटना को स्वीकार किया। अकेले मिनाल रेसीडेंसी इलाके में ही दोनों ने फरियादिया सुमन आहूजा, शशि सक्सेना और कुंती राठौर के गले से चैन लूटना स्वीकार किया। इसी प्रकार बागसेवनिया थाना क्षेत्र में तीन महिलाओं के गले से सोने की चैन लूटी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने की कुल 7 चैन, चोरी की एक स्कूटर और वारदात में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल समेत करीब 17 लाख रुपए का माल बरामद किया है।


पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

पुलिस ने इस मामले में आरोपी निखिल शर्मा (28) और आकाश उर्फ अभिमन्यु सिंह (22) दोनों निवासी भानपुर मल्टी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार चोरी और लूट का माल खरीदने वाले भुवन सोनी (52) निवासी ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी को भी आरोपी बनाया गया है। वह सोने-चांदी की दुकान चलाता है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी महेश लिल्हारे, एसआई सुदील देशमुख, विजय सिंह कर्चुली, जयवीर सिंह बघेल, एएसआई मुस्ताक खान, राजेश जामलिया, अनिल साहू, मनोज कछवाहा, अजीम शेर खान, हेड कांस्टेबल सुजीत पटेल, अमित व्यास, बृजेश सिंह, रूपेश सिंह जादौन, दिनेश मिश्रा, सुदीप राजपूत, अतुल सिंह, भागवत, प्रदीप दामले, आरक्षक राजेन्द्र साहू, हतेन्द्र सगर, राजेश अन्तोठिया, सतीश, जीवन, राहुल जाट, जितेन्द्र जाट, पुष्पेन्द्र, मनमोहन, अम्बरीश तिवारी, भूपेन्द्र उइके और जितेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते तीन सटोरिये गिरफ्तार, दो फरार आरोपियों की तलाश

राजधानी की क्राइम ब्रांच ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से बरामद हुए मोबाइल फोन में लाखों रुपए के सट्टे का हिसाब-किताब मिला है। पकड़ा गया एक सटोरिया होटल संचालक है। इस मामले में दो फरार सटोरियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि नूतन कालेज के पीछे विशाल नगर हबीबगंज में मौजूद दो युवक मोबाइल पर क्रिकेट मैच का सट्टा खिला रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम दीपक जाधव और विजय यदुवंशी दोनों निवासी साई बाबा नगर हबीबगंज बताया। दोनों के पास मिले मोबाइल फोन चैक करने पर क्रिकेट मैच से संबंधित सट्टा आईडी खुली मिली और आईडी में बैलेंस राशि 2 लाख 32 हजार 455 रुपए दिखी। आगे पूछताछ पर बताया कि उन्होंने यह आईडी कोच फैक्ट्री निवासी चंदू से ली है। पुलिस ने चंदू को हिरासत में लिया तो उसने अपना नाम हेमंत सिंह परिहार उर्फ चंदू निवासी छोला मंदिर बताया। उसके मोबाइल पर भी क्रिकेट मैच की आईडी लॉगइन मिली, जिसमें 1 लाख 5 हजार 256 रुपए बैलेंस थे। इस मामले में दो फरार आरोपियों रोहित परिहार और विनोद राजपूत की तलाश की जा रही है। दोनों की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया जा रहा है।

- मोबाइल फोन में मिला लाखों का हिसाब-किताब


बरामद माल के साथ क्राइम ब्रांच की टीम।

## विद्यालय आने में डर रहे बच्चे


स्कूल परिसर में मौजूद कुत्ता।

# स्कूल में शाला प्रभारी ने पाल रखा है कुत्ता, विद्यार्थी भयभीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज के अंतर्गत आने वाला एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला अमोदा में शाला प्रभारी अनीता वर्मा के कुत्ते के कारण हड़कंप मच गया है। शाला प्रभारी ने कुत्ते को स्कूल में पाल रखा है, जिससे अध्यनरत छात्र-छात्राएं और पालक भयभीत हो रहे हैं।

छात्र-छात्राओं का कहना है कि कुत्ता स्कूल के अंदर घूमता रहता है, जिससे उन्हें डर लगता है। कई बार तो कुत्ता उनके ऊपर भोंकने भी लगता है। जिससे उन्हें स्कूल आने में भी डर लगता है। पालकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने में हिचकिचा रहे है, क्योंकि उन्हें डर है कि वही कुत्ता उनके बच्चों को नुक्सान न पहुंचा दें।

**देखभाल के लिए कुत्ते को रखते हैं साथ**

*शाला प्रभारी अनीता वर्मा का कहना है कि कुत्ता उनका पालतू जानवर है। वह उसे स्कूल में रखते हैं, ताकि उसकी देखभाल हो सके, लेकिन उन्होंने यह भी माना कि कुत्ता कभी-कभी छात्रों को डरा सकता है।*

**इस मामले की जांच कर करेंगे कार्रवाई**

*इस मामले में औबेदुल्लागंज बीआरसी सतीश कुशवाह का कहना है कि वे इस मामले की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। स्कूल में छात्रों की सुरक्षा सबसे पहले है और यदि शाला प्रभारी के कुत्ते से छात्रों को खतरा है तो उसे स्कूल से हटाया जाएगा।*

## पीसीसी चीफ जीतू का औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मंगलवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का औबेदुल्लागंज टोल प्लाजा के पास आर्य भवन पहुंचने पर औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर जीतू ने कहा कि कांग्रेस बहुत तेजी से देश में आगे आ रही है। सभी कांग्रेसी संगठित होकर कांग्रेस को मजबूत करें और एकता से कार्य करें। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष जमुना प्रसाद राजपूत, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, महेश जैन, पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, विनोद इरपाचे, राजू मेहरा, दुर्गेश यादव, संजय सिंह चौहान, बसंत साहू, मनोज खटीक, हरजीत सिंह मंगू, उत्तम यादव, कमलेश लोधी, महेंद्र धाकड़, संतोष सेन, पंकज शर्मा, राजाराम यादव, रेवा शंकर राय आदि कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया।

## विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर ओल्ड डेयरी फार्म मैदान में श्रीमद भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आचार्य कृपाशंकर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति, संस्कार और मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाल रहे हैं। इसका आयोजन राहुल राजपूत, अध्यक्ष संस्था मातृभूमि द्वारा किया जा रहा है।

## लापता बालक को हनुमानगंज पुलिस ने ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज पुलिस ने एक बस स्टैंड से लापता हुए एक नाबालिग को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार तीस वर्षीय महिला कोतवाली जिला सीहोर की रहने वाली है। महिला ने बताया कि उनका नाबालिग बालक नादरा बस स्टैंड से कहीं चला गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही उसे सकुशल तलाश कर घरवालों के सुपुर्द कर दिया।

### विदिशा पुलिस ने बरामद किए 603 मोबाइल फोन

*राजधानी से लगे विदिशा जिला पुलिस द्वारा संचालित मिशन मोबाइल रिकवरी अभियान के अंतर्गत गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशानुसार पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन संजय तिवारी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में फरवरी के दौरान विदिशा पुलिस द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों से 603 गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 50 लाख 75 हजार है। इन सभी मोबाइलों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैक कर बरामद किया गया और उनके वास्तविक मालिकों को वापस किया जा रहा है। इस प्रकार वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 1715 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत 3 करोड़ 72 लाख 91 हजार है, उनके वास्तविक मालिकों को वापस किए जा चुके हैं। विदिशा पुलिस द्वारा मोबाइलों की बरामदगी केवल जिले तक सीमित नहीं रही, बल्कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों भोपाल, रायसेन, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, सीहोर, इंदौर, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, सागर, आगर-मालवा आदि से भी मोबाइल बरामद किए गए। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान एवं बिहार से भी मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए गए।*

## महिलाओं ने प्रदर्शन कर लगाए नारे- हम प्यासे हैं, हमें पानी दो

# खनपुरा गांव में 6-6 दिन बाद मिल रहा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

गर्मी की दस्तक के साथ ही मंडीदीप के ज्यादातर वार्डों में पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है। इस समस्या से त्रस्त होकर मंगलवार को वार्ड 26 खनपुरा गांव की सैकड़ों महिलाएं नपा कार्यालय पहुंचीं।

मौके पर नपा अध्यक्ष, सीएमओ और संबंधित वार्ड पार्षद के न मिलने से महिलाएं भड़क उठीं। उन्होंने नपा कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और पार्षद की निष्क्रियता पर उनका इस्तीफा मांग लिया। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए- हम प्यासे हैं, हमें पानी दो, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।


नपा में वार्ड 26 की महिलाएं विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### दावा दो दिन छोड़कर पानी देने का, हकीकत कुछ ओर

*महिलाओं ने बताया कि खनपुरा गांव में न तो पेयजल की पक्की व्यवस्था है, न सड़क-नाली की। 6-6 दिन में बमुश्किल पानी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत से नपा में शामिल होने के बाद गांव की हालत और बिगड़ गई है। उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। नपा का दावा है कि सभी वार्डों में दो दिन छोड़कर पानी दिया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि अध्यक्ष ओर उपाध्यक्ष के वार्ड को छोड़कर अन्य वार्डों में 6-6 दिन में एक बार ही पानी मिल पा रहा है। हालात यह कि गर्मी बढ़ने के साथ संकट और गहरा रहा है।*

### जलस्तर नीचे चले जाने से अब 20 से ज्यादा बोर हुए बंद

*नपा के सभी 26 वार्डों की पेयजल व्यवस्था बोरवेल पर निर्भर है। 26 वार्डों में करीब 120 बोर चालू थे, लेकिन गर्मी की दस्तक के साथ इनका जल स्तर नीचे चले जाने से 20 से ज्यादा बोर बंद हो चुके हैं। कुछ बोर में पानी भी कम हो गया है। जिसके चलते पेयजल व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।*

## स्व. हेमराज सिंह पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित



**तामोट।** मंगलवार को ग्राम सिंगलदीप में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश पटेल के पिताजी स्वर्गीय हेमराज सिंह पटेल (सेवानिवृत्त शिक्षक) की तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंकज कोठारी, जयप्रकाश शर्मा, सुजीत चौहान, बाबूलाल तामोट, रामकिशोर चौहान तामोट, हरगोविंद वर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संजीवनी क्लीनिक का उद्घाटन भी नहीं हुआ

# नप कार्यालय के पास बन रही दुकानों का निर्माण कार्य कई महीनों से रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की सुस्ती से नगर परिषद के दफ्तर के सामने बन रही दुकानों का काम कई महीनों से रुका पड़ा है। एसडीओपी कार्यालय से लगी अस्थाई दुकानों का निर्माण भी बंद पड़ा है।

इन दुकानों का काम बंद होने से नगर में अतिक्रमण में हटे दुकानदारों को चिंता सताने लगी है कि नगर परिषद औबेदुल्लागंज दुकानदारों को दुकान देगी या नहीं, क्योंकि कमीशन और अवैध निर्माण के कारण इन दुकानों का काम अटकने की चर्चा है। आठ पार्षदों ने चिंता व्यक्त की है कि साढ़े तीन साल निकल जाने के बाद भी नगर परिषद कोई ऐसा प्रभावशाली काम नहीं करा पाई, जिससे नगर में कुछ दिखे। साढ़े तीन साल में अर्जुन नगर में बने संजीवनी क्लीनिक पर ताला लटका है। उद्घाटन हुआ नहीं है और दीवारों में दरारें आ गई है। दुकानें अधूरी पड़ी हैं।

वार्ड 13 के चारों रोड उखड़े पड़े है। अर्जुन नगर में भी हालत खस्ता है। भाजपा नेता स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, वचन लोधी, आरती यादव, पदम चौहान, इंग्लेश यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन आदि ने चिंता व्यक्त की है कि औबेदुल्लागंज में विकास अवरुद्ध क्यों हो रहा है।


नाटक में शेर और गाय का अभिनय करते कलाकार।

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में देशज रंग महोत्सव

# भरतनाट्यम नृत्य संग नाटक 'बहुला ठाढ़ी दुआर' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में देशज रंग महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को भरतनाट्यम नृत्य संग नाटक 'बहुला ठाढ़ी दुआर' का मंचन किया गया। देश के अधिकांश क्षेत्रों में मनाए जाने वाले 'बहुला चौथ' त्यौहार की नाटकीय कथा बहुत ही रोचक और जग विदित है। इस कथा में जंगल का राजा बाघ, गाय 'बहुला' का शिकार करना चाहता है, लेकिन बहुला कहती है कि वह एक आखिरी बार अपने बछड़े को दूध पिलाना चाहती है। उसके बाद वह स्वयं बाघ का भोजन बनने के लिए उपस्थित हो जाएगी। देशज रंग महोत्सव में आयोजित इस नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। योगेश त्रिपाठी के लेखन में तैयार इस नाटक में निर्देशन सतीश व्याम का रहा। इससे पहले पूर्वरंग में प्रियंका शर्मा द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी।


नाटक के बाद सभी कलाकार एक साथ मंच पर आए।

### मनुष्य और बाघ के बीच एक सेतु का काम करती है 'गाय'

नाटक में दिखाया कि बाघ गाय को अपनी बहन बना लेता है और गाय उसको भाई मानते हुए बाघ के दीर्घायु होने के लिए व्रत रखती है। मनुष्य बाघ को अपना दुश्मन मानता है और गाय को अपनी मां। मनुष्य और बाघ के बीच गाय एक सेतु का काम करती है। दूसरे शब्दों में कहें तो गाय हमें प्रकृति के प्रतीक बाघ से जोड़ती है। यह नाटक इसी लोककथा का विस्तार है।

### मैं तो गिरधर के संग नाचूंगी... बोलों से सजी नृत्य प्रस्तुति

इससे पहले पूर्व रंग में भरतनाट्यम नृत्य के रूप में प्रियंका ने मीरा की भक्ति को दर्शाया। मैं तो गिरधर के संग नाचूंगी... बोलों से सजी इस प्रस्तुति के माध्यम से नृत्यांगना ने मीरा के बालपन से लेकर युवावस्था तक कृष्ण के प्रति आसक्ति को बेहद ही मनभावन ढंग से दर्शाया।



जनजातीय संग्रहालय में इंद्राणी समारोह, महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव

# वाद्यों की जुगलबंदी से वातावरण बना भक्तिमय


नृत्य की प्रस्तुति देती कलाकार।



उड़ीसा के महारी नृत्य की प्रस्तुति देतीं कलाकार।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में मंगलवार से महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव इंद्राणी समारोह का शुभारंभ हुआ।गतिविधि में नादलय रंजनी पंच वाद्य- रंजनी वेंकटेश एवं साथी- कर्नाटक ने प्रस्तुति का शुभारंभ अम्मा आनंददायिनी- राग गंभीरनाट में आधारित ताना वणर्म्, आदि ताल से किया। डॉ. एम. बालमुरलीकृष्णा की अनुपम इस कृति की प्रस्तुति के आरंभिक चरण में ही कलाकारों ने अपनी सधी हुई लय, ताल और वाद्य संयोजन से वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया।

## बुन्देली जस गायन की प्रस्तुति रही खास

अगले क्रम में बुन्देली जस गायन की प्रस्तुति सौम्या बुधोलिया एवं साथी, सागर ने प्रस्तुति दी। उन्होंने मोरी मैया विराजो..., अंगना पधारो महारानी..., मैया खोल भवन के द्वार..., मोपे रंग ने डारो सांवरिया..., केसरिया रंग डारे..., जैसे जस गीत और फाग गीतों की प्रस्तुति दी।

### उड़ीसा का महारी नृत्य रहा खास

महारी नृत्य ओडिशा का एक प्राचीन, पारंपरिक और अनुष्ठानिक नृत्य है, जो श्रीजगन्नाथ पुरी मंदिर की देवदासियों द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ को समर्पित किया जाता था। इस भावपूर्ण नृत्य में भक्ति, सौंदर्य और भारतीय संस्कृति की गहराई का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### पंच वाद्य का रहा सामंजस्यपूर्ण प्रयोग





राग गंभीरनाट की गरिमा और ताना वणर्म् की लयात्मकता को पंच वाद्य के सामंजस्यपूर्ण प्रयोग के साथ प्रस्तुत करते हुए कलाकारों ने कर्नाटक संगीत की समृद्ध परंपरा का प्रभावशाली परिचय दिया।

भोजपुर क्लब में वूमेन्स डे सेलिब्रेशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग सम्मान समारोह

# रैंप पर बिखरा महिलाओं के आत्मविश्वास और सौंदर्य का जलवा


भोजपुर क्लब में वूमेंस डे सेलिब्रेशन के दौरान फैशन वॉक करतीं युवतियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार की शाम भोजपुर क्लब में आयोजित वूमेन्स डे सेलिब्रेशन में फैशन, कला और सम्मान का खूबसूरत संगम देखने को मिला। मनीषा पवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने रैंप वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, शैली और सौंदर्य का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लगभग 40 महिलाओं ने लोकप्रिय गीतों पर रैंप वॉक करते हुए अपनी दिलकश अदाओं का जलवा बिखेरा। फैशन के रंगों से सजे इस मंच पर प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कैटवॉक की, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। रैंप पर महिलाओं की ऊर्जा और उत्साह ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

### श्री चक्र राज पर भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति

इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कई महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से उनकी उपलब्धियों और प्रेरणादायी कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंगों के क्रम में देविका ने भरतनाट्यम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने प्रसिद्ध रचना श्री चक्र राज पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें भाव, लय और मुद्राओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा।



# साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में नारी शक्ति का शंखनाद


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सा विद्या या विमुक्तये के ध्येय वाक्य के साथ, मानसरोवर कैंपस स्थित श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय नारी शक्ति - सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण रहा, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से नारी शक्ति के कई स्वरूप प्रस्तुत किए। वहीं वाद-विवाद और वैचारिक मंथन में कुल 10 चयनित टीमों ने पक्ष और विपक्ष में अपने प्रभावशाली तर्क रखे।


नारी शक्ति के स्वरूपों पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता।

# दुष्यंत संग्रहालय में सत्य प्रकाशित कृति '21वां मिनट पर' पुस्तक विमर्श



दुष्यंत संग्रहालय में पुस्तक पर चर्चा करते साहित्यकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश लेखक संघ द्वारा संतोष श्रीवास्तव की सत्य प्रकाशित कृति 21वां मिनट पर पुस्तक विमर्श का कार्यक्रम दुष्यंत संग्रहालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने की और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश वर्मा ने की।

मुकेश वर्मा ने कहा कि संतोष श्रीवास्तव की कहानी उपन्यास की तरह है। उनकी हर कहानी पर उपन्यास लिखा जा सकता है। कथाकार को इस तरह की कहानी लिखने से बचना चाहिए। कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि उर्दू साहित्य अकादमी की निदेशक नुसरत मेहदी ने कहा संतोष की कहानी संवेदनशील तो है ही वे स्त्री की बात को रखती हैं और विस्तार देती हैं। पुस्तक की विस्तृत समीक्षा करते हुए डॉक्टर नीलिमा रंजन ने कहा संतोष श्रीवास्तव की लेखन प्रक्रिया एक प्रतिष्ठित साहित्यकार होने का परिचय देती है।

गांधी भवन में नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' का मंचन

# आपसी संबंधों के लिए तनिक भी समय न होने की स्थिति को दर्शाता नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी भवन में विभा रानी के नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' का मंचन मंगलवार शाम किया गया। जिसमें निर्देशन सरोज शर्मा का रहा और संगीत रुपेश तिवारी का। नाटक में वर्तमान समय की आपा-धापी में आपसी संबंधों के लिए तनिक भी समय न होने की स्थिति को बेहद ही मनभावन ढंग से दिखाया, जिसमें पति की भूमिका अनूप जोशी ने और पत्नी की भूमि को बखूबी निभाया स्वास्तिका चक्रवर्ती ने।

नाटक वर्तमान समय को जीवंत करता हुआ प्रतीत हुआ, जिसमें दिखाया कि आज के युग में हर अपने जीवन के संघर्षों में भाग रहे हैं। पति, पत्नी और बच्चे सभी अपने कामों में लगे हुए हैं और जीवन उसी रफ्तार में तेजी से गुजरता जा रहा है। बच्चों की परवरिश, उनकी पढ़ाई-लिखाई और उनका करियर, और एक दिन उनका अपने जीवन में सेटलमेंट। लेकिन माता-पिता सोचते रह जाते हैं कि अंत में वे अकेले रह गए हैं। जीवन के संघर्ष में उनका जीवन कब बीत गया, पता ही नहीं चला। जब सोचा की जीवन में जो खाली रह गया वो प्रेम था, जिसे कभी महसूस ही नहीं कर पाए।




नाटक के दौरान मंच पर अभिनय करते कलाकार।

मिस इंडिया मप्र धानुश्री और पर्वतारोही मेघा परमार रही मौजूद

# शहर के सिंगर्स ने दीं एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की महिला गायिकाओं ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि मिस इंडिया मध्य प्रदेश धानुश्री एवं प्रसिद्ध पर्वतारोही मेघा परमार उपस्थित रहीं। उन्होंने नारी शक्ति के महत्व पर सभी प्रतिभागियों और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रोताओं ने इस शाम का आनंद लिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर संगीतमय वातावरण बना दिया। इस दौरान महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

## महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 'अभिरंग-2026' का शानदार आगाज

प्रतियोगिताओं में स्टूडेंट ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# 3डी रंगोली में जीवंत हुए छत्रपति शिवाजी तो मेहंदी में नजर आई परंपराओं की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शा महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सोमवार से पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव 'अभिरंग-2026' की शुरुआत हुई। शुभारंभ अवसर पर छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता से साबित कर दिया कि वे परंपरा और आधुनिक तकनीक दोनों में माहिर हैं। जिसमें जहां एक ओर छात्राओं ने थ्री डी रंगोली बनाकर शौर्य और आस्था का जीवंत स्वरुप प्रस्तुत किया तो वहीं दूसरी ओर मेहंदी प्रतियोगिता में परम्परा की उत्सव नजर आया।


वार्षिक उत्सव अभिरंग के दौरान पॉलिटेक्निक के स्टूडेंट व स्टाफ।

### रंगोली में नजर आया 'नारी-शक्ति' और 'राधे-कृष्ण' का प्रेम

श्री डी रंगोली में 39 छात्राओं ने रंगों के माध्यम छत्रपति शिवाजी की शौर्य गाथा को बेहद ही जीवंत स्वरूप में दर्शाया तो वहीं उनके रंगों में नारी शक्ति और राधे-कृष्ण का प्रेम भी स्पष्ट नजर आया, जिसमें प्रथम पुरस्कार छत्रपति शिवाजी महाराज वाली रंगोली के लिए दीक्षा खादोतिया को मिला तो वहीं दूसरे स्थान पर संगीता विश्वकर्मा रहीं जिन्होंने नारी शक्ति के रूप में रंगोली बनाई।

### मेहंदी में दिखी 64 छात्राओं ने दिखाई जादुई कलाकारी


प्रतियोगिता के दौरान मेहंदी लगाती छात्राएं।

ब्राइडल मेहंदी प्रतियोगिता में 42 छात्राओं ने अपनी जादुई कलाकारी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें पारंपरिक दुल्हन श्रंगार के प्रतीक बनाने वाली संगीता विश्वकर्मा को प्रथम स्थान मिला तो वहीं दूसरे स्थान पर खुशी राजपूत रहीं जिन्होंने आधुनिक और पारंपरिक डिजाइन का फ्यूजन हथेलियों पर उकेरा।


रंगोली बनाती छात्रा।



## इगा ने मारिया को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर चौथे दौर में बनाई जगह

# इंडियन वेल्स में लगातार छठी बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची स्वियातेक, बनीं पहली महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸| इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)

दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 32वीं वरीयता प्राप्त मारिया साकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वियातेक अब एग्निज्का राडवांस्का और कैरोलिना वोज्नियाकी के बाद इंडियन वेल्स में लगातार छह वर्षों तक राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, साल 2009 में इस फॉर्मेट की शुरुआत के बाद से, डब्ल्यूटीए-1000 इवेंट्स में जीत प्रतिशत के मामले में (कम से कम 10 मैच) स्वियातेक (129-31, .806) केवल सेरेना विलियम्स (148-28, .841) से पीछे हैं।



### हार के बाद मीरा ने खोया आपा तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर चिल्लाई

मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया, जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, 'मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।'

### मारिया का शानदार प्रदर्शन

मारिया साकारी का प्रदर्शन शानदार रहा था, उन्होंने अपने सभी सर्विस गेम जीते और सभी छह ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। स्वियातेक के खिलाफ भी उन्होंने इसी तरह शुरुआत की। पहले गेम में अपने चौथे ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 2-0 की बढ़त बनाने के लिए एक लंबा होल्ड किया। इसके बाद स्वियातेक ने अपने फोरहैंड की गति बढ़ाई और आखिरी सात में से छह गेम जीत लिए। दूसरा सेट भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें स्वियातेक ने साकारी की सर्विस को तीन बार तोड़ा। साकारी का आखिरी बैकहैंड शॉट कोर्ट से बाहर चला गया था। टॉप 20 से बाहर रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले 34 मुकाबलों में, स्वियातेक को केवल एक हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले महीने दोहा क्वार्टरफाइनल में साकारी के खिलाफ मिली थी।

### राउंड ऑफ 16 में पहुंचीं जेसिका

दूसरी ओर, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्तापेंको के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करके राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। चौथे दौर में उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से होगा। 2019 की सेमीफाइनलिस्ट बेंसिक ने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथी बार राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई है।



### कोवासेविक को हराकर जोकोविच पहुंचे चौथे दौर में

नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी खिलाड़ी अलेक्जेंडर कोवासेविक के खिलाफ 6-4, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, इस मुकाबले के दौरान पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच को कोवासेविक ने कड़ी चुनौती जरूर दी, लेकिन जोकोविच ने दबाव में भी सूझबूझ का परिचय दिया। जोकोविच को इस हफ्ते लगातार दूसरे मैच में जीत के लिए तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कामिल माजचर्जाक के खिलाफ भी कड़ा मुकाबला जीतकर अभियान की शुरुआत की थी। मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में 113वीं बार प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर जोकोविच ने राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया और इस सूची में अकेले शीर्ष पर पहुंच गए। वह साल 2017 के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे हैं, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा।

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल

लंदन। मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा। वेस्ट हैम ने ब्रेंटफोर्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर एक दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिपः नागर ने जीते दो गोल्ड मेडल

**हैदराबाद।** पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच 6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। कृष्णा ने पुरुषों के एकल एसएच 6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कृष्णा ने इसके बाद मिश्रित एसए 6 वर्ग में नित्या सुमति सिवन के साथ मिलकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक मेडल जीता। इस जोड़ी ने सुदर्शन एमएस और श्रेया कुमारी को 21-7, 21-11 से हराया।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल : पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर मनु

**नई दिल्ली।** ओलंपियन मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं।



ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए।

**सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे 41 करोड़**

# टीम इंडिया पर धनवर्षा, बीसीसीआई ने दी 131 करोड़ की पुरस्कार राशि

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ रुपए अधिक है।



### 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 6-6 करोड़ रुपए


सूत्रों के अनुसार 15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपए सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, 'बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।'

### बीसीसीआई ने की कप्तान-कोच की तारीफ

बीसीसीआई के मुताबिक, कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार नेतृत्व में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निडर और जोशीला खेल दिखाया। धमाकेदार बल्लेबाजी, अनुशासनात्मक गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण समेत टीम ने टी20 विश्व कप के सभी चरणों में निरंतरता बनाए रखी और सबसे मुश्किल पलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ की भी उनकी लीडरशिप, प्लानिंग और तैयारी के लिए तारीफ की। बोर्ड ने पुरुष चयन समिति की भी तारीफ की।

### एएफसी महिला एशियाई कप से बाहर भारतीय टीम

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई।



भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई।

## नहीं टलेगा फुटबॉल विश्व कप स्थगित करना नहीं आसान : फीफा

एजेंसी ▸▸| डलास

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा, जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, 'अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है।' उन्होंने कहा, 'हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।'

**गोल्फ प्रीमियर लीग**

## आज से आईजीपीएल, भुल्लर गिल, कोचर पर रहेगी नजर

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़

मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे, जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में 2025 में मुकाबला इतना करीबी था कि शीर्ष तीन खिलाड़ियों पुखराज (81,90,652 रुपए), अमन राज (81,81,708 रुपए) और भुल्लर (81,30,000 रुपए) के बीच केवल 60,000 रुपए से कुछ अधिक का अंतर था। इस प्रतियोगिता में कुल 58 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें नौ एमेच्योर खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें कोई कट नहीं होगा।



### इंडियन ओपन गोल्फ की राशि बढ़ी, पहुंची 2.55 मिलियन डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी अक्षय भाटिया हीरो इंडियन ओपन में चुनौती पेश करने वाले दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल होंगे। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक इंडियन ओपन का आयोजन 26 से 29 मार्च के बीच गुरुग्राम के 'डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में होगा। आयोजकों ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.55 मिलियन डॉलर (लगभग 23.42 करोड़ रुपए) कर दी गई है, जिसमें से विजेता को 4,33,500 डॉलर (लगभग चार करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। 'डीपी वर्ल्ड टूर' और भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भाटिया के अलावा स्पेन के मौजूदा चैंपियन यूजेनियो चाकारा और बेल्जियम के थॉमस डेट्री (2025 में पीजीए टूर पर फीनिक्स ओपन विजेता), डीपी वर्ल्ड टूर के मौजूदा सत्र के विजेता दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस, स्पेन के नाचो एल्विरा और जर्मनी के फ्रेडी शॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

### गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने हेडन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारुपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, 'मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।' हेडन ने कहा, 'अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है। शानदार बल्लेबाजी खेल पर अपना दबदबा बनाती है।

## अर्शदीप पर आईसीसी ने लगाया 15 प्रतिशत जुर्माना, मिचेल को गेंद मारने की मिली सजा

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने' से जुड़ा है। यह घटना रविवार को न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका, जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी।




### टूर्नामेंट में भारत ने खेले कुल 9 मैच, सैमसन 5 मैच ही खेल पाए

# सैमसन ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया।

सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से 4 मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था।




### टूर्नामेंट में सैमसन ने खेले सिर्फ 5 मैच

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल 9 मैच खेले, जिनमें से सैमसन 5 मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे।

### पूरे मैच नहीं खेलने वाले इन खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार हासिल किया था, उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ((चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।




कमर्शियल सिलेंडर डिलेवरी बंद होने से घरेलू सिलेंडर की बढ़ी डिमांड

# घरेलू सिलेंडर की वेटिंग तीन से दस दिन बढ़ी, डीजल भट्टी जलाएंगे होटल वाले

- **कलेक्टर ने होटल संचालकों की बैठक में वैकल्पिक उपायों की दी नसीहत**
- **कंपनियों के अफसर बोले अभी भोपाल में छह दिन के सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद**

*ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच गैस आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी हुई है। इसी को लेकर मंगलवार को कलेक्टर ने तीनों कंपनियों के गैस अधिकारियों की एक बैठक बुलाई और इस स्थिति से निपटने को लेकर चर्चा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बाद होटल कारोबारियों का संकट गहरा गया है। इधर घरेलू सिलेंडर की डिमांड अचानक से बढ़ गई है, जिससे गैस एजेंसी संचालक तीन दिन में डिलेवरी वाला सिलेंडर दस दिन में भी नहीं दे पा रहे हैं। हालात यह हैं कि तीन दिन में डिलेवरी वाला सिलेंडर अब दस दिन में भी नहीं मिल पा रहा है। अचानक से बढ़े एलपीजी सिलेंडर की शॉर्टेज को देखते हुए मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने होटल कारोबारियों के साथ बैठक रखी, जिसमें होटल संचालक के लिए डीजल भट्टी सहित अन्य वैकल्पिक उपाय करने की बात कही गई।

बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के निर्देश पर कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद कर दी गई है। जबकि घरेलू सिलेंडरों की सप्लाई जारी रहेगी। सिलेंडर कंपनी के अफसरों ने बताया कि अभी भोपाल में छह दिन के सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद है। कलेक्टर ने बताया कि शहर के सरकारी अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, हॉस्टल और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए सिलेंडरों की सप्लाई जारी रहेगी।



कलेक्ट्रेट में बैठक में गैस कंपनियों के अफसरों के साथ चर्चा करते कलेक्टर।

## होटलों को इमरजेंसी सर्विस में करने की बात

मप्र होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी का कहना है कि प्रदेश में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने से होटल कारोबार प्रभावित होगा, ऐसे में होटलों में रुकने वाले लोगों को खाना कैसे दिया जाएगा। जिसको लेकर उन्होंने सरकार से मांग रखी है कि होटलों को इमरजेंसी सर्विस की केटेगरी में रखा जाए। उन्होंने होटल संचालकों से भी डीजल भट्टी का उपयोग करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने होटल व्यवसाय पर भी पड़ने वाले प्रभाव को लेकर सभी को अवगत कराया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

### एक महीने में ऐसे बदले डिलीवरी के नियम

इजराइल और ईरान युद्ध के बाद एलपीजी सिलेंडरों के शॉर्टेज के एक महीने पहले एक सिलेंडर लेने के बाद फौरन बाद दूसरा सिलेंडर बुक किया जा सकता था, लेकिन दस दिन पहले इसकी सीमा बढ़ाकर 21 दिन कर दी थी। अब इसे और बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है, जिससे एक सिलेंडर लेने के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर बुक किया जा सकेगा।

### दो दिन में ठप हो जाएगा होटल कारोबार

कलेक्टर की बैठक में होटल संचालकों ने कहा कि छोटी होटलों में रोजाना 4 और बड़ी होटलों में एक दर्जन से अधिक सिलेंडरों की रोजाना सप्लाई होती है। होटल संचालक चार से पांच दिन का स्टॉक भी रखते हैं, लेकिन अगले दो दिन में सप्लाई नहीं होने पर होटल कारोबार पूरी तरह से ठप्प हो जाएगा। जिस पर जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने कहा कि डीजल भट्टी का उपयोग कर कारोबार को जारी रखा जा सकता है।

### चार टीमें करेंगी निगरानी

कलेक्टर की हिदायत के बाद खाद्य विभाग ने चार टीमों का गठन किया है। टीमें होटलों के किचन में जाकर सिलेंडरों की जांच करेंगी। जांच में देखा जाएगा कि कहीं होटल कारोबारी घरेलू सिलेंडरों का उपयोग तो नहीं कर रहे। ऐसे में घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने पर ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इधर टीम सिलेंडर का अवैध रूप से स्टॉक करने वालों पर भी निगरानी रखेंगे, जिससे सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोका जा सके।

होटल,ढाबा संचालकों पर बढ़ा खर्च,थाली पर असर नहीं

# 10 कमर्शियल की जगह अब 8 सिलेंडर में चला रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से होटल और ढाबा संचालकों की चिंता बढ़ गई है। फिलहाल खाने की थाली के दाम नहीं बढ़े हैं, संचालकों का कहना है कि फिलहाल वे कम सिलेंडर में काम चलाकर खर्च नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।

एमपी नगर के होटल संचालक निशांत दुबे ने बताया कि अभी कमर्शियल गैस मिलने में कोई बड़ी दिक्कत नहीं है, लेकिन हाल ही में गैस सिलेंडर के दाम करीब 115 रुपये बढ़ गए हैं। पहले उनके होटल में रोजाना 10 से 12 सिलेंडर तक खपत होती थी, जबकि अब खर्च कम करने के लिए लगभग 8 सिलेंडर में ही काम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इसका असर ग्राहकों की थाली पर नहीं डाला गया है।



शहर के एक ढाबे का दृश्य।

### तो थाली के बढ़ाने पड़ सकते हैं दाम

एम.पी. नगर के ही ढाबा संचालक आशीष अग्रवाल ने बताया कि अभी तक थाली के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं, लेकिन गैस की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं तो मजबूरी में खाने की मात्रा कम करनी पड़ सकती है। अगर हालात ज्यादा खराब हुए तो थाली के दाम बढ़ाना भी पड़ सकता है। वहीं होशंगाबाद रोड के ढाबा संचालक सुनील वर्मा का कहना है कि गैस महंगी होने से ढाबा संचालकों पर खर्च का दबाव बढ़ गया है। उनके यहां दिहाड़ी मजदूर और कामकाजी लोग ज्यादा आते हैं, इसलिए वे खाने के दाम बढ़ाने से बच रहे हैं। उनका कहना है कि अगर खाना महंगा हुआ तो इसका सीधा असर मजदूरों की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद जताई कि हालात जल्द सुधरेंगे, नही तो मजबूरी में कुछ समय के लिए ढाबा बंद करना भी पड़ सकता है।

# सरकारी छात्रावासों में फिलहाल समस्या नहीं, निजी में हो सकती है किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय के छात्रावास, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित छात्रावास हैं। इसके अलावा प्राइवेट छात्रावास भी बड़ी संख्या में संचालित हो रहे हैं। निजी छात्रावासों में व्यावसायिक सिलेंडर की प्रभावित हुई सप्लाई से इन छात्रावासों के मेस प्रभावित हो सकते हैं। इसको लेकर फिलहाल कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इधर, शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों का कहना है कि लगभग सभी छात्रावासों को टेंडर के माध्यम से वेंडर्स को दे रखा है और व्यवस्थित संचालन हो रहा है। अगर व्यावसायिक सिलेंडर की किल्लत गहराती नजर आती है तो इसका भी समाधान किया जाएगा।


सुभाष एक्सीलेंस स्कूल की मैस में भोजन करते स्टूडेंट।

### कोई शिकायत नहीं मिली है...

फिलहाल गैस सिलेंडर की कमी को लेकर किसी छात्रावास मेस से कोई शिकायत नहीं मिली है। हमारे छात्रावास मेस व्यवस्थित संचालित हो रहे हैं। अगर इस प्रकार की कोई समस्या आएगी तो उसका भी निराकरण किया जाएगा।

**प्रो. एस.के. जैन,** कुलगुरू, बीयू


पॉलिटेक्निक चौराहे से दो सिलेंडर ले जाता एक युवक।

# कमर्शियल सिलेंडर का दो दिन का स्टॉक ही शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश के डीलर्स के पास कमर्शियल सिलेंडर का करीब दो दिन का ही स्टॉक बचा है। कमर्शियल सिलेंडर की कमी से भोपाल के 10 हजार से अधिक और मध्यप्रदेश के करीब 15 लाख व्यावसायिक उपभोक्ताओं के सामने किल्लत उत्पन्न होगी। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्थिति से निपटने मंत्रियों की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। जिसमें उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री, जगदीश देवड़ा, खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मंत्री चेतन्य काश्यप को शामिल किया है। साथ ही प्रदेश के सभी कलेक्टरों को कमर्शियल संस्थानों के साथ बैठक कर गैस का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

**उद्योग हो सकते हैं प्रभावित :** कमर्शियल उपयोग की बात करें तो प्रदेश में एलपीजी का केवल 5 से 7 प्रतिशत उपयोग कमर्शियल क्षेत्र में होता है। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए करीब दो से तीन दिन का स्टॉक उपलब्ध है। वहीं, ऑयल कंपनियों के पास औसतन 6 से 7 दिन का स्टॉक रहता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल होटल, रेस्टारेंट और उद्योगों को दूसरे विकल्पों का उपयोग करने के लिए कहा गया है।

### एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति और विपणन के लिए मप्र सरकार ने कलेक्टरों को पत्र

एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति और विपणन के लिए मप्र सरकार ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देश दिए है। पत्र में मप्र शासन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर जिला प्रशासन, खाद्य विभाग तथा ऑयल कंपनी के अधिकारी, एलपीजी वितरकों के साथ नियमित रूप से बैठक का आयोजन कर वाणिज्यिक और घरेलू सिलेंडर की स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा करें। जिले के बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की भी बैठक आयोजित कर उनके पास उपलब्ध स्टॉक का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं उनकी ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक ईंधन आपूर्ति/स्रोतों का उपयोग करने की सलाह दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति निर्मित न हो। उपरोक्त के संबंध में आयल मार्केटिंग कंपनी तथा उनके फील्ड अधिकारियों को सतत रूप से जिला प्रशासन के संपर्क में रहकर वस्तुस्थिति की समीक्षा एवं सतत निगरानी रखे जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

रसोई से लेकर होटल-रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन तक गैस का संकट

# लोग बोले- तेल-गैस कंपनियां खुद कर रहीं पैनिक और आपातकालीन स्थिति उत्पन्न

LPG संकट की आहट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग का असर अब रसोई के साथ होटल-रेस्टॉरेंट और मैरिज गार्डन तक पहुंचने लगा है। राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश में एलपीजी के साथ ईंधन का संकट देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं तो पेट्रोल पंपों वाहनों की भरमार हो गई है।

इस पूरे मामले को लेकर पेट्रोप पंप, गैस एजेंसी संचालन, होटल रेस्टोरेंट , मैरिज गॉर्डन से जुड़े लोगों का कहना है कि पेट्रोलियम कंपनियां खुद आम जनता में घबराहट उत्पन्न कर रही हैं। गैस कंपनी आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल द्वारा कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पूर्णतः रोकना न्यायोचित नहीं हैं। कंपनियों ने बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था ढूंढने के बजाय कॅमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बाधित कर छोटे-बड़े होटल-रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन व्यवसायियों में खलबली मचा दी है। कंपनियों के इस कदम से आम घरेलू उपभोक्ताओं में भी घबराहट का महौल उत्पन्न हो गया है। आम नागरिकों को इस बात की चिंता है कि कंपनियों ने अभी कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बाधित की है, आने वाले दिनों में कही रसोई सिलेंडर पर बट्टा न लगा दें।

### कंपनियों और प्रशासन का नहीं मिल रहा साथ


मप्र पेट्रोप पंप ऑनर्स एसो. अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा एक ओर जहां डीलर यह संदेश दे रहा है कि स्टॉक पर्याप्त है, अतः आम जनता को पैनिक होने की जरूरत नहीं हैं तो वहीं दूसरी ओर सरकारी उपक्रम कही जाने वाली कंपनियां जनता को खुद पैनिक कर रही हैं। डीलर्स मौजूदा स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश में हैं, मगर कंपनियों और प्रशासन का साथ नहीं मिल रहा है।

### आपूर्ति बंद करना उचित नहीं : आरके गुप्ता


एलपीजी डीलर एसो.अध्यक्ष आरके गुप्ता ने कहा कि गैस के दाम में वृद्धि करने के बाद तीनों गैस कंपनियों द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पिछले दो दिनों से बंद कर दी गई है, कहा जा रहा है कि कंपनियां सिर्फ अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को सिलेंडर की सप्लाई देंगे। कंपनियों द्वारा बिना कोई प्लान के यह कदम उठाकर व्यावसाय जगत के साथ जनता में खलबली मचा दी है।

### कंपनियों द्वारा उत्पन्न आपातकालीन स्थिति


टेंट-केटरिंग एसो. मप्र संयोजक रामबाबू शर्मा ने कहा कि कपड़ा, रोटी, मकान के साथ ईंधन जैसे आवश्यक वस्तुएं हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। गैस कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप करके मानव अधिकारों का हनन किया है, वहीं सन 1979 की भांति स्थिति उत्पन्न कर दी है। जिसका टेंट, खाद्य पेय मिष्ठान विक्रेता संघ और होटल व्यवसायी संघ पुरजोर विरोध करता है।

### कारोबारियों के सामने संकट : पाली


भोपाल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि भोपाल सहित कई शहरों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई रुक गई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और शादियों का कैटरिंग काम ठप पड़ गया है भोपाल में 2,500 से अधिक होटल-रेस्टोरेंट पर इसका गहरा असर पड़ा है और शादी के सीजन में मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई और गेस्टहाउस संचालकों में खलबली : मोहन शर्मा


खाद्य पेय मिष्ठान विक्रेता संघ के अध्यक्ष मोहन शर्मा ने कहा कि सहालगी सीजन और ईद के मौके पर इन सिलिंडरों पर रोक से होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई और गेस्टहाउस संचालकों में खलबली मच गई है। शहर भर में हजारों रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें हैं। गैस कंपनियों के इस नए फरमान से होटल, रेस्टोरेंट संचालक परेशान हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि बड़े होटल, रेस्टोरेंट आधुनिक किचन में कोयले की भट्ठी कैसे जला पाएंगे।

### शादी पार्टी की भोजन व्यवस्था को लेकर वर-बधू पक्ष के परिवार चिंतित


फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने कहा कि अभी शादियों का सीजन चल रहा है, परंतु युद्ध होने के कारण कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता कम करने से केटरिंग बालों को शादी विवाह की पार्टी में भोजन की व्यवस्था करना असंभव हो जाएगा। रिंकू भटेजा के अनुसार प्रदेश में लगभग 25000 से 30000 शादियां प्रतिदिन आयोजित हो रही हैं, जिसमें लगभग ढाई लाख कमर्शियल सिलेंडर की आवश्यकता होगी। सिलेंडर की व्यवस्थाएं सुचारू न होने से वर एवं वधू पक्ष के परिवार काफी चिंतित हैं। फेडरेशन मांग करता है कि कमर्शियल सिलेंडर की व्यवस्था शीघ्र की जाए ताकि शादी पार्टियों में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930